बैशाख शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


शुक्रवार, 17 मई 2024
वर्ष 34, अंक 110, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com


कैनेडियन जंगलों की आग से अमेरिकी देश धुंए की चपेट में 16

ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में विलेन का किरदार निभाएंगे ऋतिक 15


## रेप पीड़िता किशोरी ने आरोपी को दी क्लीन चिट, अदालत ने सुना दी सजा

- अदालत ने डीएनए और एफएसएल नतीजों के आधार पर आरोपी को माना दोषी
- आरोपी को न्यायपालिका का मजाक उड़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने एक असाधारण फैसला सुनाते हुए लगभग दस साल पहले 12 वर्षीय एक लड़की के साथ बलात्कार करने के लिए एक व्यक्ति को दोषी ठहराया है। इस मामले में पीड़िता ने आरोपी को क्लीन चिट दे दी थी।

अदालत ने कहा कि डीएनए और एफएसएल नतीजों जैसे निर्णायक सबूत के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया जाता है। आमतौर पर यौन उत्पीड़न के मामलों में बलात्कार पीड़िता की गवाही को मुख्य सबूत माना जाता है और यदि पीड़िता आरोपी को क्लीन चिट दे देती है तो उसे संदेह का लाभ मिल जाता है और वह छूट जाता है। अक्टूबर 2014 में नाबालिग लड़की से हुए बलात्कार के इस मामले की सुनवाई कर रहे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत ने कहा, पीड़िता हालांकि इस तथ्य से मुकर गई कि आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये थे, लेकिन डीएनए और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के नतीजों से सच्चाई सामने आ गई है, जो कि एक निर्णायक सबूत है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पीड़िता ने पहले चिकित्सक, पुलिस और मजिस्ट्रेट को दिए अपने बयानों में कहा था कि आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। अदालत के समक्ष अपने चौथे बयान में वह मुकर गई और अभियोजन पक्ष के मामले का समर्थन नहीं किया। न्यायाधीश ने कहा कि अदालत का कर्तव्य सच्चाई का पता लगाना है और आरोपी व्यक्तियों को न्यायपालिका का मजाक उड़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## पांच मामलों में आजम समेत 12 पर आरोप तय

**रामपुर।** जौहर यूनिवर्सिटी के लिए किसानों की जमीन कब्जाने के पांच मामलों में गुरुवार को एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) कोर्ट ने सपा नेता आजम खां, उनके परिवार के चार सदस्यों और चमरौआ के सपा विधायक नसीर खां समेत 12 लोगों के खिलाफ आरोप तय कर दिए। अब इस मामले में 21 मई को सुनवाई होगी। कोर्ट ने आजम खां, आलेहसन, कुशलवीर, तंजीन फात्मा,अब्दुल्ला आजम ,अदीब आजम, निकहत अखलाक,जकी उर रहमान सिददकी, मुश्ताक अहमद सिददकी,फसीह जैदी और लेखपाल आनंदवीर सिंह पर आरोप तय कर दिए।

चारधाम यात्रा : भारी भीड़ को देखते हुए उत्तराखंड सरकार का निर्णय

## ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 19 मई तक बंद

- मंदिरों से 200 मीटर दूर से मोबाइल रहेंगे प्रतिबंधित
- मुख्यमंत्री की श्रद्धालुओं से अपील, तय तिथि पर ही करें यात्रा
- मुख्यमंत्री धामी ने की चारधाम यात्रा की व्यवस्था की समीक्षा

ब्यूरो, देहरादून



**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ और उसके चलते हो रही दिक्कतों के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को चारधाम यात्रा व्यवस्था की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा राज्य की लाइफ लाइन है, यात्रा में मानकों का अनुपालन किया जाए। उन्होंने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि वे रजिस्ट्रेशन तिथि के अनुसार ही यात्रा करें। चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसके चलते व्यवस्थाएं चरमराने लगी हैं। गुरुवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा व्यवस्था की समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी अनुरोध किया कि वे चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन के अनुसार जो तिथि मिली है, उसके अनुसार ही दर्शन के लिए आएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारों धामों में 31 मई तक वीआईपी दर्शन की व्यवस्था स्थगित रखी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारों धामों में प्रतिदिन के लिए जो क्षमता निर्धारित की गई है, उसके अनुसार ही यात्रियों को दर्शन के लिए भेजा जाए। रजिस्ट्रेशन की व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाया जाए। श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा हेतु रजिस्ट्रेशन होने पर ही चेक प्वाइंट से आगे जाने दें। उन्होंने कहा कि 17 से 19 मई तक तीन दिन ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन रोका जाए।

चारधाम के सभी मार्गों के एंट्री प्वाइंट एवं विकासनगर, यमुना पुल क्षेत्र, धनौल्टी, सुवाखोली में भी सख्ती से चेकिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि चारों धाम में मंदिर से 200 मीटर तक मोबाइल प्रतिबंधित रहेंगे।






## ऐसा प्रधानमंत्री चुनने का मौका जिस पर दुनिया रौब न जमा सके : मोदी

### प्रधानमंत्री ने पूर्वांचल में कई चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया

- बोले-अगले पांच साल में बदल देंगे पूर्वांचल की तस्वीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह चुनाव देश के लिए एक ऐसा प्रधानमंत्री चुनने का अवसर है जिस पर दुनिया रौब न जमा सके। एक ऐसा प्रधानमंत्री, जो एक दमदार सरकार चलाए और भारत के दम-खम से दुनिया को परिचित करवाए। गुरुवार को उत्तर प्रदेश में चार जनसभाएं करते हुए प्रधानमंत्री ने सभी जगहों पर अलग-अलग मुद्दे उठाए।

प्रधानमंत्री मोदी जौनपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह और मछलीशहर (आरक्षित) के बीपी सरोज के समर्थन में टीडी कालेज मैदान में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने भोजपुरी में अपना भाषण शुरू करते हुए सभी को आश्वस्त किया कि आने वाले पांच साल में मोदी और योगी पूर्वांचल की तस्वीर और तकदीर बदलने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने जय श्री राम, हर हर मोदी के नारों के बीच



जौनपुर में भाजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह के समर्थन में जनसभा के दौरान गदा लेकर लोगों का उत्साह बढ़ाते प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

कहा आपका यह उत्साह दिखाता है कि आप लोगों ने उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन वालों के लिए एक सीट भी जीतना मुश्किल कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि चार जून को मतगणना के बाद जौनपुर में इतनी इमरती बंटेगी कि सारे रिकॉर्ड टूट जाएंगे।

जौनपुर के अलावा प्रधानमंत्री ने गुरुवार को पूर्वांचल के आजमगढ़, भदोही, प्रतापगढ़ जिले में भी जनसभाओं को संबोधित किया और सभी जगह उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की भी काफी प्रशंसा की। इस कड़ी में उन्होंने उत्तर प्रदेश में माफिया के सफाए के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े बदलाव का श्रेय योगी को देते हुए पूर्वांचल को विकसित भारत का नया ग्रोथ इंजन करार दिया। आजमगढ़ पहुंचकर मोदी ने कहा कि कांग्रेस और सपा की सरकारों ने सीएए के नाम पर झूठ का पहाड़ खड़ा कर दिया। इन लोगों ने सात दशकों तक हिंदू-मुसलमान किया। ये दल कह रहे हैं कि जब मोदी जाएगा तो सीएए को भी हटा दिया जाएगा, लेकिन मैं कहता हूं कि इस देश में अब कोई माई का लाल ऐसा नहीं है, जो सीएए को खत्म कर सके। प्रधानमंत्री ने भदोही में कहा, मैं काशी वाला हूं और भदोही अपना ही घर है। मुझे पक्का विश्वास है कि आप वोट देकर भाजपा प्रत्याशी को दिल्ली भेजने वाले हैं। इसी क्रम में मोदी ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां लोग पूछ रहे हैं कि भदोही में टीएमसी कहां से आ गई।

### चार जून के बाद होगा खटाखट-खटाखट

प्रधानमंत्री ने प्रतापगढ़ में राहुल गांधी के खटाखट वाले बयान पर तंज कसा। कहा, शहजादों (राहुल-अखिलेश) को न मेहनत की आदत है और न ही नतीजे लाने की, इसलिए ये कहते हैं देश का विकास अपने आप होगा। उन्होंने कहा, ये सोचते हैं कि भारत आत्मनिर्भर अपने आप बन जाएगा और पूछो तो कहते हैं- खटाखट-खटाखट। चार जून के बाद इंडिया गठबंधन टूटकर बिखर जाएगा खटाखट-खटाखट। बलि के बकरे को खोजा जाएगा खटाखट-खटाखट। शहजादे चाहे लखनऊ वाले हों या दिल्ली वाले, गर्मी की छुट्टियों पर विदेश निकल जाएंगे खटाखट-खटाखट। दरअसल, तीन दिन पहले राहुल ने झांसी में कहा था- महिलाओं के खाते में हर साल 1 लाख रुपये भेजे जाएंगे। यानी महीने 8500 रुपया खाते में खटाखट-खटाखट जाएगा।

## भाजपा सत्ता में आई तो आरक्षण खत्म, योगी नहीं रहेंगे मुख्यमंत्री

### दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दोहराया अपना दावा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को लखनऊ पहुंचे। यहां समाजवादी पार्टी मुख्यालय में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ एक संयुक्त पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने दोहराया कि भाजपा अगर केन्द्र की सत्ता में आई तो आरक्षण खत्म कर देगी, संविधान तार-तार हो जाएगा। इसी के साथ यह दावा भी फिर दोहराया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमित शाह को अपना वारिस बना देंगे। वहीं उनकी सरकार अगर बनी तो दो-तीन महीने बाद योगी आदित्यनाथ से उप्र. के मुख्यमंत्री की कुर्सी छीन लेंगे।

अपनी दावों को तर्क देते हुए केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ समय से इन्होंने (भाजपा) हल्ला मचाया हुआ था। 400 पार सीटें चाहिए। ये लोग कहते थे कि मोदी कुछ बड़ा काम करना चाहते हैं। अंदर से पता कराया तो मालूम हुआ कि ये लोग आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। संघ और भाजपा शुरू से ही आरक्षण के खिलाफ रही है। ये संविधान को तार-तार करना चाहते हैं। वहीं, शाह के उत्तराधिकारी बनने के पीछे तर्क दिया कि मोदी अपने ही तयशुदा नियमों के तहत 75 साल के होते हुए पद छोड़ देंगे। यानि 17 सितम्बर को उम्र के इस पायदान पर पहुंचते ही वह शाह को अपनी कुर्सी सौंप देंगे। योगी वाले बयान के पीछे तर्क दिया कि शाह के रास्ते में जो नेता बाधा बने उन्हें हटा दिया गया।

जैसे- शिवराज सिंह, वसुंधरा राजे। अब एक ही शख्स बचे हैं, जो पीएम मोदी की राह का कांटा बन सकते हैं, वो हैं योगी आदित्यनाथ। उन्हें हटाने का मन बना लिया है। अगर चुनाव जीतते हैं, तो उन्हें 2-3 महीने में हटा दिया जाएगा। इस लोस चुनाव में केजरीवाल का यह पहला उप्र. दौरा था। आप सांसद संजय सिंह भी उनके साथ रहे।

### भाजपा चार चरणों में चारों खाने चित : अखिलेश

अखिलेश यादव ने कहा कि जो देश का माहौल है, भाजपा चार चरणों में चारों खाने चित्त हो गई। अब वह स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि 143 सीटों से ज्यादा नहीं जीत रहे हैं। 140 करोड़ जनता इनको 140 सीटों के नीचे पहुंचा देगी। यह यूपी, दिल्ली और पंजाब की 99 सीटों पर ही उलझ के रह गए हैं। यहां सबसे बड़ी हार भाजपा की होने जा रही है।



### जेल जाकर केजरीवाल की बुद्धि फिर गई : योगी

**बांदा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अरविंद केजरीवाल के बयानों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की बुद्धि जेल जाने के बाद फिर गई है। अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने वाले केजरीवाल अब मेरा नाम लेकर बातें कर रहे हैं। योगी ने कहा कि अन्ना ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया था, केजरीवाल ने उसे ही अपने गले का हार बना लिया है। योगी गुरुवार को यहां तिंदवारी में हमीरपुर-महोबा लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां से पार्टी प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के लिए वोट करने की अपील की।

## एक नजर

### बंगाल में 10 स्थानों पर आईटी की छापेमारी

**कोलकाता।** आयकर (आईटी) अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में कोलकाता के दक्षिण से लेकर उत्तरी हिस्सों तक 10 स्थानों पर छापे मारे और लगभग 55 लाख रुपये जब्त किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आईटी अधिकारी बुधवार से शहर के कुछ हिस्सों में तलाशी अभियान चला रहे हैं, जिनमें दक्षिण में गरियाहाट, मध्य भाग में एस्प्लेनेड और उत्तर में शोभा बाजार शामिल हैं।

### जैश के शीर्ष आतंकी की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** एनआईए ने पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक शीर्ष सदस्य की सात अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। आतंकवादी सरताज अहमद मंटू की जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के किसरीगाम में 19 मरला और 84 वर्ग फुट की भूमि और संपत्तियों को बुधवार को कुर्क कर लिया गया।

## कस्टडी में युवक की हुई मौत, पूरी चौकी निलंबित

- पुलिसकर्मियों पर पांच लाख रुपये मांगने का आरोप
- डीजीपी ने मामले की जांच व कार्रवाई की बात कही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नोएडा

**अमृत विचार :** नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र की चिपियाना चौकी में पुलिस कस्टडी में एक युवक की मौत के बाद पुलिस कमिश्नर ने गुरुवार को पूरी चौकी निलंबित कर दी।

मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि उसके भाई को छोड़ने के लिए चौकी इंचार्ज सहित अन्य पुलिसकर्मी पांच लाख रुपये मांग रहे थे। 50 हजार रुपये उसने शाम को ही दे दिया था। हिरासत में लिए गए युवक ने फंदे पर लटककर खुदकुशी की या कुछ और कारण है। इसे लेकर डीजीपी ने जांच कर कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। मृतक योगेश के भाई जितेंद्र ने बताया कि योगेश चिपियाना की एक बेकरी में काम करता था। उसकी एक सहकर्मी ने चौकी पर योगेश के खिलाफ शिकायती पत्र दिया था, योगेश को पुलिस चौकी पर बुलाया गया था। न पहुंचने पर कई पुलिसकर्मी पहुंचे और उसे चौकी ले आए। उसे जब पता चला तो वह भाई योगेश को छुड़ाने के लिए चौकी पहुंचा।

## केजरीवाल के सहयोगी के खिलाफ प्राथमिकी

- स्वाती मालीवाल मारपीट मामला

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से कथित 'मारपीट' के संबंध में बृहस्पतिवार को एक प्राथमिकी दर्ज की और उनके निजी सहायक विभव कुमार को आरोपी बनाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह प्राथमिकी महिलाओं के खिलाफ हिंसा के अपराध से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत दर्ज की गई। मालीवाल द्वारा कई पन्नों की शिकायत दर्ज कराने के बाद रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

## 24 लाख का कर्ज चुकाने को अजीत ने की थी 6 की हत्या

सीतापुर सामूहिक हत्याकांड

- भाई-भाभी ,अपनी मां व तीन बच्चों की हत्या की बात अजीत ने स्वीकारी

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** रामपुर मथुरा इलाके के पाल्हापुर सामूहिक हत्याकांड में हुई छह मौतों के राज पर पुलिस ने अमृत विचार की प्रकाशित खुलासे की खबर पर मुहर लगा दी। सीतापुर पुलिस लाइन सभागार में आईजी रेंज, लखनऊ तरुण गाबा ने घटना का खुलासा करते हुए वारदात के मास्टरमाइंड मृतक के भाई अजीत को मुख्य आरोपी बताकर घटना को सुनियोजित तरीके से अंजाम देने की बात कही है। पुलिस ने मौका-ए-वारदात पर मिले हथौड़े पर मौजूद फिंगरफ्रिंट और असलहे की बैलेस्टिक रिपोर्ट के साथ अजीत के इकबालिया जुर्म के आधार पर उसे कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया। आईजी के अनुसार इस जघन्य हत्याकांड के पीछे पिता के नाम पर किसान क्रेडिट कार्ड पर लिए गये 24 लाख रुपये को बैंक में जमा करने को लेकर आपसी विवाद है। इसी वजह से अजीत ने सभी 6 हत्याएं की है। अजीत ने पुलिस को बताया कि उसने 11 मई की रात करीब 2 बजे इस पूरी घटना को अंजाम दिया।

पुलिस लाइन सभागार में गुरुवार को प्रेसवार्ता के दौरान आईजी रेंज लखनऊ तरुण गाबा सहित पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से वारदात के खुलासे पर अहम बिंदुओं को सामने रखा। आईजी ने बताया कि पुलिस टीम की जांच पड़ताल और विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों से यह साफ हो गया कि मृतक अनुराग के भाई अजीत ने ही किसान क्रेडिट कार्ड के 24 लाख रुपये जमा करने को लेकर चल रहे विवाद को लेकर सामूहिक हत्याकांड की स्क्रिप्ट लिखी। आईजी ने बताया कि अजीत को चौथे चरण के मतदान को लेकर मृतक अनुराग और उसके परिवार के सदस्यों का गांव में मतदान से पहले पहुंचने की जानकारी थी। इसे देखते हुए अजीत ने 11 मई की रात को नशे की गोलियां खाने में मिलाकर मां और बच्चों को गहरी नींद में सुला दिया। भाभी प्रियंका और भाई अनुराग की हत्या की योजना भी बना चुका था। रात में जब सभी सो गए तब अजीत ने पूरे घर की बिजली काट दी। गर्मी के चलते जब घर के सदस्य बाहर आने लगे तो अजीत ने सबसे पहले भाभी प्रियंका व मां सावित्री और बाद में भाई अनुराग को गोली मारी। इसके बाद अजीत ने तीनों बच्चों को बारी-बारी से ले जाकर छत से नीचे फेंक दिया। फिर नीचे आकर उन तीनों बच्चों के पास उनकी मौत होने तक बैठा रहा। छहों की सांस बंद होने के बाद फिर घर के अंदर चला गया। यही नहीं, अजीत ने पुलिस को स्वयं ही घटना का वादी बनकर मृतक भाई के खिलाफ हत्या का रिपोर्ट भी दर्ज करा दिया।

## गले में टॉफी फंसने से बच्चे की मौत

**शाहबाद (रामपुर)।** सभासद के चार साल के बेटे के गले में टॉफी अटकने से उसकी हालत बिगड़ गई। बच्चे ने दुकान से खरीदकर टाफी खाई जो गले में फंस गई। सांस लेने में दिक्कत होने पर लोगों ने परिजनों को सूचित किया। आनन-फानन परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां उसने दम तोड़ दिया। मोहल्ला जिलेदरान वार्ड नंबर आठ से इकबाल खां की पत्नी अंजुम सभासद हैं। गुरुवार की सुबह उनका चार वर्षीय बेटा हमजा दुकान से टॉफी लेने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खाते समय हमजा के गले मे टॉफी अटक गई। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में बालक को सीएचसी ले आए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## केजरीवाल को अंतरिम बेल अपवाद नहीं

- फैसले के आलोचनात्मक विश्लेषण का स्वागत : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देना कोई अपवाद नहीं है और इस फैसले के 'आलोचनात्मक विश्लेषण' का स्वागत है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दी गई अंतरिम जमानत(बेल) के संबंध में दिए गए कुछ बयानों पर ईडी और केजरीवाल के वकील के दावों तथा जवाबी दावों पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि हमने किसी के लिए अपवाद स्वरूप कुछ नहीं किया है। हमने अपने आदेश में वही कहा, जो हमें न्यायोचित लगा। ईडी की ओर से सॉलसिटर जनरल तुषार मेहता ने चुनावी रैलियों में दिए गए केजरीवाल के इन भाषणों पर विरोध जताया कि अगर जनता आप को वोट देती है तो उन्हें दो जून को जेल वापस नहीं जाना पड़ेगा। पीठ ने मेहता से कहा कि यह उनका मानना है। शीर्ष अदालत गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की मुख्य याचिका पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले में केजरीवाल को एक जून तक अंतरिम जमानत दी थी।

### केजरीवाल के खिलाफ जल्द चार्जशीट : ईडी

ईडी ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि वह जल्द ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में आरोप पत्र दाखिल करेगा।

### 2 जून को करना होगा आत्मसमर्पण

सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत पर 10 मई को रिहा हुए केजरीवाल के बयान अगर लोगों ने झाड़ू को वोट दिया तो मुझे वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा पर ईडी की आपत्ति पर कहा कि उन्हें दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा।

## बंगाल-पंजाब में ओबीसी कोटा बढ़ाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने पंजाब और पश्चिम बंगाल में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए रोजगार में आरक्षण कोटा बढ़ाने की सिफारिश की है। वर्तमान में पंजाब में कुल 37 प्रतिशत आरक्षण है, जिसमें 25 प्रतिशत एससी को और 12 प्रतिशत ओबीसी को दिया गया है। एनसीबीसी ने ओबीसी के लिए 13 प्रतिशत अतिरिक्त आरक्षण की सिफारिश की है। पश्चिम बंगाल में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण कोटा क्रमशः 22 प्रतिशत, छह और 17 प्रतिशत है। एनसीबीसी का कहना है कि ओबीसी कोटा शेष पांच प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है।

## कोविशील्ड के बाद अब कोवैक्सीन का भी दुष्प्रभाव

### अध्ययन में दावा : कोवैक्सीन लगवाने वाले 30 % से अधिक लोगों को एक साल बाद हुईं स्वास्थ्य समस्याएं

नई दिल्ली, एजेंसी




- श्वास संबंधी संक्रमण और मस्तिष्काघात की भी शिकायत

काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के शोधकर्ताओं की एक दल द्वारा किए गए एक साल के अध्ययन में दावा किया गया कि भारत बायोटेक के कोविड रोधी टीके ''कोवैक्सीन'' लगवाने वाले लगभग एक-तिहाई व्यक्तियों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शोधकर्ताओं ने इन स्वास्थ्य समस्याओं को 'विशेष रुचि वाली प्रतिकूल घटनाओं' या एईएसआई की संज्ञा दी है। अध्ययन में भाग लेने वाले 926 प्रतिभागियों में से लगभग 50 प्रतिशत लोगों ने शिकायत की है कि उन्हे कोवैक्सीन लगवाने के बाद श्वास संबंधी संक्रमण का सामना करना पड़ा है। यह संक्रमण उनके श्वसन तंत्र के ऊपरी हिस्से में हुआ।

अध्ययन में दावा किया गया कि कोवैक्सीन लगवाने वाले एक प्रतिशत व्यक्तियों ने एईएसआई की शिकायत की, जिसमें मस्तिष्काघात एवं गिलियन-बर्र सिंड्रोम से ग्रसित हुए। इस सिंड्रोम में लोगों के पैरों का सुन्न होना शुरू होता है तथा यह लक्षण शरीर के अन्य अंगों में फैलने लगता है।

पत्रिका स्प्रिंगर नेचर में प्रकाशित यह अध्ययन ब्रिटेन की फार्मास्युटिकल दिग्गज एस्ट्राजेनेका द्वारा ब्रिटेन की अदालत में यह स्वीकार करने के बाद आया कि कोविशील्ड से खून के थक्के जम सकते हैं और प्लेटलेट काउंट कम हो सकते हैं। बीएचयू (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) के शोधकर्ताओं द्वारा जनवरी 2022 से अगस्त 2023 तक किए गए अध्ययन में बताया गया कि कोवैक्सीन लगवाने के बाद लगभग एक तिहाई व्यक्तियों ने एईएसआई की शिकायत की, जिसमें उन्हें त्वचा से संबंधित बीमारी, सामान्य विकार और तंत्रिका तंत्र से संबंधित बीमारियों का सामना करना पड़ा। खासकर किशोरों को ये समस्याएं हुईं। शोध में 635 किशोर और 391 वयस्क शामिल थे।

### महिलाओं में मासिक धर्म की असामान्यताएं

अध्ययन में यह भी दावा किया गया कि कोवैक्सीन लगवाने के बाद 4 .6 प्रतिशत महिलाओं में मासिक धर्म संबंधी असामान्यताएं देखी गईं। इसमें यह भी बताया गया कि चार व्यस्कों की भी मौत हुई। इन चारों को मधुमेह था, जबकि तीन को उच्च रक्तचाप था और उनमें से दो लोगों ने कोवैक्सिन टीका लगवाया हुआ था।

## एक नजर

### शत प्रतिशत मतदान करने की अपील

अमृत विचार, लखनऊ: इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र ने कर्मचारियों से अपील की है कि अपनी ताकत दिखाने के लिए लोकसभा निर्वाचन में परिवार सहित वोट अवश्य करें। यदि चुनाव ड्यूटी लगी है तो बैलेट पेपर से अवश्य वोट दें। परिवार से भी कहें कि मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि जो उम्मीदवार इप्सेफ की मांगों को पूरा करने का वादा करें उसी को वोट दें।

### 21 लाख के गांजा के साथ दो गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ: एसटीएफ ने गाजीपुर जिले के जंगीपुर से अंतर्राज्यीय स्तर पर गांजा सप्लाई करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को 21 लाख रुपये के गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों तस्करों में एक आजमगढ़ तो दूसरा गाजीपुर का निवासी है। एसटीएफ के डीएसपी प्रमेश शुक्ला ने बताया कि विगत कुछ दिनों से एसटीएफ को असम, उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश आदि राज्यों से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी। इस दौरान एसटीएफ की एक टीम गाजीपुर पहुंची। टीम को सूचना मिली कि कुछ लोग असम राज्य से गांजे की बड़ी खेप लेकर ट्रक से आजमगढ़ पहुंचने वाले हैं। एसटीएफ ने शक के आधार पर जंगीपुर के पास एक ट्रक को रोककर तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में गांजा छिपाकर रखा गया था। गांजे के साथ मौके पर मिले दो तस्करों ने पूछताछ में बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जो बड़े पैमाने पर मादक पदार्थ (गांजा) की तस्करी करता है।

# छठे चरण में धनबलियों की भरमार 162 में 59 उम्मीदवार करोड़पति

## इस चरण के चुनाव में सबसे धनवान प्रत्याशी भाजपा की मेनका गांधी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** छठे चरण के चुनाव में सबसे धनवान प्रत्याशी भाजपा की मेनका गांधी हैं और सबसे ज्यादा आपराधिक मुकदमे सपा के बाबू सिंह कुशवाहा पर हैं। चुनाव लड़ने वाले 162 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच में 59 उम्मीदवार करोड़पति हैं। 38 प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, इनमें 21 पर गंभीर मामले हैं।

उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा 14 निर्वाचन क्षेत्रों के नामांकनों पत्रों की जांच रिपोर्ट के आधार पर करोड़पति प्रत्याशियों में भाजपा सबसे आगे है, उसके सभी 14 उम्मीदवार करोड़पति हैं। जिनकी औसतन संपत्ति लगभग 28 करोड़ हैं। दूसरे नंबर पर सपा के 12 में 11 करोड़पति प्रत्याशियों के आधार पर औसतन संपत्ति 13 करोड़ हैं। वहीं, बसपा के 14 में से 9 प्रत्याशी करोड़पति हैं, औसतन संपत्ति चार करोड़ है।




- कुल 38 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले
- सपा के बाबू सिंह कुशवाहा पर 25 मामले दर्ज

### अनपढ़ प्रत्याशी नहीं

छठे चरण में कोई प्रत्याशी असाक्षर या अनपढ़ नहीं है। उच्च शिक्षित उम्मीदवार सबसे ज्यादा 105 हैं, 5वीं और 12वीं के बीच शिक्षा ग्रहण करने वाले 51 प्रत्याशी हैं। डिप्लोमा धारक तीन प्रत्याशी हैं और तीन उम्मीदवार मात्र साक्षर हैं।

### सबसे गरीब प्रत्याशी

छठे चरण में प्रतापगढ़ से एसयूसीआई (सी) के प्रत्याशी राम कुमार यादव के पास मात्र 1686 रुपए हैं, दूसरे नंबर पर मछली शहर से निर्दलीय प्रत्याशी सुबास के पास मात्र 10 हज़ार रुपये और तीसरे नंबर पर मछली शहर से ही समाज परिवर्तन पार्टी की प्रत्याशी उर्मिला ने अपनी कुल संपत्ति 34 हज़ार रुपये बताई है।

धनवान प्रत्याशियों की बात करें तो सुल्तानपुर से भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी हैं। जिनकी संपत्ति लगभग 97 करोड़ के आसपास है। फूलपुर से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे प्रवीन पटेल के पास करीब 64 करोड़ रुपये की संपत्ति है। वहीं, प्रतापगढ़ से सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह पटेल के पास लगभग 46 करोड़ के आसपास की संपत्ति है।

### आपराधिक इतिहास वाले प्रत्याशी भी कम नहीं

छठे चरण के 38 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। कई पर तो गंभीर धाराओं में मुकदमे हैं। जौनपुर लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा पर 25 आपराधिक मामले दर्ज हैं। बसपा सरकार में मंत्री रहे बाबू सिंह का एनएचएम घोटालों में नाम आया था, जिसके बाद मायावती ने पार्टी से उन्हें निष्कासित कर दिया था। यूपी इलेक्शन वॉच एडीआर संजय सिंह ने बताया कि दूसरे नम्बर पर सुल्तानपुर सीट से सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद पर आठ मामले दर्ज हैं। वहीं, तीसरे नंबर पर मोइनुद्दीन अहमद खान जो बसपा से श्रावस्ती के उम्मीदवार हैं, उनके ऊपर 10 मुकदमे पंजीकृत हैं। दलवार देखें तो बसपा के कुल चार प्रत्याशियों पर, भाजपा के छह, सपा के नौ प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### 27 प्रत्याशी 60 वर्ष से ज्यादा 10 महिला प्रत्याशी मैदान में

छठे चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, सन्तकबीर नगर, लालगंज (सु.), आजमगढ़, जौनपुर, मछली शहर (सु.) और भदोही में चुनाव है। इन सीटों पर कुल 162 प्रत्याशियों में मात्र 10 महिलाएं हैं और 61 से 80 साल की आयु के प्रत्याशियों की संख्या 27 है। वहीं, 25 से 40 वर्ष के बीच के 60 प्रत्याशी, सबसे ज्यादा उम्मीदवार 41 से 60 साल के बीच के हैं, जिनकी संख्या 75 है।



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार। अमृत विचार

# महंगाई-बेरोजगारी पर जवाब दे केंद्र सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार बोले, देश में अमन चैन के लिए इंडी गठबंधन की सरकार बनना जरूरी

**अमृत विचार :** कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के भीतर देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है, इस पर केंद्र की भाजपा सरकार लोगों के समक्ष अपना जवाब पेश करे। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में देश का माहौल बिगड़ गया है, इसलिए अमन चैन स्थापित करने के लिए इंडी गठबंधन की सरकार बनना जरूरी है। उप मुख्यमंत्री गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा की महंगाई-बेरोजगारी ने सुरसा का रूप ले लिया है। कर्नाटक में सरकार बनने के बाद से हर माह 10 किलो अनाज गरीब परिवारों को दिया जा रहा है। गृह लक्ष्मी योजना के अंतर्गत एक करोड़ 20 लाख महिलाओं को दो हजार रुपये प्रति माह दिया जा रहा है। एक करोड़ 50 लाख परिवारों को 200 यूनिट फ्री बिजली दी जा रही है। यहां बेरोजगारों को तीन हजार रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता मिल रहा है। प्रदेश की महिलाओं को मुफ्त में बस यात्रा उपलब्ध कराई जा रही है। कर्नाटक की आबादी 6.7 करोड़ है। 52,000 करोड़ रुपये विकास कार्यों पर खर्च हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी और पार्टी ने घोषणा पत्र में जो गारंटी दी है, उसे लागू किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नाटक से राज्यसभा सदस्य सी चंद्रशेखर, राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय, नेशनल कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी, चित्रा बाथम आदि मौजूद रहे।

### सपा विधायक पर लगा पांच हजार का हर्जाना

विधि संवाददाता, लखनऊ: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने समाजवादी पार्टी से प्रतापगढ़ के रानीगंज क्षेत्र के विधायक राकेश कुमार वर्मा पर 5 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है। यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर की एकल पीठ ने रानीगंज से ही भाजपा प्रत्याशी रहे अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा की निर्वाचन याचिका पर पारित किया है। दरअसल अभय कुमार ने राकेश कुमार वर्मा के 2022 विधान सभा चुनाव में रानीगंज से विधायक निर्वाचित किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी हुई है। उनके अधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी की दलील थी कि राकेश कुमार वर्मा ने अपने हलफनामे में अपने आपराधिक इतिहास की जानकारी छिपाई। साथ ही उम्र संबंधी तथ्य भी गलत लिखे। गुरुवार को सुनवाई में राकेश कुमार वर्मा के अधिवक्ता ने सुनवाई टालने की अपील की। न्यायालय ने पाया कि पूर्व में कई अवसरों पर भी राकेश कुमार वर्मा की ओर से सुनवाई टालने का अनुरोध किया जा चुका है।




राजधानी स्थित राजाजीपुरम में चुनावी जनसभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

# विकास के पथ पर बढ़ रहा प्रदेश : राजनाथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आम आदमी पार्टी के नेता जेल की यात्रा से आए हैं, जेल के साइड इफेक्ट के कारण कर रहे हैं भविष्यवाणी : योगी

**अमृत विचार :** 'प्रदेश के विकास की पहली शर्त होती है कि वहां की कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था में सुधार होने के बाद प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।' रक्षामंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को राजाजीपुरम में आयोजित सभा के दौरान उक्त बात कहीं।

उन्होंने कहा कि सपा-बसपा की सरकार में विकास की सिर्फ बातें होती थी और धरातल पर कुछ नहीं दिखता था। विकास के कारण यूपी की चर्चा अब दूसरे प्रदेशों में भी होने लगी है। रक्षामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का निर्माण तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश भारत के लिए कभी अच्छी बात नहीं सोचता है मगर वहां के एक सांसद ने कहा कि भारत महाशक्ति बन रहा है और पाकिस्तान दुनिया के आगे हाथ फैलाकर खड़ा है। देश ने 31000 करोड़ के रक्षा उपकरणों का निर्यात किया है। देश में सबसे ज्यादा संविधान में बदलाव कांग्रेस ने किए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे देश में एक ही नारा गूंज रहा है कि अबकी बार चार सौ पार। उन्होंने आम आदमी पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनके नेता अभी जेल से बाहर आए हैं। जेल का साइड इफेक्ट होने के कारण ही भविष्यवाणी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास हो रहा है वहीं गरीब कल्याणकारी योजनाओं के नए कीर्तिमान बन रहे हैं। कोरोना जैसी महामारी के बाद भी प्रधानमंत्री के प्रबंधन के कारण हालात नहीं बिगड़े। देश के 80 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है और कोई विधायक, सांसद या पदाधिकारी मुझे पत्र लिखता है कि आयुष्मान कार्ड न होने के कारण किसी व्यक्ति का पैसा इलाज में खर्च हो रहा है तो मैं सीधे उसके खाते में धनराशि भेजता हूं। सभा में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, लोकसभा संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा, मेयर सुषमा खर्कवाल, अंजनी श्रीवास्तव, भारत डांगर, शंकर लाल लोधी, मनीष दीक्षित, जितेंद्र सिंह, रमेश तूफानी, अनुराग मिश्रा सत्येंद्र सिंह, दिवाकर त्रिपाठी, राघवेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### राज्यसभा सांसद से अभद्रता के आरोपी पर कार्रवाई करे आप



अमृत विचार, लखनऊ: बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोशल मीडिया पर आम आदमी पार्टी (आप) की महिला राज्य सभा सांसद के साथ दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास पर होने वाली अभद्रता को लेकर इंडी गठबंधन व अन्य पार्टियों को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के मामले में इंडी गठबंधन के नेताओं को दोहरा मापदंड नहीं अपनाना चाहिए, बसपा के शीर्ष से सबक लेते हुए कार्रवाई करनी चाहिए। मायावती ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए गुरुवार को कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व उत्पीड़न के साथ किसी भी नेता द्वारा कोई भी गलत कार्य करने पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिये। मुख्यमंत्री आवास में घटित अभद्रता के गंभीर मामले में दोषी के विरुद्ध अब तक कार्रवाई न होना ही अनुचित है। ऐसे में सभापति व महिला आयोग को भी इस घटना पर समुचित संज्ञान लेने की जरूरत है।

# मेरे लिये नेशन फर्स्ट, हिंदू धर्म के लिए सत्ता को ठुकरा सकता हूं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लालगंज, कौशाम्बी, हमीरपुर और फतेहपुर लोकसभा सीटों के लिए योगी ने किया प्रचार



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में कई जिलों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने फतेहपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के लोगों को यहां जनसभा में जनता नहीं मिल रही, तो वह प्रेस कॉन्फ्रेंस तक सीमित हो चुके हैं। जनता भी कह रही है कि भैया आप लोग घर में ही ठीक हैं। यहां योगी ने केजरीवाल को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि केजरीवाल मेरा नाम लेने लगे हैं, मगर मैं तो एक योगी हूं और मेरे लिये नेशन फर्स्ट है। मैं देश, सनातन और हिंदू धर्म के लिए एक बार नहीं बल्कि 100 जन्म लेकर भी सत्ता को ठुकरा सकता हूं।

योगी ने जहां आजमगढ़ और लालगंज लोकसभा सीट पर प्रधानमंत्री के साथ प्रचार अभियान में साथ दिया। वहीं कौशाम्बी, हमीरपुर-महोबा और फतेहपुर सीटों पर खुद चुनाव प्रचार करते हुए कांग्रेस, सपा, बसपा और आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। योगी ने सपा, कांग्रेस को ललकारते हुए कहा कि आजमगढ़ को बदनाम करने वाले लोग आज बेनकाब हो चुके हैं। वहीं कौशाम्बी में उन्होंने सपा-कांग्रेस के गठबंधन को नरकगामी और पाप का प्रतीक बताया। हमीरपुर-महोबा सीट की रैली में योगी के निशाने पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रहे। योगी के मुताबिक, केजरीवाल ने अन्ना हजारे के सपनों को तोड़ने का पाप किया है। फतेहपुर में योगी ने कहा कि सपा के लोगों को जनसभा में जनता नहीं मिल रही, तो वह प्रेस कॉन्फ्रेंस तक सीमित हो चुके हैं। जनता भी कह रही है कि भैया आप लोग घर में ही ठीक हैं।

### पहले हर एक व्यक्ति पर सुरक्षा का था खतरा

आजमगढ़ के लालगंज में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि देश 10 वर्ष पहले पहचान और विश्वास के संकट से जूझ रहा था। हर एक व्यक्ति पर सुरक्षा का खतरा मंडरा रहा था। कौशांबी लोकसभा क्षेत्र के मंझनपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर के लिए अधिक से अधिक मतदान की अपील की।

### नर्सिंग व पैरामेडिकल की परीक्षा में शामिल होने के लिए 22 तक आखिरी मौका

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग व पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थानों में जून माह से होने वाली मुख्य वार्षिक परीक्षाओं के लिए छात्र-छात्राओं के प्रवेश जारी हो चुके हैं।

उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव ने सभी कॉलेज प्रबन्धकों को निर्देश देते हुए कहा कि कॉलेजों द्वारा जिन छात्र-छात्राओं का शुल्क जमाकर विवरण अपलोड कर दिया गया था, उन सभी के प्रवेश पत्र जारी किये गए हैं। अगर किसी भी अभ्यर्थी का त्रुटि व तकनीकी कारणों से प्रवेश पत्र जारी नहीं हुआ है, वह 22 मई 2024 तक त्रुटि संशोधित कराकर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद संशोधन का मौका नहीं मिलेगा। मालूम हो कि जून माह मे जीएनएम, एएनएम व लैब टेक्नीशियन, रेडियोथेरेपी व फार्मेसी आदि पाठ्यक्रमों की प्रथम, दितीय व तृतीय वर्ष की पूरक परीक्षाएं होनी हैं।

### महाकुंभ 2025 की तैयारी समय पर पूरी की जाए : अमृत अभिजात

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि महाकुंभ 2025 की तैयारी समय पर पूरी की जाय। प्रमुख सचिव गुरुवार को प्रयागराज में रोड सौंदर्यकरण, लाइटिंग, वाल पेंटिंग्स, मूर्तियों की स्थापना, सिग्नागेस और हॉर्टिकल्चर परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। प्रयागराज में रोड सौंदर्यकरण, लाइटिंग, वाल पेंटिंग्स, मुख्य चौराहों पर मूर्तियों की स्थापना, साइनेज और हॉर्टिकल्चर के लिए प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि रोड, पेंटिंग्स, साइनेज और लाइटिंग को एक ही थीम में करते हुए कार्य की गुणवत्ता के साथ कार्य समय सीमा में पूरा किया जाय। उन्होंने कहा कि महाकुंभ मेला 2025 एक भव्य आयोजन होगा और इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रयागराज शहर को सुंदर और आकर्षक बनाया जाएगा, जो लाखों श्रद्धालुओं का स्वागत करने के लिए तैयार होगा। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि रोड सौंदर्यकरण के तहत शहर की प्रमुख सड़कों को नया रूप दिया जाएगा। इन सड़कों पर पेड़-पौधे लगाए जाएंगे, फुटपाथों का निर्माण किया जाएगा और सड़क के किनारे सुंदर लाइटिंग लगाई जाएगी।

# मोदी ने किसानों के बजाय उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया : प्रियंका

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली

- कहा, सरकार बनते ही सबसे पहले युवाओं को दी जाएगी नौकरी
- गरीबों को 5 किलो के बजाय 10 किलो मुफ्त राशन दिया जाएगा

अमृत विचार : 'देश में मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पूंजी पतियों को बढ़ावा देकर किसान मजदूर एवं आम जनता का शोषण कर रही है। मजदूरों के लिए चलाई जा रही मनरेगा योजना में श्रमिकों की मजदूरी नहीं बढ़ाई गई। मोदी जी किसानों का कर्ज माफ करने के बजाय उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर रहे हैं।' यह बात कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने गुरुवार को डलमऊ के चौदहमील में हुई चुनावी नुक्कड़ सभा में कही।

उन्होंने भाजपा सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि भाजपा कांग्रेस के 70 साल के शासन का हवाला दे रही है लेकिन मोदी सरकार ने 10 साल में ही किसान मजदूर व श्रमिकों को महंगाई से परेशान किया है। लगातार बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। अग्नि वीर योजना से युवाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। कांग्रेस के चुनावी एजेंडा का हवाला देते हुए कहा कि सरकार बनते ही सबसे पहले युवाओं को नौकरी दी जाएगी। गरीबों को मिलने वाला मुफ्त राशन 5 किलो के बजाय 10 किलो दिया जाएगा। गरीब महिलाओं के खाते में प्रतिवर्ष एक लाख रुपए दिए जाएंगे। बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखा जाएगा।

रायबरेली से पारिवारिक नाता बताते हुए कहा कि उनकी दादी इंदिरा गांधी से लेकर उनकी मां सोनिया गांधी ने रायबरेली की सेवा की है। अब भाई राहुल गांधी आपके बीच आए हुए हैं और आपके सुख दुख में शामिल होकर रायबरेली का विकास करेंगे। कांग्रेस द्वारा रायबरेली में किए गए विकास कार्यों का हवाला देते हुए कहा कि रायबरेली का विकास कांग्रेस के द्वारा ही किया गया है। तय समय से लगभग डेढ़ घंटे विलंब से पहुंची प्रियंका गांधी ने तपिश एवं गर्मी में बैठी हुई महिलाओं का आभार व्यक्त किया। इसके बाद मुराई बाग में रोड शो करते हुए कान्हा में भी एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर संदीप चौधरी, जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र यादव, सरेनी पूर्व विधायक अशोक सिंह, राकेश जायसवाल, विक्की यादव, ऋतिक जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




जनसभा को संबोधित करतीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वॉड्रा। अमृत विचार

# गीता में दिए कर्मयोग का करें पालन : एल वेंकटेश्वर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पंचायती राज के अधिकारियों व कर्मियों को बताये कर्तव्य

**अमृत विचार :** गीता में जो कर्मयोग दिए गए उनका अधिकारी व कर्मचारी पालन करें। यह बात पंचायती राज के मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम में उप्र प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के महानिदेशक एल वेंकटेश्वर लू ने कही। गुरुवार को अलीगंज स्थित पंचायती राज निदेशालय में मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम हुआ।

पंचायती राज निदेशालय, मंडल व जिलों के एडीओ पंचायत, सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर आदि शामिल हुए। इन सभी को कर्तव्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि उप्र प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के महानिदेशक एल वेंकटेश्वर लू ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। कहा, गीता में जो कर्मयोग दिए गए उनका सभी पालन करें। सहृदय उदार एवं अच्छा व्यक्ति ही बेहतर कर्मचारी के साथ कर्मयोगी व राष्ट्रभक्त बन सकता है। निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने कहा जो जिम्मेदारी मिली वह कर्तव्यों के साथ निभाएं। मिशन कर्मयोगी बनने के लिए केंद्र के पोर्टल से विभिन्न ऑनलाइन कोर्स करके प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर सकते हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के निदेशक राज कुमार ने मूल्यांकन, सही व गलत की पहचान, मूल्यांकन करना, नीति, व्यवहार परिवर्तन, लोगों के कार्य और योजनाओं का लाभ दिलाने पर प्रकाश डाला। इससे काफी बदलाव आएगा। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक एसके सिंह, प्रवीणा चौधरी आदि अधिकारी रहे।




पंचायती राज निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित करते उप्र प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के महानिदेशक एल वेंकटेश्वर लू।

### आराधना मिश्रा मोना के ससुर का निधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस की नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना' के ससुर बीसी मिश्रा का बीमारी के कारण गुरुवार को निधन हो गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय मिश्रा ने निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने उनके परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने के लिए शक्ति की कामना की है। पार्टी के प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय, प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी, चित्रा बाथम, डॉ आरपी त्रिपाठी, ओंकारनाथ सिंह ने भी शोक संवेदना व्यक्त की है।

# केजरीवाल के साथ साये की तरह देखा गया मालीवाल का आरोपी : प्रेम शुक्ल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल ने गुरुवार को पार्टी प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों के साथ चर्चा करते हुए राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल की मारपीट के मुख्य आरोपी को संरक्षण देने पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल पर हमला किया। प्रेम शुक्ल ने कहा कि राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के ऊपर आपराधिक हमला करने वाले विभव कुमार को अरविन्द केजरीवाल के लखनऊ आगमन पर साये की तरह उनके साथ देखा गया।


राष्ट्रीय प्रवक्ता के मुताबिक, स्वाति मालीवाल ने पुलिस को कॉल की थी, जिस कॉल के आधार पर पुलिस कंट्रोलरूम में दर्ज शिकायत में लिखा है कि 'महिला कॉल कर रही है कि मैं सीएम आवास पर हूं और उन्होने अपने पीए विभव कुमार से पिटवाया है।

इससे स्पष्ट है कि स्वाति मालीवाल की पिटाई मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के कहने पर विभव कुमार द्वारा की गई। इसके बाद आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने प्रेसवार्ता करके स्वाति मालीवाल के साथ हुई हिंसक घटना की पुष्टि की और आश्वस्त किया कि विभव कुमार पर कार्रवाई की जाएगी।

# रायबरेली में आज उतरेंगे सियासी सूरमा

## कांग्रेस और भाजपा के दिग्गज नेता साधेंगे एक दूसरे पर निशाना, दोनों दलों में शक्ति प्रदर्शन की होड़

धर्मेंद्र प्रधान, रायबरेली


अमित शाह


सोनिया गांधी


जेपी नड्डा


राहुल गांधी


अखिलेश यादव


प्रियंका गांधी

**अमृत विचार**।सियासत की चासनी से डूबी रायबरेली में इन दिनों राजनीतिक रंग शबाब पर है। कांग्रेस जहां अपनी साख बचाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रही है तो वहीं भारतीय जनता पार्टी कमल खिलाने के लिए बेताब है।

शुक्रवार को राजनीतिक रूप एक बार फिर जिले में गर्माहट रहेगी। भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज शूरमा अपनी अपनी पार्टी के प्रत्याशी के लिए मतदाताओ को लुभाएंगे। भाजपा और कांग्रेस की ओर से जहां कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास किये जा रहे हैं वहीं प्रशासन के लिए भी बड़ी चुनौती होगी। पांचवे चरण में चुनावी समर का केंद्र बिन्दु रायबरेली माना जा रहा है। क्योंकि यहां से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी चुनावी मैदान में हैं।

कांग्रेस को अपना गढ़ बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है तो वहीं भाजपा कोई भी मौका हाथ से खिसकने नहीं दे रही है। यही सियासी तपिश मतदान के बाद परिणाम बताएंगे। आज भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के पक्ष में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व गृहमंत्री अमित शाह जगतपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

वहीं, शहर के आईटीआई ग्राउंड मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित राहुल भी जनसभा को संबोधित करेंगे। दोनों दलों की ओर से अपने-अपने कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं तक पकड़ को मजबूत रखने के लिये जिले के नेताओं का लगातार संपर्क बना हुआ है, लेकिन असली अग्नि परीक्षा मतदान से पहले आज ही दिखेगी, कि कौन किस पर भारी रहा। कांग्रेस की ओर से पहले से ही कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री सहित शीर्ष नेता अपनी सभाओं को कर चुके हैं तो वहीं भाजपा की ओर से भी प्रदेश व अन्य प्रदेशों के कई बड़े नेता जनसभाएं कर रहे हैं। कांग्रेस और भाजपा के द्वारा बड़े नेताओं के कार्यक्रम होने के बाद अब पार्टी नेताओं को भीड़ जुटाने के लिए भी होड़ लगी हुई है।

> पार्टी की तरफ से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक-एक कार्यकर्ताओं को लगाया गया है। बड़ी संख्या में लोगों का समर्थन मिल रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये पूरी तरह की तैयारियां कर ली गई हैं।
>
> -**पंकज तिवारी**, अध्यक्ष, कांग्रेस

### सियासी तापमान को बढ़ाएगा शाह का दोबारा आना

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का रायबरेली दोबारा आना मतलब चुनावी घमासान में सियासी तापमान बढ़ाया जाना माना जा रहा है। एक सप्ताह के अंदर ही देश के गृहमंत्री, भाजपा के मजबूत राजनेता अमित शाह इससे शहर के जीआईसी ग्राउंड पर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी माहौल को बनाने के लिए एक जनसभा कर चुके हैं। वहीं आज उनका दोबारा आना चुनावी मौसम में एक बार राजनैतिक तापमान बढ़ गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि पहले दिन आने पर सपा के बागी नेता से मिलने वाले गृहमंत्री के कार्यक्रम में इस बार वह पार्टी में भी शामिल हो सकते हैं।

### एमवाई फैक्टर को साधने में कितना कारगर हो सकते हैं अखिलेश

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में गांधी परिवार के साथ रायबरेली में अखिलेश यादव पहली बार मंच साझा करते नजर आएंगे। इंडिया गठबंधन के पास एमवाई फैक्टर के मतों को कांग्रेस के पक्ष में मोड़ने के लिए अखिलेश यादव का आना कितना कारगर साबित होगा यह तो आने वाले मतगणना के बाद ही पता चलेगा, लेकिन कहीं न कहीं यह भय जरूर है की कहीं पार्टी का वोट बैंक न खिसका जाए, इसलिए पार्टी के जनाधार को बचाने के लिए अखिलेश यादव राहुल गांधी के लिए वोट मांगते नजर आएंगे।

> इंडिया गठबंधन के नेता पार्टी व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी के कार्यकताओं में भारी उत्साह है। बड़ी तादाद में समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता रैली में शामिल होकर एक-एक वोट जुटाने का काम करेंगे।
>
> -**बीरेंद्र यादव**, जिलाध्यक्ष, सपा

> राष्ट्रीय अध्यक्ष व गृहमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता कमल खिलाने के लिए बेताब है। आज होने वाले रैली में बड़ी संख्या में भीड़ जुटेगी। इस बार रायबरेली से कमल खिलना तय है।
>
> -**बुद्धी लाल पासी**, जिलाध्यक्ष, भाजपा

# कमल को कप-प्लेट का निशान मान कर करें मतदान : अनुप्रिया

संवाददाता,सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार**। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सलोन नगर में आयोजित जनसभा के दौरान कमल के निशान को कप-प्लेट का निशान मान कर मतदान करने की अपील की है। गुरुवार को स्मृति ईरानी के पक्ष में चुनाव जनसभा सम्बोधित करने पहुंची केंद्रीय मंत्री चिलचिलाती धूप में भीड़ देख गदगद हो उठी। जनसभा में उमड़ा जनसैलाब का उत्साह देखते हुए उन्होंने कहा कि 20 मई को आपका जोश स्मृति ईरानी के विरोधियों के होश उड़ा देगा। क्षेत्र की जनता भाजपा उम्मीदवार स्मृति ईरानी को रिकार्ड मतो से जिताकर फिर से लोकसभा में भेजने का करेगी। अपने सम्बोधन में अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश में जबसे एनडीए की सरकार आई है तब से कोई भी गांव व घर ऐसा नहीं है जहां मोदी सरकार की योजनाओं के लाभार्थी न हो। कहा कि हमारी सरकार ने गरीबों को पक्का घर, इज्जत घर, निःशुल्क खाद्यान्न, रसोई गैस सिलेंडर, किसानों को सम्मान निधि सहित तमाम योजनाओं से लाभान्वित किया है। कहा कि चुनाव के चार चरणों का मतदान पूरा हो गया है। पांचवे चरण में अमेठी और रायबरेली की सीटों पर मतदान होना है। अभी तक चार चरण में हुए मतदान में मतदाताओं में गठबंधन को अपार समर्थन मिला है। सभी ने मन बना लिया है कि इस बार भी देश मे मोदी की सरकार बनानी है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में समाज के पिछड़े, वंचित परिवारों को निरन्तर जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है जिससे उनके जीवन मे सुधार आया है। श्रीमती पटेल ने यह भी कहा कि हमारे दल का भाजपा से बहुत ही अटूट गठबंधन है हम चार चुनाव मिलकर लड़ चुके हैं। इस बार भी मिर्जापुर व सोनभद्र में मेरे दल के प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। वहां पर भाजपा के कार्यकर्ता पूरे जोर शोर से कप प्लेट को कमल के फूल का निशान समझकर पूरी ताकत झोंक कर प्रत्याशियों को जिताने का काम कर रहे हैं। वक्तव्य समाप्ति पर विधायक अशोक कोरी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया ने मेरे स्वर्गवाशी पिता दल बहादुर कोरी के लिए 2017 में सांसद स्मृति के लिए 2019 में खुद मेरे लिए 2022 में मतदान करने की अपील की थी। जिसके चलते सभी उम्मीदवारों को शानदार तरीके से विजयी हुए।


केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का माला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता।

**केंद्रीय मंत्री ने भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के पक्ष में जनसभा कर विरोधियों के उड़ाये होश**

# बड़ी-बड़ी बातें करने में माहिर हैं प्रधानमंत्री मोदी : बघेल

संवाददाता बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार**। छत्तीसगढ़ के निवर्तमान मुख्यमंत्री एवं रायबरेली लोकसभा सीट के प्रभारी भूपेश बघेल ने क्षेत्र में रायबरेली से कांग्रेस के प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में लगभग आधा दर्जन से अधिक नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। यह नुक्कड सभाएं क्षेत्र के बिशनपुर, इशिया, हसनगंज, बछरावां नगर एवं सेंहगो तमनपुर सहित कई अन्य गांवो में आयोजित हुई। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए श्री बघेल ने अमेठी से चुनाव लड़ रही भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी पर तंज कसते हुए कहा कि अबकी बार केवल स्मृति ईरानी की स्मृति यानी याद अमेठी में रह जाएगी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि वह अपने आप को बुलडोजर बाबा की सरकार बताते हैं। अगर वास्तव में उनकी सरकार बुलडोजर बाबा की सरकार है तो पेपर लीक करने वालों के ऊपर बुलडोजर क्यों नहीं चला। साथ ही साथ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी तंज कसा और कहा कि वह बड़ी-बड़ी बातें करने में माहिर है और साथ-साथ झूठ भी बोलते हैं एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र बताते हैं। इसी कड़ी में उन्होंने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होती है, भारत एक लोकतांत्रिक देश है, और 400 सीटें लाकर भी कोई संविधान के साथ छेड़छाड़ नहीं कर सकता। इस मौके पर कांग्रेस के छत्तीसगढ़ के विधायक संदीप साहू, सुशील पासी, नगर पंचायत बछरावां कांग्रेस प्रत्याशी नीरज साहू सहित भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं आम जनमानस मौजूद रहे।


जनसभा को संबोधित करते छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल।

# जनता को मुद्दों से भटका राम के नाम पर वोट मांग रही भाजपा : प्रियंका


सरेनी में आयोजित जनसभा में उमड़ी भीड़।


सभा को संबोधित करतीं प्रियंका गांधी

संवाददाता, सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार**। कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वॉड्रा सरेनी बाजार के लाल बहादुर शास्त्री शहीद इंटर कॉलेज के खेल मैदान में गुरुवार देर शाम पहुंची। जहां हजारों की संख्या लोग व इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता इंतजार कर रहे थे।

प्रियंका गांधी नुक्कड़ सभा में कहा कि रायबरेली के धरती के किसानों ने अपने हक को पाने के लिए आंदोलन किया और कुर्बानी दी। यहीं वजह रही कि पं.जवाहरलाल नेहरू, स्व. इंदिरा गांधी व मां सोनिया गांधी ने इसे अपनी कर्मभूमि बनाया। यहां के लोगों ने भरपूर साथ दिया। मेरे भाई राहुल गांधी ने इस बार इस संसदीय सीट से पार्टी के प्रत्याशी हैं। वो दिल के सच्चे हैं। उन्होंने यहां से चुनाव लड़ने का फैसला रिश्तों की डोर को मजबूत करने के लिए किया है। उन्होंने सत्ता पक्ष के नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि वे जनता को मुद्दों से भटका कर सिर्फ राम के नाम पर वोट पाने की कोशिश में लगे हैं। हर काम के नाम पर वोट मांगते हैं। कांग्रेस महिलाओं को समृद्ध करने में लगी हैं। भाजपा शासन में बड़े-बड़े उद्योग पतियों को लाभ मिला है। गरीब का कर्ज न माफ करके खरबपतियों के कर्ज माफ किये हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो देश के युवाओं को नौकरी मिलेगी। गरीब व महिला आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे। उमड़े जनसैलाब को देखकर प्रियंका ने कहा कि विपक्षियों की रातों की नींद खराब है। उन्होंने सभी से 20 मई को होने जा रहे चुनाव में राहुल गांधी को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह एडवोकेट, पूर्व विधायक अशोक सिंह, ब्लाक अध्यक्ष गिरीश सिंह, मनोज द्विवेदी, सुधा द्विवेदी सहित आदि मौजूद रहे।

**बोलीं- कांग्रेस की सरकार बनी तो युवाओं को मिलेगी नौकरी**

# डलमऊ से राघवेंद्र, गौरा से अश्वनी बने ब्लॉक संयोजक

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार**। मृतक शिक्षकों के हित में काम करने वाले टीएससीटी (टीचर्स सेल्फ केयर टीम) की ब्लॉक इकाइयों का गठन किया गया है। ब्लॉक स्तर पर टीएससीटी की सात टीमों का गठन किया गया है। जिला संयोजक अनुराग मिश्रा ने बताया कि बेसिक एवं माध्यमिक के विद्यालयों कार्यरत अध्यापकों एवं कर्मचारियों की टीम बनाई गई है। उन्होंने बताया कि हम लोग महज 25 रुपये के सहयोग से लाखों रुपये का योगदान मृतक कर्मचारियों के खाते तक में पहुँच जाता है। अभी विगत महीने 56 लाख रुपये नॉमिनी प्राप्त किए हैं। उन्होंने बताया कि संयोजक के रूप में डलमऊ से राघवेंद्र वर्मा, गौरा से अश्वनी शर्मा, सलोन से अमरेश सिंह, शिवगढ़ से सुनील कुमार, सतांव से आशीष पटेल, महराजगंज से विनोद कनौजिया, छतोह से राकेश सोनकर और प्रवक्ता के रूप में क्रमशः निशांत पांडेय, चन्द्रशेखर, विवेक मिश्रा, अनिल कुमार, आशीष कुमार, श्रीकांत यादव, अनवर अली को बनाया गया है।

# राहुल गांधी को प्रियंका चुनाव हरा रही हैं : केशव

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार**।प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को गांधी परिवार में दरार होने का दावा करते हुए कहा कि प्रियंका गांधी ही राहुल गांधी को चुनाव हराना चाहती हैं, और वो राहुल गांधी को चुनाव हरा भी देंगी। क्षेत्र के किसुनदासपुर गांव के पास आयोजित जनसभा में डिप्टी सीएम के इस सनसनीखेज भाषण पर आम जनमानस ने खूब तालियां पीटी हैं।

डिप्टी सीएम ने कहा कि अमेठी में 2019 चुनाव में प्रियंका ने ही राहुल गांधी को हराने की साजिश रची थी। प्रियंका खुद चुनाव लडना चाहती थी, उनके पति राबर्ट वाड्रा अमेठी से टिकट मांग रहे थे किंतु, सोनिया और राहुल ने उन्हे टिकट नहीं दिया। प्रियंका को भी किसी सीट से चुनाव में टिकट नहीं दिया गया। इसका बदला अब प्रियंका ले रही हैं। वह चाहती हैं कि राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव हार जाए। प्रियंका की मंशा फलीभूत होने जा रही है और राहुल गांधी रायबरेली से बुरी तरह चुनाव हारने जा रहे है। उन्होंने मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि आज सरकार की योजनाओं से हर गरीब किसान लाभान्वित हो रहा है। डिप्टी सीएम ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि वह दस किलो मुफ्त राशन देंगे। उनकी पार्टी के प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी ने कहा था कि वह दस रूपये दिल्ली से भेजते है तो गांव तक एक रुपया पहुंचता है। इसलिए जब कांग्रेस दस किलो राशन भेजेगी तो आपको आधा किलो ही मिलेगा। शेष कांग्रेस के दलाल खा जायेंगे। सभा को भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। यहां पर अंजली मौर्य, जितेंद्र बहादुर सिंह, धनराज यादव, सावित्री पासी आदि मौजूद थे।


उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

## 'अमृत विचार' की मुहिम
### सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो

**रायबरेली, अमृत विचार**। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। शहर की आर्टिस्ट अदिति चौधरी ने मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरुकता लाने के लिए कलाकृति के माध्यम से जागरूक किया है। जिसमें उन्होंने दर्शाया है कि मतदाता ही देश का भाग्य विधाता होता है। मतदान के दिन लोगों को अपना धर्म समझकर सबसे पहले मतदान करना चाहिए। आपके भी मन में मतदान को लेकर कोई सवाल गूंज रहा है तो उसे अमृत विचार समाचार पत्र में भेज सकते हैं। आपकी कलाकृतियों के माध्यम से सवाल और जवाब प्रकाशित किया जाएगा। 20 मई को होने वाले चुनाव में जिला प्रशासन की मतदान प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम में आप भी अपनी भागीदारी कर सकते हैं। अपनी कलाकृतियों को ई-मेल आईडी avrbl@gmail.com या व्हाटसएप नंबर 9140826999 पर भेज सकते हैं।




# महाकालेश्वर से भाजपा महिला मोर्चा ने की जीत की कामना


महाकालेश्वर मंदिर में भजन कीर्तन करती भाजपा महिला मोर्चा की महिलाएं।

संवाददाता, रायबरेली,

**अमृत विचार**। भाजपा महिला मोर्चा की ओर से इंदिरा नगर स्थित महाकालेश्वर मंदिर में भजन कीर्तन कर भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को जिताने व देश में भाजपा की सरकार बनवाने के लिए संगीतमय आराधना की गई। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुधा अवस्थी, लोकसभा प्रभारी नीलम त्रिवेदी के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन से अधिक महिलाओं ने संगीत मय साधना कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन जुटाने व इस आम चुनाव में केंद्र में भाजपा की सरकार बनवाने के लिए कमना की।

# मतदान को चार दिन शेष, मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कवायद शुरू

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार**। जिले में 20 मई को मतदान होना है। जिसको लेकर जिला प्रशासन काफी पहले से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहा है। मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए लगातार अनेकों तरीके से मतदाताओं में जागरुकता लाने के लिए अनेक प्रकार के आयोजन किये जा रहे हैं।

दिव्यांग बाइक रैली से ले करके कई तरीके की रैलियां व बड़े आयोजन हुये हैं। इसी के तहत मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए गुरूवार को विकास भवन परिसर से बाइक रैली को रवाना किया। यह बाइक रैली जिले के सभी विकास खंडों में जाएगी। खासकर जहां पर मतदान का प्रतिशत कम है वहां पर यह बाइक रैली मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करेगी। इस दौरान रत्नेश कुमार प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज, खंड शिक्षा अधिकारी राही ब्रजलाल, प्रत्यूष कुमार श्रीवास्तव, राजीव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



बाइक रैली को झंडी दिखाकर रवाना करती सीडीओ पूजा यादव।

**फैसला** | ढाई साल से विचाराधीन थी याचिका, 21 वर्ष से कम उम्र में ही रोशन ने किया था नामांकन

# जमुरावा के ग्राम प्रधान अयोग्य घोषित, प्रधान पद खाली

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार**। एसडीएम न्यायालय के आदेश के बाद जमुरावां गांव का प्रधान पद रिक्त हो गया। यहां नाम निर्वाचन प्रक्रिया निरस्त कर दी गई। यहां जल्द ही दोबारा चुनाव कराकर कर नया ग्राम प्रधान चुना जायेगा।

वर्ष 2021 में हुए पंचायत चुनाव में प्रधान पद के लिए विकास खंड के जमुरावा ग्राम के रोशन, अनुराग, खुशीराम, छेद्दू, जीतलाल, बुद्धिराम, महादीन, मुन्नीलाल, राम आसरे, राम गुलाम, राम सजीवन व विशेशर ने अपने नाम निर्वाचन पत्र दाखिल किया था। 15 अप्रैल 2021 को मतदान हुआ। 2 मई 2021 को मतगणना हुई। इस चुनाव में रोशन को 462 मत मिले। प्रतिद्वंदी प्रत्याशी अनुराग को 400 मत मिले। 62मतों से जीत कर रोशन जमुरावां गांव के प्रधान बने। रोशन को ग्राम प्रधान का प्रमाण पत्र भी मिल गया। पद की शपथ लेकर उन्होंने ग्राम पंचायत का विकास कार्य भी करना शुरू कर दिया। वहीं, अनुराग को पता चला कि रोशन की उम्र 21 वर्ष से कम है। उसने आधार कार्ड व निर्वाचन नामावली में गलत जन्म तिथि के आधार पर नामांकन किया है। तीन सितंबर 2021 को अनुराग ने उपजिलाधिकारी न्यायालय में पंचायत चुनाव याचिका प्रस्तुत की। कुछ दिन चली सुनवाई के बाद याचिका सुनवाई के लिए न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक) में स्थानांतरित कर दी। न्यायालय ने नामांकन पत्र तलब कर दोनों पक्षों को साक्ष्य का मौका दिया। याचिका लंबित देख अनुराग ने उच्च न्यायालय से याचिका को शीघ्र निस्तारण कराने की गुहार लगाई। लखनऊ हाईकोर्ट के आदेश पर याचिका पर सुनवाई तेज हुई।

दो मई से आदेश के लिए सुरक्षित याचिका में बुधवार को न्यायालय ने आदेश जारी करते हुए प्रधान पद के लिए नामांकन करने वाले रोशन को उम्र नामांकन वाले दिन 21 वर्ष से कम पाई। रोशन को बर्खास्त कर न्यायालय ने जमुरावां गांव का प्रधान पद रिक्त कर दिया।

नाम निर्वाचन प्रक्रिया को त्रुटि पूर्ण घोषित कर दिया। याची के अधिवक्ता सुशील कुमार पांडेय ने बताया कि निर्वाचित ग्राम प्रधान की उम्र नामांकन के समय 21 वर्ष से कम थी। आधार कार्ड व वोटर कार्ड में गलत जन्म तिथि के आधार पर नामांकन पत्र प्रस्तुत किया था। निर्वाचन में लगे कर्मचारियों को उसी समय उम्र का प्रमाण पत्र मांगना चाहिए था। रोशन इंटर की परीक्षा पास होने के बाद भी नामांकन पत्र के साथ शैक्षिक प्रमाण पत्र दाखिल नहीं किया। कोर्ट ने हाईस्कूल के प्रमाण पत्र तलब कर उसमे अंकित जन्मतिथि के आधार पर याची को न्याय दिया है। हाईस्कूल की जन्म तिथि के आधार पर नामांकन वाले दिन रोशन की उम्र 20 वर्ष 4 माह 28 दिन ही होती है। प्रतिवादी के अधिवक्ता एस पाल सिंह ने बताया कि याचिका दोष पूर्ण थी। हम कोर्ट के निर्णय का सम्मान करते हैं। न्यायिक एसडीएम अहमद फरीद खान ने कहा कि प्रतिवादी ने अपने उम्र के संबंध में ठोस सबूत नहीं दे पाये। इससे जमुरावा ग्राम के प्रधान रोशन को बर्खास्त कर प्रधान पद रिक्त किया गया है। नाम निर्वाचन प्रक्रिया भी निरस्त की गई है। खंड विकास अधिकारी को रोशन के सभी अधिकार सीज करने के आदेश दिए गए हैं। आदेश की प्रतियां जिलाधिकारी समेत संबंधित विभाग को भेजी जाएंगी।

# आज प्रबुद्धसभा के पदाधिकारी लेंगे भाजपा की सदस्यता

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार**। क्षेत्र के ग्राम पंचायत ओसाह के रहने वाले प्रबुद्ध सभा के जिलाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी उर्फ आलू महराज 17 मई को जगतपुर क्षेत्र के दौलतपुर में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं ऊंचाहार सपा विधायक डा. मनोज पांडेय की अध्यक्षता में गृहमंत्री अमित शाह के समक्ष अपने साथियों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। यह जानकारी देते हुए राकेश त्रिवेदी ने बताया कि दौलतपुर में आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में भारी संख्या में प्रबुद्धसभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

# भाजपा पदाधिकारियों ने गिनाईं सरकार की योजनाएं

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार**। भाजपा के विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे और मंडल महामंत्री विकेश द्विवेदी के साथ गेगासों में जनसंपर्क किया। इस दौरान बैठक कर कार्यकर्ताओं को रात दिन पार्टी के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया। रायबरेली की जनता गांधी परिवार को जान चुकी है। अब गांव गरीब जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का मन बना चुकी है। केंद्र सरकार की लोकप्रिय योजनाओं की बदौलत आज गांव गली की सड़कें चमक गई है। हर घर को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस मौके पर अजय बाजपेई, संतोष सिंह, अभिषेक शुक्ला, मंतोष पांडे सहित अधिकारी मौजूद रहे।उधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप पांडे जनसंपर्क करते हुए भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। भाजपा नेता सुरेंद्र गुप्ता ने कहा कि नरेंद्र मोदी ही भारत देश को विकसित राष्ट्र बना सकते हैं। भाजपा नेता कैलाश वाजपेई ने कहा कि जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं हिंदुस्तान का वर्चस्व विश्व में बड़ा है। नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री बनेंगे। संजय कौशल, गौरव शुक्ला, मंटू बाजपेई, जय वाजपेई, समर्थ गुप्ता, दिनेश गुप्ता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


रोड शो में कार्यकर्ताओं से का अभिवादन स्वीकारतीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी। अमृत विचार

## प्रियंका गांधी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**संवाददाता, रायबरेली अमृत विचार।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सरेनी विधानसभा के लालगंज में रोड शो निकाला। जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा।उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आप ऐसी राजनीति की शुरुआत कीजिए जो अहंकार से मुक्त हो,ऐसी सरकार बनाइए जो आपके लिए काम करे, जैसे इंदिरा गांधी जी और राजीव गांधी जी ने आपके लिए काम किया। इस बार अपनी सरकार बनाइए। कांग्रेस को भारी बहुमत से जिताइए। देर शाम प्रियंका गांधी तिलक भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंची। यहां पर कार्यकर्ताओं से मिलकर चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की।

# 10वीं व 12वीं के मेधावी हुए सम्मानित

संवाददाता,महराजगंज, रायबरेली



समारोह में सम्मानित किए गए मेधावी बच्चे, मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गुरुकुल पब्लिक स्कूल पुरासी में सीबीएसई के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया गया।

गुरुकुल पब्लिक स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय की उपाध्यक्षा पूजा मिश्रा द्वारा सभी मेधावियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 51 सौ और 21 सौ की धनराशि का चेक प्रदान कर प्रोत्साहित किया। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा इंटरमीडिएट में विद्यालय की मानसी सिंह (91.20), खुशी पांडेय (90.40), अंतिमा अवस्थी (86.8), हाईस्कूल में रौनक सिंह (85.6), आदर्श त्रिवेदी (81.6) प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया है। इस दौरान उपाध्यक्षा पूजा मिश्रा ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके अभिभावको से कहा कि यह छात्र आगे जो भी तैयारी करेंगे विद्यालय परिवार हमेशा मदद करेगा। वही विद्यालय की प्रधानाचार्य ने भी अपने सभी छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें आगे और अच्छे अंक लाने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे उनका भविष्य सुखद एवं उज्जवल हो सके। इस दौरान सभी मेधावियों को आर्थिक प्रोत्साहन प्राप्त होने पर उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।

# जलती मिली महिला की हुई मौत

## हत्या और आत्महत्या सहित तमाम सवालों में उलझी मिल एरिया पुलिस

- दिनदहाड़े मोहल्ले में हुए खौफनाक मंजर को देखकर कांप गयी लोगों की रूह

संवाददाता,अमावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में नगर क्षेत्र के एक मोहल्ले में गुरुवार की दोपहर मोहल्ले के बीच खाली प्लाट में एक महिला के जलने की खबर से सनसनी फैल गई। आसपास के लोगों से सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आग बुझाई, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद भी महिला की शिनाख्त न होने पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने मोहल्ले के लोगों को झकझोर कर रख दिया। वहीं पुलिस अब मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।


मिल एरिया थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर में घटना की जांच करती पुलिस।

मिल एरिया थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर में गुरूवार दोपहर खाली पड़े प्लाट में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला उम्र लगभग 45 वर्ष आग से लिपटी हुई दिखाई दी। महिला के कपड़ों से उठ रही आग की लपटें व महिला की चीख पुकार सुनकर मोहल्ले में सनसनी फैल गई। सूचना पुलिस को दी गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने आग बुझाई, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। दिनदहाड़े हुए इस घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद भी महिला का सुराग नहीं लगा तो पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। वहीं घटना को लेकर मोहल्ले में अनगिनत सवाल लोगों की जबान पर है। जिनके जवाब तलाशने पुलिस ने शुरू कर दिए हैं और महिला की मौत आत्महत्या है या फिर उसे जलाकर मारा गया है। इसके खुलासे के लिए पुलिस ने मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने शुरू कर दिया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि अब तक महिला की पहचान नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों ने पूछताछ में महिला की पहचान से इनकार किया है। महिला की शिनाख्त का प्रयास जारी है। शिनाख्त होते ही घटना के रहस्य से भी पर्दा उठ जाएगा। छानबीन की जा रही है।

## एटीएम कार्ड बदल कर पार किए 64 हजार

**उन्नाव।** एटीएम से रुपये निकालने आए एक व्यक्ति का एटीएम बदलकर ठगों ने हजारों रुपए पार कर दिए। पीड़ित ने सदर कोतवाली पुलिस को इसकी तहरीर दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इंद्रानगर नंदन वन पार्क निवासी दिनेश बैंक आफ बड़ौदा की शाखा में लगे एटीएम से दो हजार रुपए निकालने गए थे।

पीछे खड़े दो युवकों ने उसे बातों में फंसाकर उसका एटीएम कार्ड दूसरे कार्ड से बदल दिया। इसके बाद उसके खाते से 64 हजार 995 हजार रुपये निकल गए। मोबाइल पर मैसेज आने पर उसके होश उड़ गए। उसने बैंक में जानकारी करने के बाद घटना की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ट्रक के डाले की चपेट में आने से मजदूर की मौत

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। मौरंग अनलोडिंग के बाद साथी मजदूरों की लापरवाही से एक श्रमिक की मौत हो गई। ट्रक का डाला बंद करते समय ट्रक में सवार मजदूरों ने डाला छोड़ दिया। जिसकी चपेट में आकर एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हादसा गुरुवार दोपहर क्षेत्र के हरिहरपुर गांव में हुआ। गांव में ट्रक मौरंग उतारने आया हुआ था। जिसमें प्रतापगढ़ थाना नवाबगंज के गांव शेखू का पुरवा निवासी मजदूर सुनील कुमार (23) आया था। वहीं, मौरंग अनलोडिंग के बाद मजदूर ट्रक का पिछला डाला बंद कर रहे थे, जिसमें सुनील नीचे से डाला उठाए हुए था। जानकारी के मुताबिक डाला बंद नहीं हुआ था तभी ट्रक में ऊपर सवार मजदूरों ने डाला छोड़ दिया, जिससे सुनील के सिर पर गंभीर चोट आ गई और वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगा।वहीं, खड़े लोगों ने तत्काल उसको लेकर ऊंचाहार सीएचसी पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने घायल मजदूर को मृत घोषित कर दिया।


हादसे में मजदूर की मौत के बाद सीएचसी में रोते-बिलखते परिजन।

इसके बाद अस्पताल मेमो ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर अस्पताल आयी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## युवक की मौत के मामले में पुलिस ने दो आरोपी पकड़े

**गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानांतर्गत गांव आशायस निवासी राजेश पुत्र अम्बर ने बीती 5 मई को बेहटा मुजावर थाने में दी तहरीर में बताया था कि बीती 6 मार्च 2024 को गांव के सर्वेश व अवधेश पुत्र छोटेलाल, अवधेश की पत्नी सुशीला, बेटी उपासना व पुत्र रेशू ने मिलकर उसके भाई राकेश की लात-घूसों व डंडों से पिटाई कर दी थी जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। गंभीर घायल का लखनऊ में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान 3 मई को राकेश की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। बेहटा मुजावर पुलिस के अनुसार, थानाक्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित गोशाकुतुब नहर पुल के पास से पुलिस ने घटना के आरोपी अवधेश व सर्वेश को गुरुवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

# पारा 41 पार, नगर पालिका ने नहीं लगवाए गये प्याऊ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** गुरुवार को पारा 41 पार पहुंच गया। इसके बाद भी शहर में लोगों को मुफ्त पीने का पानी नहीं उपलब्ध है। हालांकि पिछले वर्ष निकाय चुनाव की प्रत्याशिता की वजह से कुछ स्थानों पर प्याऊ संचालित कराए गए थे। लेकिन, इस बार किसी ने घड़ों का ठंढ़ा पानी मुहैया कराने की जहमत नहीं उठाई है। जबकि, पूर्व में नगर प्रशासन शहर में करीब दो दर्जन



स्थानों पर प्याऊ संचालित कराता था। इस समय पड़ रही भीषण गर्मी के चलते जीविकोपार्जन व अन्य कारणों से घरों से निकलते ही लोगों का हलक सूखने लगता है। लू व धूप से बचाव के लिए शरीर में पानी की उपलब्धता को जरूरी बताया जाता है।

# एनटीपीसी इंटक ने की राहुल गांधी को जिताने की अपील

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** एनटीपीसी ऊंचाहार में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस से संबद्ध एनटीपीसी इम्प्लॉइज यूनियन ने रायबरेली संसदीय क्षेत्र से राहुल गांधी और अमेठी से किशोरी लाल शर्मा को लोकसभा चुनाव में जिताने की अपील की। संगठन की एक बड़ी बैठक एनटीपीसी ऊंचाहार में सम्पन्न हुई। जिसमें उपस्थित सभी इंटक पदाधिकारियों और सदस्यों ने ये संकल्प लिया कि कामगारों और किसानों के हितों के लिए कांग्रेस ने जिस तरह कार्य किया है उसे ध्यान


संगठन की ओर से आयोजित बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

में रखते हुए सभी कर्मचारी अपने परिवारजनों के साथ कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेंगे। इस अवसर पर इंटक के वरिष्ठ नेता आज्ञा शरण सिंह, एके वैश्य, अनिल मिश्रा, शिवराम ओझा, सुरेन्द्र कुमार बिंद, नागेन्द्र प्रताप सिंह, लाल बहादुर मौर्या, लघुशंकर यादव, मनोज तिवारी, मुद्दसिर अहमद, कुंदन सिंह, पुष्पा देवी, रीना सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 9.50 लाख की लूट की दी तहरीर

**औरास।**थानाक्षेत्र के नीभा खेड़ा निवासी बलबीर बहादुर ने गुरुवार देरशाम थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 16 मई को उसने अपनी जमीन नौ लाख पचास हजार की बेची थी। जिसका रुपया लेकर बाइक से वह घर वापस आ रहा था। गुरुवार देर शाम लगभग पौने आठ बजे जैसे ही वह थाना क्षेत्र के अटिया व पंचम खेड़ा गाँव के पास पहुँचा तभी लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे के नीचे बीच रास्ते मे पहले से खड़ी बाइक पर तीन लोग सवार थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम वर्तमान में रोहित चौरसिया के नाम से जाना जाता है। अतः मेरी L.I.C में मेरा नाम चन्दन चौरसिया है। बाउन्ड नं0 – 219033675, 236375674, 226241520, 213773604 मेरा नाम त्रुटिवश चन्दन चौरसिया अंकित हो गया है। जोकी रोहित चौरसिया से जाना जाता है। **पता:– 283/701/398 आरती नगर, गढी कनौरा, लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित हो कि मै अर्चना कुमारी मौर्या पुत्री कमलेशवर विद्यालय श्री दीप नारायण तूफानी दास इंटर कालेज, सेमरहना मिहिंपुरवा बहराइच से वर्ष 2020 मे इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग से परीक्षा पास की थी। जिसकी इंटरमीडिएट की मार्कशीट वास्तव मे गायब हो गयी है। जिसका अनुक्रमांक 2221609 परीक्षा वर्ष 2020 है। – **अर्चना कुमारी मौर्या पुत्री कमलेशवर, ग्राम–सेहरिया गंगापुर, कोतवाली मुर्तिहा, तहसील मोतीपुर, बहराइच, पिन कोड– 271855, मोबाईल नंबर– 9455955003**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने बड़े पुत्र मोहम्मद शमीम तथा उनकी पत्नी बहू फिजा को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल करती हूं। भविष्य में इनके कृत्यों से मेरा कोई वास्ता –सरोकार नहीं होगा। – **खालिकुनिशा पत्नी गुलाम अहमद, निवासी– मोहल्ला– गदुरहवा, बलरामपुर**

# मतदाताओं को जागरूकता के लिए स्वराज अभियान ने बांटा पर्चा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने लिए स्वराज अभियान के कार्यकर्ताओं की तरफ से गांवों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। राष्ट्रीय मुद्दों में बेरोजगारी से लेकर संविधान तक के मुद्दों पर कार्यकर्ता लोगों को जागरूक कर रहे हैं। लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान की तरफ से विभिन्न मुद्दों को लेकर पर्चा बांटा गया। गुरुवार को स्वराज अभियान की प्रदेश अध्यक्षा एडवोकेट


मतदाताओं को जागरूक करते स्वराज अभियान के पदाधिकारी।

अर्चना के नेतृत्व में लोगों को पर्चा वितरित किया गया। टीम की तरफ से कुचरिया, जमालपुर जगतपुर, बाबूगंज, चडरई, ऊंचाहार, सलोन, उमरन, सलोन, बगहा, सूची, मेजरगंज, भदोखर, दरियापुर आदि गांवों में लोगों को पर्चा वितरित किया। अच्छे स्कूल, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य अच्छे अस्पताल, महिलाओं के अपने अधिकार, महंगाई से निजात पाने, झूठी गारंटी के मुक्ति पाने के लिए इस बार वोट जरूर करें। इस मौके पर शिव प्रताप, इन्द्रेश, धीरज, पंडा सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# प्रदेशीय स्कूली खेल कार्यक्रम में संशोधन

अयोध्या कार्यलय

**अमृत विचारः** प्रदेशीय विद्यालयीय चालू सत्र 2024-25 का खेल कार्यक्रम 24 घंटे के भीतर ही आंशिक बदलाव के साथ गुरुवार को दोबारा घोषित किया गया। शिक्षा निदेशक उप्र डॉ. महेन्द्र देव के निर्देशन में डॉ. भीमराव आंम्बेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान की ओर से जारी प्रदेशीय कार्यक्रम में दो और खेल जोड़े गए हैं। साथ ही छह खेलों के आयोजन स्थल में भी परिवर्तन किया गया है। अब आयोजित होने वाले खेलों की संख्या 31 हो गई है।

नए कार्यक्रम के अनुसार 31 खेलों की प्रदेशीय प्रतियोगिता 21 अगस्त से शुरू होकर 29 अक्टूबर तक होगी। इसी प्रतियोगिता से चयनित उप्र टीमें स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तत्वावधान में होने वाली राष्ट्रीय विद्यालयीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार टेबल टेनिस व बैडमिन्टन अंडर-14,17 व 19 बालक-बालिका प्रतियोगिता प्रयागराज में 28 से 31 अगस्त तक होगी। हैण्डबॉल अंडर-14,17 व 19 बालक-बालिका प्रतियोगिता 20 से 24 सितम्बर तक झांसी में और ताइक्वाण्डो अंडर-14,17 व 19 बालक-बालिका प्रतियोगिता 23 से 26 सितम्बर तक आजमगढ़ में होगी। क्रिकेट अंडर-14,17 व 19 बालिका वर्ग की तीन से सात अक्टूबर तक और बालक वर्ग की प्रतियोगिता पांच से नौ अक्टूबर तक आगरा में होगी। इसी तरह बॉक्सिंग अंडर-14,17 व 19 बालक तथा अंडर-17 व 19 बालिका वर्ग की प्रतियोगिता 14 से 16 अक्टूबर तक वाराणसी में होगी। प्रशासनिक अधिकारी नरेन्द्र पाल ने बताया कि प्रदेशीय विद्यालयीय खेल कार्यक्रम में सर्वाधिक आठ खेलों के आयोजन का दयित्व अयोध्या को सौंपा गया है। इसमें सात नए राष्ट्रीय खेल हैं, जो पहली बार प्रदेशीय आयोजन में शामिल होंगे।

# अधिवक्ता की तहरीर पर दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता बिछिया उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सड़क हादसे में दो अधिवक्ता समेत चार लोग घायल हो गए थे। जिसमें अधिवक्ता सुनील की तहरीर पर पुलिस ने बाइक के नंबर व दो अज्ञात लोगों पर जान से मारने की धमकी देने व गालीगलौज करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के सेमरा गांव निवासी अधिवक्ता सुनील अपने साथी अधिवक्ता अजीत के साथ बुधवार देरशाम 7 बजे बाइक से घर जा रहे थे। अधिवक्ता के मुताबिक सोनिक पावर हाउस के पास बाइक सवार दो युवकों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और तमंचा लहराते हुए निकल गए थे। जिसके बाद अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने बाइक के नंबर के आधार पर दो अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। दही एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि जान से मारने की धमकी देने व गालीगलौज करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## दुकानदार पर किशोरी से छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव राजाबाग में दुकान किये अरुण निवासी खड़हरा मुस्तफाबाद गांव थाना हसनगंज ने सामान लेने आयी एक किशोरी से छेड़खानी कर दी। किशोरी ने यह बात घर जाकर अपनी मां को बताई तो पड़ोसी गांव निवासी किशोरी की मां ने कोतवाली में बेटी से छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।




प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


विश्व में भारत का सम्मान बढ़ाने वाले, जन-जन के नेता
यशस्वी प्रधानमंत्री
मा. श्री नरेन्द्र मोदी जी
एवं
मा. मुख्यमंत्री
श्री योगी आदित्यनाथ जी
का
हार्दिक स्वागत
वंदन एवं अभिनंदन
फिर एक बार
मोदी सरकार
विशाल जनसभा
दिनांक : 17 मई 2024, दिन-शुक्रवार
स्थान : बाराबंकी-अयोध्या हाईवे, निकट पल्हरी ओवरब्रिज, बाराबंकी
समयः प्रातः 08:30 बजे
आप सादर आमंत्रित हैं....
राजरानी रावत
भाजपा प्रत्याशी 53-लोकसभा बाराबंकी
निवेदकः भारतीय जनता पार्टी, बाराबंकी


सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास
आदरणीय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी
और
माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी
के जनपद आगमन पर कोटि -कोटि अभिनंदन
विशाल जनसभा
दिनांक- 17 मई 2024, दिन शुक्रवार,
प्रातः 8:30 बजे
स्थान- लखनऊ-अयोध्या मार्ग,
निकट जैदपुर बाईपास, नवाबगंज, बाराबंकी
राजरानी रावत
भाजपा प्रत्याशी , 53 लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी
अवनीश कुमार सिंह
भाजपा जिला प्रभारी
अरविंद मौर्य
भाजपा जिलाध्यक्ष
सचिन वर्मा
मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी त्रिवेदीगंज
राजेश कुमार वर्मा
वरिष्ठ भाजपा नेता प्रधान
मारूफ पुर
नीरज वर्मा
वरिष्ठ भाजपा नेता
त्रिवेदीगंज
संजय वर्मा
पूर्व मंडल अध्यक्ष, सदस्य
जिला कार्य समिति भाजपा,
प्रवासी हैदरगढ़

## एक नजर

### तीन दिन से लापता युवक का तालाब में मिला शव

**मसौली बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा मसौली के एक युवक की शराब के नशे में तालाब में गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर मसौली पुलिस ने पहुंचकर कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। थाना एवं कस्बा मसौली के सोनी मोहल्ला निवासी दुर्गेश नागवंशी (30) का कस्बा की मेन रोड बाजार मोड़ के निकट तालाब में शव बरामद हुआ है। सूत्रों के मुताबिक युवक बुधवार की शाम को करीब आठ बजे शराब के नशे में था। साथ में एक पन्नी में पानी वाले बताशा लिए देखा गया था। सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले लोगों ने तालाब में के निकट की पुलिया के पास चप्पल और वही पन्नी देखी गई। हालांकि दुर्गेश बुधवार की रात घर वापस नहीं आया था। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। लोगों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना पर मसौली पुलिस ने पहुंचकर शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली ने बताया कि युवक शराब का आदि था और बीमार रहता था। तालाब में डूबने से मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज गया है।

### ट्रक से टकराई बस, चालक समेत दो घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, अमृत विचार :** दिल्ली से शुकुल बाजार जा रही एक बस गुरुवार की सुबह आगे चल रहे ट्रक से टकरा गयी। हादसे में बस का चालक और एक यात्री घायल हो गया। घायल चालक एवं यात्री को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सुबेहा मार्ग पर शिवराजपुर गांव के समीप सुबह लगभग नौ बजे ओवरटेक करते समय बस ट्रक के पिछले हिस्से से से टकरा गई। बस चालक ओम प्रकाश यादव एवं आगे बैठा शुकुलबाजार जनपद अमेठी निवासी यात्री राम मनोहर घायल हो गए।

# दो प्रत्याशियों के साथ एक दर्जन नेता पीएम-सीएम के साथ साझा करेंगे मंच

## जैदपुर ओवरब्रिज के निकट प्रधानमंत्री मोदी आज जनसभा को करेंगे संबोधित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में होने वाली जनसभा में दो प्रत्याशियों सहित एक दर्जन से अधिक जनप्रतिनिधि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के साथ मंच साझा करेंगे। बाराबंकी अयोध्या हाईवे के पास जैदपुर ओवर ब्रिज के निकट होने वाली प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा में सुबह साढ़े आठ बजे पीएम नरेंद्र मोदी का हेलीकॉप्टर उतरेगा। इसमें मोहनलालगंज के प्रत्याशी कौशल किशोर और बाराबंकी की प्रत्याशी राजरानी रावत मंच पर रहेंगी। प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा में टेंट लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजनाथ सिंह के कट आउट जनसभा में लगाए गए हैं। टेंट पर लगभग दो दर्जन से अधिक कुर्सियां लगाई जा रही है। तैयारियों को अन्तिम रूप देने के लिए जिम्मेदारों ने पूरी ताकत झोंक दी है। पीएम मोदी की जनसभा में कोई भी कमी न रह जाए इसके लिए छोटी छोटी बातों का ख्याल रखा जा रहा है। गुरुवार को सुरक्षा व्यवस्था व जनसभा की तैयारियों की समीक्षा करने एडीजी अमरेन्द्र सिंह सेंगर ने पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या मंडल प्रवीण कुमार, मंडलायुक्त गौरव दयाल ने डीएम सतेन्द्र कुमार झा व एसपी दिनेश कुमार व अन्य के साथ बैठक की।



प्रधानमंत्री की रैली स्थल का जायजा लेते राज्यमंत्री सतीश शर्मा।

### मंच पर ये रहेंगे मौजूद

मोहनलालगंज के भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर, बाराबंकी प्रत्याशी राजरानी रावत, सतीश चंद्र शर्मा, सांसद उपेंद्र सिंह रावत, एमएली अवनीश कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्या, विधायक दिनेश रावत, विधायक साकेंद्र वर्मा, लोकसभा प्रवासी श्वेता सिंह, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, पूर्व विधायक बैजनाथ रावत, एमएलसी अंगद सिंह, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, रैली प्रभारी बसंत त्यागी, सह प्रभारी संजीव प्रताप सिंह समेत संगठन के अन्य लोग भी मौजूद रहेंगे।

## फूलों की माला से पीएम मोदी का होगा अभिनंदन

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिले में होंगे। मोदी तय समय से सुबह 10 :50 मिनट पर अयोध्या-लखनऊ हाईवे के पास जैदपुर ओवरब्रिज के निकट बने जनसभा स्थल पहुच कर जनता को सम्बोधित करेंगे। प्रवासी लोकसभा प्रभारी डॉ. श्वेता सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का अभिनन्दन मंच पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों व उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा चार सौ एक कमल के फूलों की माला से किया जाएगा। जनसभा में कृष्ण राधा, राम दरबार के रूप में सजे हुए कलाकारों द्वारा झांकी आने वाली जनता का ध्यान अपनी ओर खीचेंगी। डॉ. श्वेता ने बताया मातृ शक्ति वंदन की महिलाएं भगवा पगड़ी में दिखाई देगी। वहीं जिला प्रभारी



डॉ. श्वेता सिंह, लोकसभा प्रवासी



अवनीश सिंह, जिला प्रभारी व एमएलसी

व एमएलसी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि चार सौ ट्रेक्टर से किसानों का एक बड़ा जत्था एक साथ मोदी की रैली में शामिल होने आ रहा है। उन्होंने बताया कि मोदी की जनसभा को आकर्षक बनाने के लिए अलग-अलग परिवेश और संस्कृतियों का सम्मिश्रण जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए आने वाले लोगों के आकर्षण का केंद्र होगा। प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर पूरी कर ली गई हैं। मंडल संयोजक और बूथ अध्यक्ष को कार्यकर्ताओं को जनसभा तक पहुचाने और उनकी सुविधा का ध्यान रखने की जिम्मेदारी सौपी गई है। जिले में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा ऐताहासिक होने जा रही है। इस जनसभा में लगभग तीन लाख से अधिक लोगों के पहुचने की उम्मीद है।

**अभेध रहेगी सुरक्षा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गए हैं। पीएम का रैली स्थल क्षेत्र नो फ्लाइंग जोन रहेगा। साथ ही डेढ़ किलोमीटर तक की सुरक्षा अभेध रहेगी। रैली में 20 कंपनी पैरामिलिट्री, आठ आईपीएस, 50 से अधिक एडिशनल एसपी व डीएसपी सुरक्षा की कमान संभालेंगे। करीब दो से ढाई हजार की संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। हर व्यक्ति की मेटल डिटेक्टर से जांच की जाएगी। एसपीजी पूरे हालात का जायजा लेने के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर मुहर लगाएगी।

# चार सौ पार का नारा देने वालों को 150 सीटों के लाले पड़े : सुप्रिया श्रीनेत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

**अमृत विचार :** इंडिया गठबन्धन की सरकार बनते ही जनता को दस किलो राशन देंगे और देशभर में 25 लाख रुपये तक निःशुल्क इलाज की कैशलेस बीमा योजना लागू करेंगे। भाजपा का चार सौ पार का नारा संविधान को खत्म करने की साजिश थी। आरक्षण को खत्म करने का षड्यंत्र था। चार सौ पार का नारा देने वालों को 150 के लाले पड़ रहे हैं।

यह बातें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सोशल मीडिया इंचार्ज, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने गुरुवार को इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में केन्द्रीय चुनाव कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में दौरान कहीं। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि कांग्रेस का 48 पन्ने और 15339 शब्दों का न्याय पत्र एक ऐसा न्याय पत्र है जिसमें देशवासियों सभी समस्याओं का समाधान है। जो वातानुकूलित कमरे में नहीं बनाया गया है। कन्या कुमारी से कश्मीर तक पैदल भारत जोड़ों यात्रा तथा मणिपुर से मुम्बई तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने देश की जनता से मिलने और उनकी जरूरतों को जानने के बाद बनाया है। हम किसान न्याय के तहत प्रधानमंत्री मोदी की तरह अपने पूंजीपति मित्रों का 16 लाख करोड़ का कर्जा नहीं माफ करेंगे। हम देश के अन्नदाता का कर्जा माफ करेंगे। इण्डिया गठबन्धन की सरकार राष्ट्रव्यापी आर्थिक सामाजिक जाति जनगणना कराकर उनकी स्थिति में सुधार के लिये सकारात्मक कदम उठायेगी तथा 50 प्रतिशत आरक्षण का कैप हटायेंगे। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि चार चरणों के सम्पन्न हुए चुनावों में भाजपा का चार सौ पार का नारा हवा में उड़ गया है। मंगलसूत्र के बारे में पूछने पर राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि देश की सीमा पर जो जवान शहीद हो गये हैं। उनकी पत्नियां मोदी से अपने मंगलसूत्र का हिसाब मांग रही हैं। किसान आन्दोलन में प्रधानमंत्री के जिद के चलते जो 700 किसान शहीद हो गये थे। उनकी विधवाएं प्रधानमंत्री से अपने मंगलसूत्र का हिसाब मांग रही है। 10 साल की भाजपा सरकार ने समाज के सभी वर्गों को छला है। एक बात मैं दावे के साथ कह रही हूं कि देश में इण्डिया गठबन्धन के पक्ष में आंधी चल रही है। 4 जून के नतीजों में मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनने जा रहें है। 20 मई को आपके यहां चुनाव होना है यह चुनाव देश में लोकतंत्र की रक्षा और संविधान की हिफाजत का चुनाव है। तनुज पुनिया एक पढे लिखे, संस्कारी उम्मीदवार हैं। तनुज पुनिया को रिकार्ड मतों से जीत के लिये जनता से अनुरोध करने आई हूं। पत्रकार वार्ता में मूख्य रूप से पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया, पूर्व मंत्री संग्राम सिंह वर्मा के राजनीतिक सलाहकार व वैश्य कसौंधन समाज के जिला अध्यक्ष दिनेश वैश्य और कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता सरजू शर्मा मौजूद रहे।



प्रेस वार्ता को संबोधित करतीं कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत।

### युवक ने पेड़ पर फंदा लगाकर दे दी जान

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्वजनों से शराब पीने को लेकर हुए विवाद से नाराज युवक ने घर से थोड़ी दूरी पर गांव के बाहर एक बाग में पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। पुलिस के अनुसार थाना टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम मंझेला निवासी राजेन्द्र (26) पुत्र रामअवतार का शराब पीने को लेकर अक्सर घर में विवाद होता रहता था। गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे वह शराब पीकर घर पहुंचा तो इस बात को लेकर परिजनों व उसके बीच कुछ कहासुनी हो गई। जिससे नाराज होकर वह घर से बिना बताए कही चला गया। हेमराज के बाग में आम के पेड़ में गमछे से लटकता हुआ उसका शव मिला तो परिजनों में कोहराम मच गया।

# भाजपा को सत्ता जाने का सता रहा डरःतनुज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः

**अमृत विचारः** इंडिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया ने गुरुवार को शहर में दलित बस्ती, देवा रोड वार्ड व अन्य स्थानों से जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा को सत्ता से जाने का डर सता रहा है। इसलिये उनकी भाषा बदल गयी है।

देश के अन्नदाता नौजवान किसी के बहकावे में न आयें। वह इंडिया गठबन्धन की प्राथमिकता में हैं। तनुज पुनिया ने कहा कि संसदीय क्षेत्र बाराबंकी हमारे परिवार की राजनीतिक कर्मभूमि है। यहां की जनता का स्थान हमारे दिल में है। इनके साथ कभी धोखा या विश्वासघात नहीं कर सकता। यदि लोगों का आशीर्वाद से हमें इनकी सेवा करने का मौका मिला तो क्षेत्र की जनता की खुशहाली और विकास के लिये कोई कसर नहीं छोड़ूंगा और जनता के सुख-दुख में हमेशा शामिल रहकर हर सम्भव समस्याओं के समाधान का प्रयास करूंगा। इस दौरान पूर्व मंत्री संग्राम सिंह वर्मा के राजनीतिक सलाहकार व वैश्य कसौंधन समाज के जिला अध्यक्ष दिनेश वैश्य, सपा नेता दानिश सिद्दीकी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



जनसंपर्क करते तनुज पुनिया। अमृत विचार

# गठबंधन को मिल रहा समर्थन : किदवाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** विधानसभा रामनगर में पूर्व मंत्री व विधायक फरीद महफूज किदवाई ने विभिन्न क्षेत्रों सैदनपुर, रामपुर, भवानीपुर, कटरा और शहरी आदि सैकड़ों गांवों जाकर डोर-टू-डोर जनसंपर्क करके इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के लिए समर्थन मांगा।

विधायक फरीद महफूज किदवई ने कहा कि बाराबंकी इंडिया गठबंधन के पक्ष में स्पष्ट और निर्णायक जनादेश की पूर्व पीठिका रच-बुन रहा है। जनपद की सभी विधानसभा क्षेत्रों में इंडिया गठबंधन को अपार जनसमर्थन मिल रहा है। नरेंद्र मोदी और भाजपा गरीबों का सबसे ताकतवर हथियार संविधान उनसे छीन लेना चाहते हैं। अगर आप संविधान की रक्षा के लिए नहीं खड़े हुए तो आपके अधिकार छीन कर आत्मसम्मान को रौंदा जाएगा। इसलिए अपनी कमर कस लीजिए। संविधान के विरोधियों को सत्ता से उखाड़ फेंकिए। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि व प्रदेश सचिव लल्लन वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रीतम वर्मा, मौलाना असलम, पूर्व ब्लाक प्रमुख, सुरेश चंद गौतम, चौधरी शमीम खान समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



लोगों को संबोधित करते फरीद महफूज किदवाई। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### महिलाएं लोगों को भेज रहीं मतदान के लिए आमंत्रण



मतदान आमंत्रण पत्र देती महिलाएं। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता आमंत्रण अभियान के अंतर्गत महिलाओं द्वारा अभूतपूर्व कार्य करते हुए मतदान आमंत्रण भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राम स्तर पर लोकतंत्र के पर्व का उत्सव मनाने के लिए महिलाएं विशेष रूप से उत्साहित हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस तरह के प्रयास से उन्हें पूरा भरोसा है कि आने वाली 20 मई को मतदान प्रतिशत में जरूर बढ़ोतरी होगी।

### महाराणा प्रताप की जयंती पर घोषित होगा अवकाश



गोप के आवास पर मौजूद संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षत्रिय शिरोमणि महाराणा प्रताप संगठन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप के सिविल लाइन आवास पर भेंट कर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का महाराणा प्रताप की जयंती पर घोषित किए गए अवकाश के लिए आभार व्यक्त करते हुए प्रतीक चिन्ह एवं साफा बांधकर सम्मानित किया। इस दौरान गोप ने कहा कि पार्टी सभी महापुरुषों का सम्मान करती हैं। अखिलेश यादव के पुन: मुख्यमंत्री बनते ही महाराणा प्रताप की जयंती पर पुन: अवकाश घोषित किया जाएगा। पदाधिकारियों ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पूनिया का समर्थन करने का ऐलान किया। इस मौके पर राजेश सिंह, राज कुमार, रामेंद्र, सुशील, नवीन, आनंद, शिवकुमार समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### प्रसव के बाद घर में ही महिला की मौत

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** आशा बहू ने प्रसव पीड़ित महिला को सरकारी अस्पताल के बजाय प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवा दिया। यहां चिकित्सकों ने प्रसव के 4 घंटे बाद प्रसूता को डिस्चार्ज कर दिया। हालत बिगड़ने पर परिजन एंबुलेंस के माध्यम से लेकर सीएचसी रामनगर पहुंचे जहां डाक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया। मामला थाना रामनगर की ग्राम बढ़ैया पुरवा मजरे गर्री का है। यहां के निवासी अनिल पाल की पत्नी कंचन पाल को प्रसव होना था। गुरुवार को दिक्कत बढ़ने पर अनिल पाल ने आशा बहू से संपर्क किया आशा बहू ने प्रसव पीड़ित महिला को बताया कि सरकारी अस्पताल में दिक्कत होती है चलो तुम्हें बढ़िया प्राइवेट हॉस्पिटल में डिलीवरी करवा देंगे यह कहकर उन्हें रामनगर स्थित एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती करवा दिया। परिजनों के मुताबिक 10 बजे प्रसव पीड़ित महिला को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया करीब 11 :05 मिनट पर उसने बच्चे को जन्म दिया। 3 :20 मिनट पर प्रसूता को डिस्चार्ज कर वापस भेज दिया गया। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने अस्पताल के द्वारा दिए गए नंबर पर फोन करके पूछा तो उन्होंने कहा कि एक खुराक दवा खिला दीजिए। पति ने बताया दवा खिलाने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ बल्कि हालत और बिगड़ने लगी। जिस पर एंबुलेंस को फोन करके बुलाया गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सीएचसी अधीक्षक मुकुंद पटेल का कहना है की मामला संज्ञान में आया है। आशा बहू के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सुमन हॉस्पिटल रामनगर में कहा पर संचालित इसकी जानकारी मुझे नही है। कल जांच की जायेगी यदि हॉस्पिटल रजिस्टर्ड नही पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में पूछे जाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। अधीक्षक से अभी बात करता हूं।

### मंजिठा धाम में आठ लाख से बनेगा शिव मंदिर

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** पौराणिक नाग देवता मंदिर के पास स्थित अभरण में शिव मंदिर निर्माण के लिए कार्य शुरू हो गया है। कमेटी ने अभरण से पानी निकासी के लिए पंपिंग सेट लगवाया है। पानी निकालने के बाद इंजीनियर बुलाकर नक्शा तैयार कराया जाएगा। इसके बाद तालाब में मंदिर का निर्माण होगा। नाग देवता मेला कमेटी के प्रबंधक देवकीनंदन वर्मा, अशोक कुमार, रुमसुम वर्मा, मोहित कुमार वर्मा, राजबहादुर वर्मा, गिरजा शंकर, तथा लालता प्रसाद कोरी सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में पंपिंग सेट लगाकर अभरण से पानी निकासी का कार्य शुरू हो गया है।

### दुर्घटना में महिला की मौत, पति घायल

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, अमृत विचारः** बदोसरांय-टिकैतनगर मार्ग पर मोहद्दीनपुर शराब ठेके के पास ओव टेक करते समय पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव को दफना दिया।

गुरुवार को गुलशन अपने पति अनवर के साथ बाइक से मायके ग्राम बरोलिया आ रही थी। मोहद्दीपुर के पास पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दंपति घायल हो गए। घायलों को संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया। अस्पताल पहुंचते ही महिला की मौत हो गई। वहीं घायल पति का उपचार कर घर भेज दिया गया।

# मधुमक्खी पालकों व मतदाताओं को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः

**अमृत विचरः** सोमवार 20 मई को विश्व मधुमक्खी दिवस है। यह एक संयोग है कि इसी दिन पांचवे चरण के तहत बाराबंकी लोकसभा सीट पर मतदान भी होना है। लोकतंत्र के पर्व पर जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार और जनपद के मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन के नेतृत्व में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जनपद के मुख्य मधुमक्खी पालकों द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इस क्रम में गुरुवार को विकासखंड हरख के ग्राम दरावपुर और विकासखंड फतेहपुर के ग्राम रजौली में जिले के मुख्य मधुमक्खी पालक अजीत कुमार व निमित सिंह के साथ जिला उद्यान अधिकारी (डीएचओ) महेश कुमार श्रीवास्तव और वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक गणेश चंद्र मिश्रा ने लोगों को मतदान करने के लिये जागरुक किया। साथ ही मतदाताओं को मतदाता शपथ भी दिलाई। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी के मिठास भरे संदेश से मतदाताओं में अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। जिला उद्यान अधिकारी महेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सभी वयस्क जो मतदान करने के लिए अधिकृत हो चुके हैं, वह सब अपने सारे काम छोड़कर सबसे पहले अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। यह सुअवसर आपको भारतीय लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए मिला है।

उन्होंने कहा कि आपका एक-एक वोट राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक है। इससे स्वयं को वंचित न करें। 20 मई को समय से घर से निकलें और अपने निर्धारित बूथ पर पहुंच कर वोट जरूर डालें। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप अपना वोट तो डालें ही, साथ ही आप अपने आसपास के लोगों को भी अनिवार्य रूप से मताधिकार प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे। जिससे बाराबंकी में इस बार मतदान के पिछले सारे रिकॉर्ड टूटें और 70 फीसदी से अधिक पोलिंग हो सके।



मतदाताओं को जागरुक करते डीएचओ महेश श्रीवास्तव। अमृत विचार

> लोकतंत्र में मतदान से बड़ा कोई भी महापर्व नहीं होता। जिले में बड़ी संख्या में लोग मधुमक्खी पालन का काम करते हैं। इसलिये स्वीप कमेटी ने मधुमक्खी को शुभंकर के लिये चयनित किया था। मधुमक्खी जिस तरह से वातावरण में मिठास घोलती है, ठीक उसी तरह वह जिले भर में चुनावी प्रक्रिया के दौरान भी मिठास घोलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी की मिठास से जनपद के मतदाता अतिउत्साहित हैं। उन्हें विश्वास है कि जिले के मतदाता अधिक से अधिक मतदान करके पुराने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ देंगे। हमारा लक्ष्य 70 फीसदी से अधिक मतदान कराना है।
>
> **-सत्येंद्र कुमार,** जिला निर्वाचन अधिकारी।

**समस्या** — रिबोर किये गये हैंडपंप भी उगल रहे हैं दूषित पानी, पेयजल के लिए ग्रामीण परेशान

# 20 हजार की आबादी में 35 हैंडपंपों में से आधे से अधिक खराब

सुढ़ियामऊ, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भीषण धूप व गर्मी में लोग परेशान हैं। ऐसे में लोग शुद्ध पेयजल तक के लिए तरस रहे हैं। कहने को इंडिया मार्का हैंडपंप बड़ी संख्या में लगे हैं, लेकिन अधिकांश खराब पड़े हैं। ऐसे में पेयजल संकट लोगों को प्रभावित कर रहा है। ब्लॉक में शिकायत के बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। जबकि शासन से निर्देश दिए गए थे कि गर्मी शुरू होने से पहले ही खराब हैंडपंपों की मरम्मत करा दी जाए। जो रिबोर लायक हैं, उनका रिबोर करा दिया जाए। ताकि गर्मी में पेयजल संकट का सामना लोगों को न करना पड़े। लेकिन ब्लाक अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे।

ब्लॉक सूरतगंज के अंतर्गत 103 ग्राम पंचायत हैं। वहीं सूरतगंज कस्बे में करीब बीस हजार की आबादी पर लगभग 35 से अधिक इंडिया मार्का हैंडपंप लगे हैं। इनमें से आधे से अधिक खराब हैं। कई हैंडपंप हेडविहीन हैं। कुछ रिबोर कराने लायक हैं। रिबोर कराने वाले हैंडपंपों से दूषित पानी आ रहा है। गर्मी चरम पर पहुंच रही है। हैंडपंपों की मरम्मत को लेकर जिम्मेदार सजग नहीं हैं। सार्वजनिक स्थलों पर हैंडपंप खराब होने से अधिक दिक्कतें हो रही हैं। ग्रामीणों की शिकायतों को नजर अंदाज किया जा रहा है। दुकानदार कमलेश, कुलदीप, उमाकांत, महेंद्र आदि ने बताया कि बाजार का हैंडपंप सालों से खराब पड़ा है।

> सूचना मिलते ही खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराई जा रही है। सभी सचिवों को निर्देशित भी किया गया है कि अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में रिबोर व मरम्मत योग्य हैंडपंपों को ठीक कराकर पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करें।
>
> **-देवेंद्र प्रताप सिंह,** बीडीओ, सूरतगंज।

#### केस 1



मैन चौराहा पर खराब हैंडपंप।

सिंह प्रिंटिंग प्रेस के सामने लगा हैंडपंप वर्षों से खराब पड़ा है। हैरत की बात यह है कि नल का आधा हिस्सा ही गायब हो गया है। लोगों की शिकायत के बावजूद भी नल को ठीक नहीं कराया गया है। ऐसे में दुकानदारों व राहगीरों को प्यास बुझाने के इधर उधर भटकना पड़ता हैं

#### केस 2



कन्दरवल खुर्द में खराब पड़ा हैंडपंप।

वहीं ग्राम पंचायत कन्दरवल खुर्द में गांव के बाहर सड़क किनारे झाड़ियों में लगा हैंडपंप भी सालों से खराब है। नल का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह से टूट कर ढहने की कगार पर है। ऐसे में राहगीरों को पानी पीने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं।

#### केस 3



राम मंड़ाई गांव का हैंडपंप।

राम मंड़ाई गांव में स्थित बने उप-स्वास्थ्य केंद्र के सामने लगा हैंडपंप सालों से खराब है। केंद्र पर आने वाले मरीजों को पानी पीने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। ओमप्रकाश, दिलीप, राकेश, कलीम आदि ने बताया कि की सालों से हैंडपंप बनवाने के लिए कोई सुधि नहीं ले रहा है।

## एक नजर

### दो नोटरी अधिवक्ता नियुक्त

**रुदौली अयोध्या। अमृत विचार :** कानून एवं न्याय मंत्रालय भारत सरकार के न्याय विभाग ने तहसील के अधिवक्ता अनिल कुमार मिश्र और बलदेव शर्मा को नोटरी अधिवक्ता नियुक्त किया है। तहसील रुदौली के दो अधिवक्ताओं के नोटरी अधिवक्ता चयन पर विधायक रामचंद्र यादव, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरि नारायण यादव, महामंत्री संतोष पांडे, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, राम भोला तिवारी, कुलभूषण यादव, साहब शरण वर्मा आदि ने प्रसन्नता जताई है।

### दुर्घटना में घायल युवक ने तोड़ा दम

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के उजरियापुर के पास सड़क दुर्घटना में घायल मनऊपुर गांव निवासी सत्य प्रकाश सिंह (22) ने गुरुवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। किसी अज्ञात वाहन के टक्कर से गंभीर रूप से घायल सत्यप्रकाश को लोगों ने सीएचसी पाराराम में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सक ने रेफर करने की बजाय इलाज कर घर भेज दिया। उसकी गुरुवार सुबह 10 बजे अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजनों पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक थाना हैदरगंज मोहम्मद अरशद ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### पॉक्सो एक्ट में आरोपी को पांच साल की सजा

**अयोध्या, अमृत विचार :** पांच वर्षीय मासूम के साथ अश्लील हरकत करने के एक मामले में कोर्ट ने आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 20 हजार का जुर्माना भी हुआ है। फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो



एक्ट अमर सिंह की अदालत से गुरुवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुधाकर मिश्रा व अभिषेक रघुवंशी ने बताया कि घटना 9 अप्रैल 2021 की है। थाना मवई के गांव में पीड़िता पांच वर्षीय मासूम अपनी बुआ व अन्य लड़कियों के साथ अपने खेत गई थी। लौटते समय रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे शाह मोहम्मद निवासी चिर्रा थाना टिकैतनगर जिला बाराबंकी ने उसके साथ अश्लील हरकत की। मासूम रोने पर उसकी बुआ दौड़कर पहुंची तो आरोपी भाग गया। इसकी रिपोर्ट अश्लील हरकत व पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत लिखाई गई थी।

### डायल 112 के बेड़े में शामिल हुई एम हॉक स्कार्पियो

**अयोध्या, अमृत विचार :** डायल 112 के रिस्पांस टाइम को और पुख्ता करने के लिए शासन की ओर से पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत जिले को आठ एम हॉक स्कॉर्पियो उपलब्ध कराई गई हैं। पुलिस विभाग के परिवहन शाखा के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मिश्र ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि ये वाहन अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं।

# अस्पताल में केजीएमयू की डिग्री, घर के बाहर एम्स दिल्ली का बोर्ड

अयोध्या कार्यालय

- जिला अस्पताल के संदिग्ध चिकित्सक का फर्राटेदार अंग्रेजी बोलते वीडियो वायरल
- केजीएमयू ने विनोद सिंह की डिग्री को बताया फर्जी, अब एमसीआई की रिपोर्ट का इंतजार

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ के पद पर तैनात रहे चिकित्सक डॉ. विनोद कुमार सिंह के इस्तीफे के बाद उनकी मेडिकल डिग्रियों की जांच शुरू हो गई है। 10वीं और 12वीं को छोड़कर उनकी मेडिकल की सभी डिग्रियां संदेह के घेरे में आ गई हैं। अब नई बात यह सामने आ रही है कि विनोद कुमार ने जिला अस्पताल में किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) की डिग्री लगाई थी, जबकि आवास पर एमडी मेडिसिन दिल्ली एम्स का बोर्ड लगा रखा है। हालांकि केजीएमयू ने विनोद सिंह की डिग्री को फर्जी करार दिया है। इधर, डिग्रियों पर बहस चल ही रही थी कि वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे को लेकर उनका एक फर्राटेदार अंग्रेजी बोलते हुए वायरल वीडियो ने हलचल पैदा कर दी है।

जिला अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ का पद काफी दिनों से रिक्त था। शासन की तरफ से छह माह पहले विनोद सिंह की नियुक्ति की गई थी। वह ओपीडी में प्रतिदिन मरीज देखते थे। अप्रैल माह के अंत में उनकी डिग्रियों को पी-टू पोर्टल पर अपलोड कराया गया तो केजीएमयू से जारी एमडी मेडिसिन की डिग्री में सीरियल नंबर दर्ज नहीं था। इसके बाद उनका वेतन रोक दिया गया। सूत्र बताते हैं कि इसी खुन्नस में आकर उन्होंने इस्तीफा सौंप दिया। तब से विनोद सिंह का मोबाइल भी बंद चल रहा है। सूत्रों का कहना है कि सहादतगंज में ही उनका निवास स्थान है। आसपास के लोगों के मुताबिक डॉक्टर साहब गांव गए हुए हैं। उनके आवास के बाहर दिल्ली एम्स से एमडी मेडिसन और चंडीगढ़ पीजीआई से डीएम कार्डियोलॉजी करने का बोर्ड लगा हुआ है, जबकि जिला अस्पताल के चिकित्सकों का कहना है कि उनके पास डीएम कार्डियोलॉजिस्ट की डिग्री ही नहीं थी। एमडी मेडिसन की डिग्री होने के नाते हृदय रोग के मरीजों का इलाज करते थे।





आवास के बाहर लगा एमडी मेडिसिन दिल्ली एम्स का बोर्ड।

### हाईपरटेंशन पर बनाया 3:53 मिनट का वीडियो

17 मई को वर्ल्ड हाईपरटेंशन डे है। इस पर विनोद सिंह का एक वीडियो वायरल हो रहा है। तीन मिनट 53 सेकेंड के इस वीडियो में एक-दो शब्द छोड़कर वह फर्राटेदार अंग्रेजी बोलते नजर आ रहे हैं। काली शर्ट और सदरी डाले विनोद सिंह हाईपरटेंशन से बचाव के सुझाव दे रहे हैं। हालांकि इस वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

### थार और ऑडी से पहुंचते थे अस्पताल, 1.35 लाख वेतन

फर्जी डिग्रियों के मामले में विनोद सिंह का नाम उछलने के बाद अब धीरे-धीरे अस्पताल प्रशासन ही उनकी कलई खोलता जा रहा है। बताया जाता है वो कभी क्रेटा, थार तो कभी ऑडी से अस्पताल पहुंचते थे। गले में सोने की मोटी चेन और हाथों में अंगूठियां चमचमाती थीं। विनोद सिंह यहां लेवल टू के डॉक्टर थे और एक लाख 35 हजार के करीब वेतन पाते थे।

### एमडी मेडिसन और डीएम कार्डियोलॉजी में है बड़ा अंतर

मेडिकल की पढ़ाई में एमबीबीएस करने के बाद विद्यार्थी एमडी करता है। मतलब डॉक्टर ऑफ मेडिसिन। डीएम का मतलब डॉक्टरेट ऑफ मेडिसिन है जो एमडी के तीन साल बाद किया जाता है। एमडी मेडिसन में शरीर के सभी अंगों के बारे में पढ़ाया जाता है, जबकि डीएम करने का मतलब है कि शरीर के किसी एक अंग के बारे में विशेषज्ञता हासिल करना है। अस्पताल की 16 नंबर ओपीडी में विनोद सिंह खुद को डीएम कार्डियो बताते थे। यहां कार्डियो का मतलब हृदय रोग होता है।

### लखनऊ में भी की है प्रेक्टिस

विनोद ने 2012 में अंजनीपुरम फैजाबाद में क्लीनिक खोला और सीएचसी हरैया बस्ती के सामने गुप्ता मेडिकल स्टोर पर भी प्रेक्टिस करते थे। जिला अस्पताल में नियुक्त होने से पहले वह लखनऊ के बालाजीपुरम में एक बड़े हॉस्पिटल में प्रेक्टिस करते थे।

> विनोद सिंह ने डॉक्टूमेंट्स सिर्फ एमडी मेडिसन के लगा रखे थे। उनके पास डीएम की डिग्री नहीं थी। वायरल वीडियो के बारे में जानकारी नहीं है। लोगों से अपील है उनके सुझाव को फालो न करें। **-डॉ .उत्तम कुमार, सीएमएस जिला अस्पताल।**

> केजीएमयू ने विनोद सिंह की एमडी कि डिग्री को फर्जी करार दिया है। अब मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) की रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट मिलते ही शासन को आख्या भेजी जाएगी। उसके बाद एफआईआर कराई जाएगी। **- डॉ . संजय जैन, सीएमओ**

# डीजे-लाइट कारोबारी की हत्या

## दुकान में वारदात को दिया अंजाम, बिस्तर पर खून से लथपथ मिला शव

मिल्कीपुर/अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** इनायतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बसावां में एक डीजे व लाइट कारोबारी की किसी वजनी औजार से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी गई। कारोबारी का शव उसकी दुकान में बिस्तर पर खून से लथपथ मिला है। वारदात की जानकारी के बाद क्षेत्र में हलचल मच गई। घटनास्थल की एफएसएल से जाँच कराई गई है। एसएसपी समेत अन्य अधिकारियों ने मौका-मुआयना किया है। पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्जकर दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। खबर लिखे जाने तक उनसे पूछताछ जारी थी।

थाना क्षेत्र के ग्राम टकसरा का निवासी छेदीलाल चौरसिया (56) पुत्र राम प्रताप अपने गांव से लगभग पांच किमी. दूर शाहगंज-प्रभात नगर मार्ग पर ग्राम बसावां में सड़क किनारे मकान बनवाकर अशोक डीजे के नाम से डीजे और लाइट का कारोबार करता था। इसी मकान में उसने गोदाम भी बना रखा था। रोज की तरह वह खा-पीकर बुधवार रात दुकान में सोने गया था। उसका बेटा जगदीश चौरसिया गुरुवार सुबह घर से दुकान पर पहुंचा। शटर खोलकर भीतर घुसा तो चारपाई पर पिता का रक्तरंजित शव देख अवाक रह गया। उसने मामले की जानकारी पुलिस को दी। एसपी देहात एके सोनकर ने मिल्कीपुर सीओ सुनील कुमार सिंह व थाना प्रभारी संदीप कुमार सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। साक्ष्य संकलन व जाँच-पड़ताल के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम को मौके पर बुला लिया। पुलिस और एफएसएल टीम की पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। पुलिस के अनुसार मृतक के सिर पर दो गहरे घाव मिले हैं।



रोते बिलखते मृतक व्यवसायी के परिवारीजन।



घटना के बाद गुरुवार सुबह मौके पर जुटे लोग।



छेदीलाल चौरसिया (फाइल फोटो)

**वारदात**

- इनायतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बसावां की घटना
- एसएसपी ने किया मौका-मुआयना, तीन के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज, दो हिरासत में

> इनायतनगर पुलिस ने मृतक कारोबारी के बेटे की तहरीर पर तीन नामजद लोगों के खिलाफ हत्या की धारा में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। मामले में जाँच और कार्रवाई के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है। पुलिस ने नामजद दो आरोपियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। जल्द मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा। **- राजकरन नय्यर, एसएसपी**

### दुकान में चोरी करने वालों ने अंजाम दी घटना

मृतक के दूसरे बेटे अशोक कुमार का कहना है कि 20 दिन पहले कुछ लोगों ने दुकान से 12 लाइट चोरी कर ली थी। छानबीन के बाद क्षेत्र के ही हल्ले द्वारिकापुर निवासी अरूण चौहान व करन चौहान का नाम प्रकाश में आया था। दबाव बनाने पर दोनों ने चोरी किया सामान वापस कर दिया था। जिसके चलते पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। उनका कहना है कि इसी रंजिश के चलते दोनों ने सुल्तानपुर जिला निवासी शिवा के साथ मिलकर दुकान में सो रहे पिता की हत्या कर दी। तहरीर पुलिस को दी गई है।

# दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार:** दो दिवसीय दौरे पर पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद शुक्रवार को ट्रेन से अयोध्या आएंगे। दो दिन के अपने प्रवास में वह रामलला के दर्शन के साथ हनुमानगढ़ी, कनक भवन में दर्शन पूजन के साथ सरयू आरती मे शामिल होंगे। जैन साध्वी ज्ञानमती माता से मुलाकात करेंगे।

पूर्व राष्ट्रपति ट्रेन से दोपहर लगभग ढाई बजे अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। वहां से वह अयोध्या में रिषभदेव दिगंबर जैन मंदिर बड़ी मूर्ति रायगंज के गेस्ट हाउस जाएंगे। उनके साथ पत्नी, बेटी सहित अन्य लोग होंगे। शाम को लगभग छह बजे सरयू घाट पर मां सरयू आरती में शामिल होंगे। वहां से लगभग साढ़े सात बजे हनुमानगंढ़ी में दर्शन पूजन करेंगे। आठ बजे गेस्ट हाउस वापस लौट जाएंगे। 18 मई को सुबह पौने छह बजे रामलला का दर्शन-पूजन करने के लिए श्री राम मंदिर पहुंचेंगे। यहां लगभग डेढ़ घंटे रहेंगे। इसके बाद साढ़े सात बजे कनक भवन में भगवान कनक बिहारी का दर्शन पूजन करेंगे। आठ बजे वापस गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। इसके बाद पौने दस बजे वह जैन साध्वी ज्ञानमती से मिलेंगे। पूर्व राष्ट्रपति के दौरे के दौरान शांति व सुरक्षा को लेकर डीएम नितीश कुमार ने लगभग 60 मजिस्ट्रेट अलग-अलग स्थान पर तैनात किये हैं।

# आज आएंगे सीएम योगी व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल आज शुक्रवार को अयोध्या आएंगे।

फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अमानीगंज बाजार स्थित एक मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। केन्द्रीय मंत्री व अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल सोहावल क्षेत्र के अरकुना चौराहे के बगल मैदान में जनसभा को संबिधत करेंगी। मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि सीएम योगी की जनसभा दोपहर एक बजे से और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की जनसभा तीन बजे से होगी। जनसभाओं को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई

- एक बजे योगी और तीन बजे अनुप्रिया पहुंचेगी जनसभा स्थल





डीएम का नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी नितीश कुमार का नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ है। यह सम्मान उन्हें सबसे बड़ा, तैरता हुआ स्वीप लोगो स्थापित करवाने के लिए दिया गया। एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के निर्णायक नरविजय यादव ने गुरुवार को अवध विश्वविद्यालय के विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में जिलाधिकारी को मेडल व प्रमाण-पत्र सौंपा। नरविजय यादव ने 15 मई को सरयू नदी में तैरते 69 गुणे 15 .8 फीट साइज के लोगो का निरीक्षण कर रिकॉर्ड बनने की पुष्टि की थी।



डीएम नितीश कुमार को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया

### हादसे में शिक्षक की मौत, शिक्षिका गंभीर

**रुदौली, अयोध्या :** कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर नवीन सब्जी मंडी के पास गुरुवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक शिक्षक की मौत हो गई। जबकि उसके साथ रही शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गई। उसको मेडिकल कॉलेज दर्शननगर में भर्ती है। दोनों अयोध्या धाम के रायगंज और रानोपाली के रहने वाले बताए जाते हैं। प्राथमिक विद्यालय सराय पीर में कार्यरत प्रधानाध्यापक अनूप मिश्रा गुरुवार दोपहर लगभग एक बजे सहायक अध्यापिका प्रीति मौर्य के साथ घर जाने के लिए निकले थे। घर जाने के लिए हाईवे पर पैदल रोड क्रॉस कर रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी समय उधर से गुजर रहे रुदौली विधायक रामचंद्र यादव मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस को बुलाकर दोनों घायलों को सीएचसी रुदौली भिजवाया।

# गर्भपात के लिए लखनऊ भेजी गई दुष्कर्म पीड़िता

अयोध्या, कार्यालय

- हाईकोर्ट ने केजीएमयू प्रशासन को दिया था आदेश

**अमृत विचार।** अनचाहे गर्भ से निजात हासिल करने का पहला क़ानूनी मामला जिले में प्रकाश में आया है। हालांकि अभी यह क़ानूनी प्रक्रिया में है। उच्च न्यायालय के आदेश पर दुष्कर्म पीड़िता अपनी माँ की देखरेख में लखनऊ केजीएमयू गई है। जहां अदालत के आदेश पर सात डॉक्टरों के पैनल ने प्रक्रिया शुरू की है। पैनल की रिपोर्ट पर हाईकोर्ट 22 मई को सुनवाई करेगा।

अयोध्या कोतवाली क्षेत्र निवासी एक 14 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवक ने अगवा कर लिया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर मेडिकल परीक्षण और बयान दर्ज कराया तो दुष्कर्म किए जाने की बात सामने आई। पुलिस ने दर्ज मामले में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई। काशीराम कॉलोनी में रहने वाले मांझा बरेहटा खाले का पुरवा के मूल निवासी भरत अग्रहरि को गिरफ्तार कर चालान किया। 15 अप्रैल को हुए मेडिकल परीक्षण में किशोरी के गर्भवती होने की बात सामने आई थी, जिसको लेकर उसकी मां ने लखनऊ हाई कोर्ट में याचिका दाख़िल कर गर्भपात की अनुमति मांगी थी। अधिवक्ता अम्बरीष त्रिपाठी व रमापति शुक्ल की पैरवी पर न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व नरेंद्र कुमार जौहरी की खंडपीठ ने 13 मई को केजीएमयू के कुलपति को बोर्ड बना गर्भ की उम्र आदि व गर्भपात से पीड़िता के स्वास्थ्य आदि पर प्रभाव की रिपोर्ट तलब की। अदालत के आदेश पर पीड़िता को लेकर उसकी मां लखनऊ पहुंच गई है और पैनल से काउंसलिंग तथा जाँच कराई है।




# परीक्षा देने जा रहे छात्र को डंपर ने रौंदा, मौत

## दूसरा छात्र गंभीर रूप से घायल, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कमरे से निकल साथियों के साथ परीक्षा देने जा रहे छात्र को तेज रफ्तार डंपर ने रौद दिया। घायल छात्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, वहीं दूसरे छात्र का इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेते हुए मृतक छात्र के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

करौंदीकला थाना क्षेत्र के उधरनपुर गांव निवासी अधिवक्ता राम नाथ प्रजापति का 21 वर्षीय पुत्र अमरेंद्र कुमार केएनआई फरीदीपुर में बीएससी एजी का छात्र था। गांव के ही शशिकांत पुत्र हौसिला के साथ नगर कोतवाली के गोलाघाट के समीप कमरा लेकर रहता था। गुरुवार की सुबह परीक्षा देने कमरे से निकल साथी के साथ पैदल ही कोतवाली नगर के पांचोपीरन के नासिरगंज के पास पहुंचा था। तभी सामने से आ रही अनियंत्रित डंपर ने उसे व उसके साथी को चपेट में ले लिया। डंपर से घायल हुए अमरेन्द्र कुमार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, घायल साथी शशिकांत का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। राहगीरों ने आरोपित डंपर को रोक लिया, लेकिन चालाक भाग निकला। स्थानीय लोगों ने रोड जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेते हुए रोड खाली कराया। सुरक्षा की दृष्टि से फोर्स तैनात कर दिया। वहीं मृतक छात्र के परिजनों को सूचित किया।

नगर कोतवाल श्री राम पांडेय ने बताया कि छात्र के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस द्वारा डंपर को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।


हादसे के बाद सड़क पर जाम लगाते लोग व इनसेट में मृतक छात्र की फाइल फोटो।

### ट्रक में घुसी बेकाबू कार, बालक समेत चार गंभीर

**चांदा, सुलतानपुर :** कोलकाता से दिल्ली जा रही एक कार तेल भराने के लिए पेट्रोल पम्प की तरफ मुड़ते वक्त अनियंत्रित होकर पहले से खड़ी ट्रक में जा घुसी। हादसे में एक बालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को सीएचसी पीपी कमैचा से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। चांदा कोतवाली क्षेत्र स्थित वाराणसी–लखनऊ राजमार्ग पर प्रतापपुर कमैचा गांव के एक पेट्रोल पम्प के समीप दुर्घटना हुई। पश्चिम बंगाल के कोलकाता से एक परिवार वाराणसी भ्रमण पर आया था। वाराणसी से अल्टो कार से अभिजीत दास (30) पुत्र दिलीप दास, सोहनी दास (27) पत्नी अभिजीत दास, हर्षवीर (8) पुत्र सुमित और दीपिका (35) पति सुमित दिल्ली जा रहे थे। चालक ने फ्यूल भराने के लिए कार को चांदा कोतवाली क्षेत्र के प्रतापपुर कमैचा गांव के समीप लखनऊ वाराणसी फोरलेन हाइवे किनारे स्थित फिलिंग स्टेशन की ओर मोड़ा। उसी समय अनियंत्रित होकर कार फिलिंग स्टेशन के समीप खड़ी ट्रक के पीछे जा घुसी। हादसा इतना भयानक था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार बच्चे समेत चारों लोग घायल हो गये। वहां मौजूद लोगों की सहायता से कार सवारों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया, जहां चारों की हालत गंभीर होने की दशा में चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसमें घायल बालक हर्ष वीर की हालत गंभीर बनी हुई है।

## अखंडनगर में 7 अपराधियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** डीएम के आदेश पर अखंडनगर थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने गैंगस्टर की कार्यवाही की है। पुलिस की कार्यवाही से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। अखंडनगर पुलिस को जानकारी मिली कि सात लोग गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ के लिए आपराधिक गतिविधियां संचालित करते हैं। जांच पड़ताल कर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्यवाही के लिए डीएम से अनुमति मांगी थी। डीएम के निर्देश पर अखंडनगर थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने एक ही गांव के गैंग लीडर समेत सात लोगों पर गैंगस्टर की कार्यवाही की है। रायपुर गांव निवासी गैंग लीडर गुलशन, साथी जितेंद्र, श्याम विजय, प्रेम चंद, दीपक, रविंद्र उर्फ अंगूरे व शुभम पर गैंगस्टर की कार्यवाही की पुष्टि थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने की है।

## एक नजर

### नकदी व जेवरात लेकर प्रेमी संग युवती फरार, केस दर्ज

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** भाई ने स्थानीय थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि बगल के गांव का एक युवक उसकी बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया। घर से जाते समय उसकी बहन ने घर पर रखे उसकी मां व पत्नी के आभूषण व घर पर रखे एक लाख नगदी ले गई है। उसने आरोप लगाया है कि उसे भगाने युवक के परिजन पूरी तरह शामिल थे। पुलिस ने तहरीर पर आरोपी युवक व उसके परिजनों पर केस दर्ज कर लिया है।

### बियर के सेल्समैन को पीटने का आरोप

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय के पारा बाजार के हलियापुर रोड पर स्थित बियर की दुकान पर राम धीरज यादव पुत्र संतराम निवासी पूरे किशुन दत्त अलियाबाद थाना बल्दीराय बियर की बिक्री करता है। आरोप है कि बीती रात 9 बजे आरोपी हर्षित तिवारी निवासी कानपुर बियर की दुकान पर घुस कर कहा पांच केन बियर मुझे दीजिए। बिना पैसे के बियर देने से मना किया तो आरोपी हर्षित तिवारी ने मुझे लात घूसों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी भी दिया, जिसकी शिकायत बल्दीराय थाने में की है।

### बाइक की ठोकर से महिला घायल

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय के शहजौरा में सिलाई का काम करने वाले अपने दिव्यांग पुत्र को भोजन देकर घर वापस आ रही महिला को शहजौरा में ही सड़क पार करते समय बाजार की तरफ से आ रही बाइक सवार ने ठोकर मार दिया। टक्कर से महिला श्यामपती पत्नी रामबरन निवासी पूरे धैकार कस्बा माफियात के सिर में गंभीर चोटें आई है। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस के सहयोग से सीएससी बल्दीराय उपचार के लिए भेजा। पुलिस जांच कर रही है।

## अवैध शराब के साथ दो महिलाओं समेत 3 गिरफ्तार

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः** आबकारी निरीक्षक व स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए दो महिलाओं सहित तीन को अवैध शराब के साथ पकड़ने में सफ़लता पाई है।

बल्दीराय आबकारी निरीक्षक नेहा श्रीवास्तव हमराहियों के साथ क्षेत्र में थी। तभी उन्हें जानकारी मिली कि तीन लोग अवैध शराब के साथ हेमनापुर जाने वाले तिराहे पर खड़े हैं। उन्होंने उपनिरीक्षक विजय गुप्ता को सूचित कर खुद भी सूचना वाले स्थान पर जा पहुंचीं। आबकारी निरीक्षक व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो महिलाओं समेत तीन लोगों को अवैध शराब के साथ गिरफतार कर लिया गया। पकड़े गए लोगों की शिनाख्त उदयराज, गुडिया व गुलाबा निवासी हेमनापुर बल्दीराय के रुप में हुई। उदयराज के पास से छह लीटर, गुडिया के पास से सात लीटर व गुलाबा के पास से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। तीनों आरोपितों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं इसी थाने पर तैनात हेड कांस्टेबल पवन कुमार ने बुधवार की रात करीब नौ बजे 10 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की शिनाख्त राम बालक निवासी भवानीपुर थाना बल्दीराय के रुप में हुई है। अरोपी पर आबकारी अधिनियम में केस दर्ज हुआ है।

## ग्रीष्मावकाश में परीक्षा न कराने पर अड़ा संघ

- प्राचार्य को ज्ञापन देकर स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ ने कुलपति को भेजा पत्र

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ ने मई, जून में प्रस्तावित विश्वविद्यालीय परीक्षाओं के बहिष्कार का निर्णय लिया है। इस संबंध में गुरुवार को संघ की एक बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने सभी महाविद्यालयों में पत्र भेजकर ग्रीष्मावकाश में परीक्षा बहिष्कार सहित अन्य मुद्दों पर शिक्षकों का समर्थन मांगा था। जिसमें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्ववित्तपोषित शिक्षकों ने भी सर्वसम्मति से शिक्षक संघ के निर्णय के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है।

बैठक के बाद शिक्षकों ने अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि के नेतृत्व में प्राचार्य प्रो दिनेश कुमार त्रिपाठी को ज्ञापन के माध्यम से कुलपति को सम्बोधित पत्र सौंपा। पत्र की एक प्रति अवध विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के प्रतिनिधि प्रो शैलेन्द्र प्रताप सिंह को भी दी गई। इस अवसर पर डॉ. अखिलेश सिंह, डॉ. शिशिर श्रीवास्तव, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. प्रभात श्रीवास्तव व डॉ. हीरालाल यादव आदि मौजूद रहे।


महाविद्यालय के शिक्षकों ने प्राचार्य के माध्यम से कुलपति को भेजा ज्ञापन।

## साइबर सेल ने दिलाया ठगी के शिकार पीड़ितों का पैसा

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** साइबर ठगी के शिकार पीड़ितों को साइबर क्राइम थाने द्वारा कोर्ट के निर्देश पर उनका पैसा वापस लौटाया गया।

बल्दीराय थाना क्षेत्र के देहली बाजार निवासी अनिल कुमार के मोबाइल पर एक पैसा आने का मैसेज आया। उसके बाद साइबर ठग ने फोन कर कहा कि आपके खाते पर गलती से 25 हजार व 15 हजार रुपया चला गया है, वापस कर दीजिए। अनिल साइबर ठगों के झांसे में आकर बिना खाता चेक किए 39 हजार वापस भेज दिया। इसके बाद फिर साइबर ठग ने 30 हजार का फिर फर्जी मैसेज भेज दिया। तब अनिल कुमार ने अपना खाता चेक किया तो उसमें कोई पैसा नहीं आया था। तो उसे ठगी का एहसास हुआ। इसकी शिकायत साइबर क्राइम थाने पर दी। सूचना पर सक्रिय हुई साइबर क्राइम पुलिस ने अन्य मामलों को साथ लेकर साइबर ठगों के खाते को फ्रीज कर दिया। न्यायालय के आदेश पर पीड़ितों को दो लाख दस हजार रूपए गुरुवार को वापस दिलाए गए। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि विधिक कार्यवाही अभी चल रही है। लोगों से अपील की है कि साइबर ठगी के शिकार होने पर साइबर हेल्पलाइन 1930 या फिर साइबर क्राइम पुलिस से संपर्क करें।

## स्कूल गेट पर छात्रों का कलावा कटवाया

- हिंदू संगठनों ने अभिभावकों के साथ किया घेराव, पुलिस ने शांत कराया

गोसाईगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गुरुवार को सीयूटी की परीक्षा में विद्यालय प्रशासन द्वारा कलावा उतरवाए जाने से परीक्षार्थियों में रोष व्याप्त हो गया। परीक्षार्थियों की सूचना पर कॉलेज पहुंचे परिजनों और कुछ हिन्दू संगठन के लोगों ने बवाल करते हुए कॉलेज पर कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंचे गोसाईगंज थानाध्यक्ष ने किस तरह से मामले को शांत कराया।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र अंगनाकोल स्थित ताबिश पब्लिक स्कूल को यूजीसी ने सीयूटी का परीक्षा केंद्र बनाया है। गुरुवार की परीक्षा के लिए प्रवेश के दौरान कुछ छात्रों का आरोप है कि उनका कलावा उतरवा दिया गया। परीक्षा के बाद छात्रों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। कलावा उतरवाये जाने से नाराज लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी और कॉलेज पहुंच गए। मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने से कुछ हिंदू संगठन और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े लोग भी मौके पर पहुंच गए। अभिभावक व छात्र नेता कालेज का घेराव कर प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर पहुंची गोसाईगंज पुलिस ने मामले को शांत कराया। गोसाईगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल चल रही है। कालेज प्रबंधक का कहना है कि यूजीसी की गाइड लाइन के मुताबिक़ आव्जर्बर व प्रिंसपल चेकिंग कर रहे थे। घटना के लिए जिम्मेदारों ने माफी मांग ली है, मामला शांत हो गया है।



स्कूल गेट पर हंगामा कर रहे छात्र नेताओं को समझाती पुलिस। अमृत विचार

## पड़ोसी दुकानदार ने व्यापारी को पीटा, केस

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः** बुधवार की शाम पड़ोसी दुकानदार ने साथियों संग एक व्यापारी को लाठी-डंडे से पीट दिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के जोली मीरगंज तिवारीपुर निवासी शिव कुमार मिश्रा ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि स्थानीय बाज़ार गोसाईगंज में जोली मोड़ पर उसकी पान की दुकान है। आरोप है कि बुधवार की शाम क़रीब साढ़े आठ बजे सामने रहने वाले पप्पू वर्मा, प्रदीप वर्मा निवासी देनवा गोसाईगंज उसे गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से पीटने लगे। हल्ला गुहार पर पहुंचे लोगो को देख उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दस घंटे तक गुल रही 13 गांवों की बिजली

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः** उघरपुर उपकेंद्र बरौंसा फीडर के तहत आने वाले तेरह गांव के बिजली उपभोक्ता सप्लाई के दौरान लगातार आ रहे फाल्ट से परेशान है। यहां एक शासन का भीषण गर्मी और चुनाव के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित विद्युत सप्लाई देने का दावा पूरा नहीं हो रहा है। आए दिन रात-रात भर हो रही विद्युत कटौती से लोगों में आक्रोश है।

उघरपुर उपकेन्द्र के बरौंसा फीडर से नरायनपुर, शोभीपुर, देवरिया, बांसगांव, धनऊडीह, नोखेपुर, खण्डूसपुर, डोमापारा सहित तेरह गांव को बिजली की सप्लाई की जाती है। बुधवार रात करीब दस बजे देवरिया गांव स्थित खेत मे ग्यारह हजार लाइन का जर्जर तार टूटकर गिर गया। जिसके कारण तेरह गांव की बिजली सप्लाई बंद पड़ गई। रात को खराबी की सूचना विभाग को दी गई, लेकिन कोई मौके पर नही पहुंचा। गुरुवार सुबह आठ बजे विद्युत कर्मियों ने खराबी को दूर किया। जिसके बाद सप्लाई शुरू की गई। इस बीच रात दस बजे से सुबह आठ बजे तक कुल 10 घंटा विद्युत सप्लाई ठप पड़ी रही। विद्युत कर्मी ने बताया तार जर्जर हो गया है। ठेकेदार भी तार बदलने का कार्य सही तरीके से नहीं कर रहा है।

## सार-संक्षेप


चांदा में निकाली गई कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

### भागवत कथा के पूर्व निकाली गयी कलश यात्रा

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** तेरी चूड़ी अमर हो जाये, कलश सिर धारण करो। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के पूर्व गाजे–बाजे व रथ के साथ कलश यात्रा निकाली गई। रंग–बिरंगे परिधान पहनकर महिलाओं ने मंगल गीत गाए। भक्ति गीतों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। स्थानीय कोथरा खुर्द गांव में गुरुवार से आयोजित होने वाले श्रीमद्भागवत कथा पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य यजमान जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव सिर पर श्रीभागवत पुराण को धारण किए हुए आगे चल रहे थे। वृंदावन धाम से पधारे देवराहा बाबा समाधि स्थल के मुखिया ब्रम्हर्षी देवदास जी महाराज बड़े सरकार के निर्देशन में कलश यात्रा कोथरा खुर्द स्थित शिव मन्दिर विधि पूर्वक पूजन कर काली माई धाम हो कर कथा स्थल पर संपन्न हुई। कलश यात्रा के दौरान महिलाओं ने आओ आओ सुहागिन नारि, कलश सिर धारण करो जैसे भक्ति गीत गाए। शंख ध्वनि, घंटों की आवाज के मध्य वेद मंत्रों से वातावरण भक्तिमय हो गया। सैकड़ों महिलाओं के साथ साथ आशीष श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार, देवी प्रसाद वर्मा, गणपत वर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### इंस्टाग्राम आईडी से वायरल हो रहा अश्लील फोटो, केस

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** साइबर अपराधों पर रोक लगाने के लिए जिले में साइबर थाना खोला गया है। जिस पर लगातार साइबर क्राइम की टीम काम भी कर रही है। फिर भी साइबर अपराधियों में जरा सा भी डर नहीं है। जिले के मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने साइबर क्राइम थाने पर तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि सोशल मीडिया की इंस्ट्राग्राम की एक आईडी पर उसके बेटी की अश्लील फ़ोटो वायरल हो रही है। पूछने पर उधर से जवाब आता है कि वायरल करूंगा जो करना हो कर लो। अश्लील फ़ोटो वायरल होने से किशोरी सहित उसके परिजन सदमे में हैं। साइबर क्राइम थाना प्रभारी ने बताया कि इंस्ट्राग्राम की आईडी पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### परीक्षा में प्रज्ञा को मिली 90वीं रैंक



**सुलतानपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान की परीक्षा में जिले की प्रज्ञा पांडेय ने नाम रोशन किया है। बस स्टेशन स्थित एक शोरूम के मालिक सुधेश पांडेय की बेटी प्रज्ञा पांडेय ने पूरे देश में 90वें स्थान पाकर जिले का मान बढ़ाया है। बेटी की इस उपलब्धि पर परिजनों के साथ साथ शुभचिंतकों ने बधाई दी है। होनहार प्रज्ञा पांडेय ने बताया कि वह फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में नाम कमाना चाहतीं हैं। यह उनका बचपन का शौक है। उसने इसका श्रेय अपने बड़े पापा संतोष पांडेय को दिया है।

### दबंगों ने घर में घुस कर युवक को पीटा

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के सराय कल्याण गांव निवासी अजय रजक पुत्र राजेश को गांव के ही कुछ दबंग किस्म के लोगों ने नाली के पानी की निकासी को लेकर घर में घुस कर पिटाई कर दी। धोबी जाति सूचक मां बहन की गालियां देते हुए जान से मारने की धमकियां भी दे डालीं। पीड़ित ने स्थानीय थाना में डरे सहमे में होकर कादीपुर कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए कोतवाली में अवगत कराया है कि 14 मई की रात लगभग 10 बजे गांव के ही कुछ लोगों ने आदि लोग आमादा होकर लाठी डंडा व धारदार हथियार लेकर पीड़ित के घर को घेर लिया। नाली के पानी के निकासी को लेकर पीड़ित के परिवार वालो को मारा पीटा और जाति सूचक गालियां देते हुए मारने की धमकी भी दे दी। आस पास के लोगों ने हल्ला गुहार सुनकर बीच बचाव पहुचे तो दबंग लोग धमकी देते हुए चले गए। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### कायस्थ महासभा ने किया भाजपा का समर्थन

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की एक बैठक कस्बे के सिद्धार्थ हॉस्पिटल में संपन्न हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी को समर्थन दिए जाने का निर्णय लिया गया। बृहस्पतिवार को हुई बैठक में महासभा के प्रदेश महामंत्री श्याम चंद्र श्रीवास्तव ने कहा की भारतीय लोकतंत्र के इस महापर्व में कायस्थ महासभा भी अपनी सहभागिता करेगी। बीजेपी सर्वे भवंतु सुखिन : के सिद्धांत का पालन करते हुए राष्ट्र एवं प्रदेश का विकास किया है। अध्यक्षता कर रहे डॉ मंगला प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी ने बिना भेदभाव के क्षेत्र विकास किया है। पांच वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने अनेक विकास की योजनाएं लाई हैं। बैठक में सर्वसम्मति से भाजपा प्रत्याशी को समर्थन दिए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में गोपाल, संदीप श्रीवास्तव, डॉ सीएल श्रीवास्तव, हरिहर प्रसाद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## उड़नदस्ता टीम ने पकड़ी 1.63 लाख की नकदी

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** प्रशासन की सख्ती व जिले के पुलिस कप्तान सोमेन बर्मा के सड़क पर उतर कर वाहन चेकिंग करने के बाद स्थानीय पुलिस व एफएसटी टीम ने दो लोगों से 01 लाख 63 हजार रुपए बरामद किए। पकड़े गए लोगो द्वारा कागजात न दिखा पाने पर पैसा जब्त किया गया।

गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी व एफएसटी प्रभारी श्याम बिहारी की टीम के संयुक्त चेकिंग के दौरान हलियापुर सुल्तानपुर मार्ग पर अयोध्या जनपद के रुदौली निवासी फैजल से 63 हजार रुपए व कुड़वार थाना क्षेत्र के कामापुर सोहगौली निवासी भूपेंद्र पाण्डेय से 01 लाख रुपये तलाशी के दौरान मिली।दोनो लोगो द्वारा पैसे का कोई कागजात नही पेश कर सके। लिहाजा टीम ने दोनो से प्राप्त रुपए को जब्त कर लिया। एफएसटी टीम के प्रभारी श्याम बिहारी ने बताया कि जिला कोषागार में पैसे का रिकार्ड दिखाने के बाद ही पैसा वापस हो पाएगा।

## गैर इरादतन हत्या के दो वांछित असलहे के साथ गिरफ्तार

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** बीती दो मई की शाम को कुड़वार थाना क्षेत्र के कस्तूरी गांव निवासी मालती ने थाने पर तहरीर दी थी। उसने बताया था कि कुड़वार रोड क्रासिंग के बगल श्याम बहादुर की दुकान पर बैठे प्रेम सागर यादव व रामू यादव पर पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी पीयूष, सतीश, अतुल, सुमित व एक अज्ञात ने लाठी डंडे से हमला बोल दिया था। जान से मारने की नियत से असलहे से फायर भी किया था। घायल प्रेम सागर का लखनऊ में इलाज हुआ। पुलिस ने गैर इरादन सहित अन्य गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। गुरुवार को कुड़वार पुलिस ने आरोपी आयुष श्रीवास्तव उर्फ पीयूष व अतुल श्रीवास्तव निवासी मैकूलाल को देवलपुर मोड पंचरास्ता आरा मशीन के पास से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक अवैध असलहा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा। जहां से जेल भेजने की कार्यवाही की गई।

## पांच लाख नकदी और बुलेट के लिए युवती को पीटा, केस दर्ज

धनपतगंज, सुलतानपुर

- दवा लेकर गए भाई को भी पीटा दी जान से मारने की धमकी

**अमृत विचारः** पांच लाख नगदी व बुलेट की मांग को लेकर पति व ससुराली जन विवाहिता को मारा पीटा। चोटिल बहन की दवा लेकर जब भाई उसके घर गया तो सुसराली जनों ने उसकी भी पिटाई कर दी। तहरीर पर पुलिस ने पति समेत अन्य ससुरालीजनों पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बल्दीराय थाना क्षेत्र के ब्राहिमपुर निवासी राकेश कुमार की पुत्री कविता ने स्थानीय थाने पर तहरीर दी है। कविता ने बताया कि दो वर्ष पहले उसकी शादी धनपतगंज थाना क्षेत्र के मझवारा गांव निवासी जगराम गुप्ता के बेटे संदीप से हुई थी। उक्त लोगों ने जितना दहेज मांगा था पिता द्वारा दिया गया था। लोग संतुष्ट भी थे। अचानक दो माह बाद पति व अन्य लोग दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। कहा कि दहेज कम मिला है। पांच लाख नगद व एक बुलेट चाहिए। कम दहेज को लेकर प्रताड़ित करने के साथ गाली गलौज देते हुए मारने लगे। साथ ही ससुराल से मिले सभी जेवरात रख लिए। उक्त लोगों की पिटाई से चोटिल थी तो भाई दवा लेकर मेरे ससुराल आया था। इसी बीच पहले से ही एक राय होकर मेरे पति व अन्य ससुराली जन लाठी डंडे से पीटने लगे। बीच बचाव में जब मैं आई तो उक्त लोग मुझे भी पीटने लगे। जिससे दोनों को गंभीर चोट भी आई है। हमारा 11 माह का बच्चा है, लेकिन उक्त लोग बिना दहेज के नहीं रखना चाह रहे हैं।

धनपतगंज थानाध्यक्ष पंडित त्रिपाठी ने बताया कि पति सहित अन्य ससुरालीजनों पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

आयोजन | भाजपा में है कानून का राज, पहले रोज होते थे दंगे, फटते थे बम : रामचन्द्र प्रधान, बगिया गांव में हुआ भाजपा ओबीसी मोर्चा का सम्मेलन

# भाजपा ने पिछड़ा वर्ग आयोग को दिया संवैधानिक दर्जा : एमएलसी

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गुरुवार को जयसिंहपुर के बगियागांव में भाजपा प्रत्याशी सांसद मेनका गांधी के समर्थन में आयोजित भाजपा पिछड़ा वर्ग सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि एमएलसी व ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामचन्द्र प्रधान ने संबोधित करते हुए कहा भाजपा गरीबों को समर्पित पार्टी है। यह गरीबों की गरीबी दूर करने वाली पार्टी है। भाजपा ने हमेशा पिछड़ों, दलितों, वंचितों व शोषितों को मजबूत करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा मोदी सरकार ने दिया। 70 सालों तक कांग्रेस रही पर ओबीसी के लिए कुछ भी नहीं किया। भाजपा ने गरीबों को मकान, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, नल से जल, मुफ्त राशन, गैस कनेक्शन, बिजली कनेक्शन देने का काम किया है। भाजपा सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। कांग्रेस ने 70 सालों तक गरीबों को लूटने का काम किया। कांग्रेस अब अपने मेनिफेस्टो में लोगों की संपत्ति में 50 प्रतिशत हिस्सा लेने की बात करती है। उन्होंने कहा जब केंद्र में कांग्रेस और यूपी में सपा का शासन था तो रोज दंगे होते थे। मंदिरों, रेलवे स्टेशन व बाजारों में बम फटते थे। यूपी में गुंडा व माफिया राज था। आज देश प्रदेश में दंगा नहीं होता है कानून का राज है। उन्होंने कहा पीएम मोदी ओबीसी से आते हैं। जब गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बना तो विरासत में राजनीति पाने वाले राहुल और अखिलेश इनको पचा नहीं पा रहे हैं। आज यह देश ही नहीं दुनिया के सबसे बड़े नेता हैं। कांग्रेस ने कर्नाटक में पिछड़ों का आरक्षण काटकर मुसलमानों को दे दिया। इंडी गठबंधन की ममता सरकार ने भी यही किया। यूपी में अखिलेश ने 2017 के चुनाव में अपने घोषणा पत्र में 5 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को देने को कहा था। सांसद मेनका संजय गांधी ने पिछड़ा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा ने गरीबों के जीवन में खुशहाली लाने का काम किया है। पीएम मोदी गांव, गरीब किसानों का चौतरफा विकास करने की योजना लागू कर रहे हैं।

इस मौके पर भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. रामजी गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा, विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, भावना सिंह, पूजा कसौधन, रेखा निषाद, ब्लाक प्रमुख राहुल शुक्ला, नवनीत सिंह आदि मौजूद रहे।


जयसिंहपुर के बगियागांव में सांसद मेनका गांधी का स्वागत करते भाजपाई।

### 21 को बिजेथुआ में आएंगे मुख्यमंत्री योगी

**सुलतानपुर :** पूर्व केंद्रीय मंत्री, सिटिंग सांसद व भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी के समर्थन में आने वाले समय में मुख्यमंत्री सहित पार्टी के कई दिग्गज नेता जनसभाओं को संबोधित करेंगे। 18 मई को उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद अपराह्न एक बजे पांडे बाबा में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 मई को अपराह्न एक बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिजेथुआ महावीरन में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

## एक नजर

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव

**अमेठी, अमृत विचार :** लखनऊ-वाराणसी रेलवे लाइन ट्रैक पर गुरुवार की सुबह अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची संग्रामपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हैं शव की शिनाख्त व जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के ठेंगहा रामघाट पुल के सामने लखनऊ-वाराणसी रेलवे ट्रैक का है जहां गुरुवार की सुबह रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी सूचना पर मौके पर पहुंची संग्रामपुर पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर पड़े शव को कब्जे में लेते हुए। शव की शिनाख्त और जांच पड़ताल शुरू दी है। ग्रामीण और पुलिस के अनुसार शव बीचों-बीच ट्रैक पर होने से अज्ञात युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या का मामला प्रकाश में आ रहा है।

### सांड़ के हमले में महिला की गई जान


**अमेठी, अमृत विचार :** दरवाजे के सामने बैठी महिला पर आवारा सांड़ ने जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया परिजनों को जानकारी होने पर आनन-फानन में निकट के निजी अस्पताल ले गए जहां उपचार के पश्चात घर पहुंचते ही दम तोड गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। भाले सुल्तान शहीद स्मारक वारिसगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत थौरी गांव निवासी लक्खा देवी पत्नी सूरजपाल उम्र करीब 65 वर्ष दरवाजे पर बैठी थी कि अचानक आवारा सांड़ ने सामने आकर हमला कर दिया जिससे वहीं गंभीर रूप से चोटहिल हो गई। जानकारी होने पर परिजन उसे निकट के अस्पताल ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें घर भेज दिया। जहां घर पहुंचते ही महिला की मौत हो गई। मौत की घटना से ग्रामीणों में सनसनी फैल गई सूचना पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा इस संबंध पुलिस ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

# कांग्रेस जो 50 साल में नहीं कर सकी, हमने पांच साल में किया

## परसावां में आयोजित नुक्कड़ सभा में राहुल गांधी पर बरसीं स्मृति ईरानी

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार:** जेल में बंद गायत्री प्रसाद प्रजापति के भाई द्वारा परसावां में आयोजित नुक्कड़ सभा कार्यक्रम में पहुंची भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने मंच से संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पर जमकर हमलावर रहीं। स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि देश की गरीबी हटाने का दावा करने वाले राहुल गांधी 15 सालो में अमेठी की गरीबी तो हटा नही पाए तो देश की गरीबी क्या हटाएंगे। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अमेठी में 50 सालों में जो नही कर पाई वो मैने पांच सालो में किया है।



गायत्री परिवार के साथ कार्यक्रम के दौरान गुफ्तगू करतीं स्मृति ईरानी। अमृत विचार

गुरुवार को अमेठी के परसावां में जेल में बंद गायत्री प्रजापति के भाई द्वारा स्मृति ईरानी के सर्मथन में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया था। स्मृति ईरानी के कार्यक्रम में पहुँचने पर गायत्री प्रजापति के बेटे अनुराग प्रजापति व बेटी अंकिता प्रजापति द्वारा जोरदार स्वागत करते हुए आये हुए लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। वहीं नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पर जमकर तंज कसा हुए कहा कि आज कांग्रेस पार्टी अमेठी की जनता को नहीं बता पा रही 15 साल उनके सांसद कहा लापता रहे। दिल्ली में सत्ता का सुख भोगते हुए उत्तर प्रदेश में सहयोगी से सरकार चलवाते रहे लेकिन अमेठी का बाईपास नहीं बना। आज कांग्रेस के नेता जनता को जवाब नहीं दे पाते हैं कि आपकी सत्ता थी प्रदेश में आपके सहयोग की सरकार थी। क्षेत्र में आपका सांसद था। ककवा रोड का ओवरब्रिज क्यों नहीं बन पाया। आज कांग्रेस का कोई भी नेता जवाब नहीं दे सकता। देश की गरीबी हटाने का दावा करने वाले राहुल गांधी 15 सालो में अमेठी की गरीबी तो हटा नही पाए तो देश की गरीबी क्या हटाएंगे आज भाजपा की प्रतिनिधि चुनी हुई सांसद मैं इस बात का गौरव करती हूं उनको 50 साल और मुझे मिले 5 साल जिसमें अमेठी का बाईपास बना, 140000 गरीब परिवारों के लिए घर बना। राहुल जी के हिम्मत है तो एक मंच पर अमेठी के किसी मैदान में खड़े होकर चर्चा कर ले अमेठी का एक भी नेता सर उठा कर बात नहीं कर पाएंगे। अमेठी में कांग्रेस पार्टी रिश्तों की दुहाई देती है मैं कांग्रेस पार्टी के नेताओं से पूछना चाहती हूं अमेठी में आपके नेता का घर कहां है मेरा घर तुम गौरीगंज के मेवन मदई में है।

### स्मृति ईरानी ने की जिताने की अपील

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार :** शुक्रवार को विधानसभा के भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह 'पिंटू' के निज आवास रामगढ़ में आयोजित विशाल जनसभा का संबोधन दीदी स्मृति ईरानी ने किया जिसमें रामगढ़ ग्रामसभा के संभ्रांत लोग शामिल हुए। आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि राहुल ने अमेठी का कोई विकास नहीं किया है यही नहीं 40 वर्षों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जो काम गांधी परिवार 40 वर्ष में नहीं कर पाया उसको भाजपा ने पांच साल में करके दिखाया है आप लोग जिताए अमेठी का निरंतर विकास जारी रहेगा। अमेठी की सम्मानित जनता का उत्साह तथा उनका के नेतृत्व एवं विकास कार्यों पर अद्वितीय विश्वास हीं इस बार लोकसभा अमेठी से भाजपा को पुन: प्रचंड मतों से जीत दिलाएगा।

### बनते ही बिगड़ने लगा शुकुल बाजार रुदौली मार्ग लोगों में रोष

**शुकुल बाजार, अमृत विचार :** क्षेत्र की सबसे चर्चित रोड शुकुल बाजार रुदौली राजमार्ग चर्चा के विषय में रहा कई सालों बाद शुकुल बाजार रुदौली राजमार्ग का निर्माण कार्य शुरू हुआ केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी व विधायक सुरेश पासी के अथक प्रयास से लगभग 35 करोड़ की लागत से हो रहे निर्माण में सरकार के मानकों के विपरीत हो रहा है संस्था द्वारा मेसर्स विधांचल कंस्ट्रक्शन से हो रहे निर्माण में कई खमिया देखने को मिल रही है एक तरफ रोड बन रही है वही दूसरी ओर उखड़ रही है जिससे ग्रामीणों को आने जाने में कठनाइयों का सामना करना पड़ सकता है रोड को लेकर ग्रामीणों के माने तो इस तरीके के रोड बनने से जनता का को बेसहारा ही हाथ लगेगा क्षेत्र के किसान यूनियन देवी दयाल शर्मा व सामाजिक कार्यकर्ता ब्रजेश तिवारी हरकेश तिवारी द्वारा कई बार शासन को ज्ञापन से लेकर अनशन पर बैठने तक गुहार लगाई है।

## नंदमहर में अखिलेश व राहुल की जनसभा आज

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार:** इंडिया एलायंस के दिग्गज नेता अखिलेश और राहुल गांधी आज अमेठी में कांग्रेस प्रत्याशी किशोरीलाल शर्मा के समर्थन में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा गौरीगंज के नंदमहर धाम स्थित मैदान में आयोजित की गई है।

जनसभा को सफल बनाने के लिए इंडी गठबंधन के कार्यकर्ता जोर शोर से तैयारियों जुटे हुए हैं। अपने नेता का भाषण सुनने के लिए कांग्रेस और सपा कार्यकर्ताओं का भारी हुजूम उमड़ सकता है जानकारो के अनुसार राहुल और अखिलेश का अमेठी दौरा कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा के जीत सुनिश्चित करने के लिए काफी अहम माना जा रहा है। जिसके लिए कांग्रेस पार्टी अपने गढ़ को वापस पाने के लिए अमेठी के किले पर दोबारा परचम लहराने के लिए हर जतन कर रही है। पार्टी की ओर से लगातार गांधी परिवार के कई सदस्यों के साथ राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अमेठी में डेरा डाले हुए हैं तो राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी लगातार अलग-अलग सभाओं के जरिए जनसंपर्क कर रही हैं। वहीं शुक्रवार को पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव की संयुक्त जनसभा के जरिए कांग्रेस अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश में जुटी हुई है।



पैदल मार्च करते भाजयुमो के कार्यकर्ता। अमृत

### भाजयुमो ने निकाला पैदल मार्च, भाजपा का झंडा लहराया

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार :** भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने गायत्री नगर स्थित जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा के आवास से पैदल मार्च कर नगर भ्रमण किया। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पांच साल-50 उपलब्धियां शीर्षक से प्रकाशित पर्चे वितरित किए। इस पर्चे में पांच साल के भीतर डबल इंजन की सरकार की ओर से अमेठी में कराए गए कार्यों और विभिन्न योजनाओं में लाभार्थियों की संख्या का उल्लेख किया गया है। भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा ने कहा कि गरीब कल्याण और वंचितों का सम्मान मोदी सरकार का मूल मंत्र है। स्मृति ईरानी ने अपने पांच साल के कार्यकाल में बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विकास करने के साथ सांस्कृतिक विरासत के एक नये युग की शुरुआत की है।

## मंहगाई व बेरोजगारी देश की बड़ी समस्या: शैलेंद्र

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार:** 2024के लोक सभा चुनाव में अमेठी में कुल तेरह प्रत्याशी है। तीन राष्ट्रीय दलों के साथ दो पंजीकृत दलों के प्रत्याशी भी मतदाताओं के बीच दौड़ लगा रहे हैं। संयोग वादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्र ने गुरुवार को नगर के मतदाताओं के बीच जनसंपर्क किया। पार्टी के मुद्दों की जानकारी दी।

शैलेन्द्र मिश्र ने कहा कि असमान शिक्षा व्यवस्था, मंहगाई और बेरोज़गारी आज देश की सबसे बड़ी समस्या है। संयोग वादी पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में हैं। यदि मतदाताओं ने हमें समर्थन और आशीर्वाद दिया तो हम जनमुद्दों के हल के लिए सरकार पर दबाव बनायेंगे। हमारी पार्टी बेरोज़गारी की समस्या को दूर करने और सरकारी नौकरियों में खाली पड़े पदों को भरने के लिए आंदोलन चलाएगी। हमारी पार्टी देश में एक समान शिक्षा व्यवस्था लागू करने की पक्षधर है। शैलेन्द्र मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अवारा पशुओं की समस्या एक बड़ी समस्या है, किसानों की फसलें बर्बाद हो रही है। हमारी मांग है कि सरकार हर गांव में गोशालाओं का निर्माण कराए। उधर समझदार पार्टी के प्रत्याशी संतराम प्रजापति ने भादर और संग्रामपुर विकास खंड में मतदाताओं के बीच जनसंपर्क कर जन मुद्दों के आधार पर मतदान करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि डबल इंजन की सरकार जनता की गाढ़ी कमाई पूंजीपतियों पर लुटा रही है।

## बिहार के वरिष्ठ नेता ने कांग्रेस के लिए मांगा समर्थन

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार:** बिहार से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल तिवारी ने अपने साथियों के साथ अमेठी के तिलोई विधानसभा में गांधी नगर ,जायस, बहादुरपुर जन संपर्क करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के लिए वोट मांगा।

जनसम्पर्क के दौरान लोगों बताया कि जग जाहिर अमेठी के विकास में संजय गांधी राजीव गांधी सोनिया गांधी और राहुल गांधी का योगदान को भुलाया नही जा सकता। चुनाव हारने के बाद भी राहुल गांधी ने कोरोना काल में अमेठी के लोगों हर संभव मदद की। गांधी परिवार अमेठी के लोगों से हमेशा रिश्ता रखना चाहता है और उन्होंने अपने विश्वास के रूप में किसोरी लाल शर्मा को भेजा। किशोरी शर्मा का अमेठी का सफर राजीव गांधी के समय से रहा है। गांधी परिवार के विश्वास को संसद भेजना अमेठी की नैतिक जिम्मेदारी है। किशोरी लाल शर्मा जी को भारी बहुमत से जीता करके अमेठी को पुनः वही सम्मान दिलाने कार्य करेंगे। जन सम्पर्क में बहादुर के डॉ वेणु कर सहित बिहार के सुनील पटेल, राजीव रंजन पाण्डेय, विकास शुक्ल, सतीश बालाजी आदि शामिल रहे।

# भाजपा सरकार में ही पिछड़ों का सम्मान: नरेंद्र

संवाददाता, जगदीशपुर

**अमृत विचार:** भाजपा सरकार में ही पिछड़ों का सम्मान हुआ है उक्त बातें राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में जाफरगंज में कही और भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के पक्ष में वोट करने की अपील की। जगदीशपुर विकास खंड स्थित जाफरगंज मे भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश यज्ञसैनी के नेतृत्व मे एक विशाल पिछडा वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नरेंद्र कश्यप राज्य मंत्री पिछड़ा वर्ग रहे। वहीं उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार मे देश तरक्की के मार्ग पर अग्रसर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल मे हर वर्ग हर क्षेत्र का विकास किया जा रहा है तथा हर व्यक्ति तक सभी सुविधाए पहुंच रही है और तमाम भाजपा की योजनाओ का खाका पेश किया। वहीं अमेठी के विकास हेतु सासंद तथा केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को वोट देकर भाजपा को जिताने की अपील की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पिछडा मोर्चा घनश्याम चौरसिया,विजय कुमार शमसुद्दीन खान पूर्व प्रधान उमाशंकर साहू प्रदीप दीक्षित सोनू यज्ञ सैनी कुलदीप साहू राहुल शर्मा प्रधान गाजी लाल मोदी आदि मौजूद रहे।



भाजपा के समर्थन में मौजूद पिछड़ा वर्ग। अमृत विचार

### दहेज हत्या में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी, अमृत विचार :** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उनि संकठा प्रसाद मौर्या थाना जायस मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुअसं 14, 24 धारा 498A, 304 B भादवि व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्तगण संजय पुत्र रामस्वरूप उम्र करीब 23 वर्ष फूलकली पत्नी रामस्वरूप 60 निवासीगण रानीतारा मजरे सराय महेशा थाना जायस जनपद अमेठी को अभियुक्तगण के घर से समय सात बजे सुबह गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के संबंध में थाना जायस पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार:** एक दिन पहले राजपूतों के बीच जाकर भाजपा को वोट न देने की शपथ दिलवाना राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष को महंगा पड़ गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष का शपथ दिलाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष समेत तीन पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुधवार को अमेठी पहुंचे राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने भाले सुल्तान थाना क्षेत्र के सादीपुर गांव में भैरवनाथ बाबा मंदिर के प्रांगण में क्षत्रिय समाज के लोगों के साथ बैठक की थी। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मौके पर मौजूद लोगों को लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट न देने की अपील करते हुए शपथ दिलाई। राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष का क्षत्रिय समाज को लोगों को शपथ दिलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एसआई सोहनलाल की तहरीर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना व अवधेश कुमार सिंह व भरत कुमार पर केस दर्ज किया है। भाले सुल्तान थाने के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि बिना अनुमति सभा करने व आचार संहिता उल्लंघन को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### मेरा जीवन गांधी परिवार को समर्पित: किशोरी लाल

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार :** मैंने अपने जीवन के 41 वर्ष गांधी परिवार और अमेठी व रायबरेली की सेवा में बिताया है। अब जो सम्मान मुझे कांग्रेस प्रत्याशी बना कर गांधी परिवार ने दिया है उसके लिए मैं ताउम्र गांधी परिवार का ऋणी रहूंगा। उक्त बातें अमेठी लोकसभा सीट से इंडिया गंठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी पंडित किशोर लाल शर्मा ने आज विभिन्न नुक्कड़ जनसभाओं में संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इतना सम्मान मिलने के बावजूद मैं किसी गलतफहमी में नहीं हूं। मैं गांधी परिवार और अमेठी की जनता का सेवक था, हूं, और रहूंगा। इससे ज़्यादा कुछ नहीं। उन्होंने कहा कि अमेठी की जनता के प्यार और विश्वास को हमेशा बनाए रखने का मैं हमेशा वचन देता हूं। उन्होंने कहा कि आज देश में एक ओर भाजपा के झूठ की राजनीति है तो दूसरी ओर राहुल गांधी के नेतृत्व में सच्चाई की लड़ाई जारी है। उन्होंने कहा कि जीत हमेशा सच्चाई की ही होती है। भाजपा का धनबल हारेगा और राहुल गांधी के नेतृत्व में जनबल जीतेगा। किशोर लाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा इन चुनावों में पांच न्याय और पच्चीस गारंटियों दी गईं हैं जिनसे युवा, महिला, किसान, श्रमिक सहित सबके जीवन में बदलाव आएगा। गठवन्धन की सरकार बनने पर युवाओं के लिए 30 लाख नौकरियां 15 अगस्त 2024 तक देने की गारंटी है। हर युवा को पहली नौकरी पक्की देने का कानूनी अधिकार दिया जाएगा। गरीब परिवार की एक महिला को साल का एक लाख रुपए दिया जाएगा। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानूनी अधिकार दिया जाएगा।


## वर्ग पहेली-72

**बाएं से दाएं**

1. 1. तेज़ दौड़ने वाला 2. फुरतीला।
3. 1. कमल, पद्म, कुईं 2. कनकचंपा, कनिआरी 3. सारस 4. (पुराण) कुश द्वीप में स्थित एक पर्वत।
6. 1. रास्ता भूलना 2. भ्रम में पड़ना 3. व्यर्थ में इधर-उधर घूमते फिरना, मारे-मारे फिरना 4. बहकना, गुमराह होना।
7. न्योछावर करना, उत्सर्ग करना।
8. 1. नीति संबंधी, नीति का 2. नीति के अनुसार होने वाला (आचरण या व्यवहार)।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. बचकाना, शिशुओं के समान 2. शिशुओं को होने वाला
3. 1. किसी पदार्थ या चीज़ में नीचे की तरफ़ से कुछ निकालने के लिए ऊपर की परत को हटाना, खुरचना 2. किसी कठोर सतह पर कुछ उत्कीर्ण करना, खरोंचना, उकेरना, उभारना 3. लकड़ी
4. परिवर्तन, बदलाव, क्रांति।
5. 1. जलबेंत 2. एक प्राचीन माप (परिमाण)।



### वर्ग पहेली -71 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 गुं | ■ | 2 रि | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ज | ■ | 3 का | नू | न | गो | ■ |
| न | ■ | र | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 4 मॉ | ड | लिं | 5 ग | ■ | 6 मे |
| 7 लो | ■ | ■ | ■ | 8 ज | मी | न |
| भी | ■ | ■ | ■ | दं | ■ | हो |
| ■ | 9 खु | रा | फ़ा | ती | ■ | ल |

### सुडोकू -151

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 2 | | | | |
| | 4 | | 5 | | | | | |
| | | | 3 | | | 8 | | |
| 2 | | | 9 | 7 | | | | |
| 8 | | | | | | | | 9 |
| | | | | 6 | 1 | | | |
| | | 6 | | | 4 | | 2 | |
| | | 3 | | | 5 | | | |
| | | 9 | | 8 | | | 7 | |

### सुडोकू -150 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 8 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 2 |
| 6 | 4 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 | 7 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 3 | 9 | 2 | 8 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 08.48 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 21.18 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष:** आज व्यवसाय में आय बढ़ने से प्रसन्न रहेंगे। क्रोध व जल्दबाजी के कारण महत्वपूर्ण काम बिगड़ सकते हैं। प्रेमी जन को विवाह के लिए प्रपोज कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन में उत्तम सामंजस्य रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।

**वृष:** आज जीवनसाथी से अपने दिल की बातें शेयर कर सकते हैं। आलस्य की वजह से कुछ काम लंबित हो सकते हैं। स्वार्थी व्यवहार से आपको बचना चाहिए। आपकी छवि भी खराब हो सकती है। व्यापार में अदूरदर्शी निर्णय लेने से बचना चाहिए।

**मिथुन:** आज सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। बौद्धिक कार्यों में आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। पैतृक संपादा से लाभ प्राप्त होगा। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए कुछ चुनौतीपूर्ण हो सकता है। थोड़े से धन लाभ के लिए कोई गलत काम न करें। परिवार के सदस्यों से अपने संबंध अच्छे रखें। आपको अपनी आर्थिक स्थिति की चिंता रहेगी। बुरे व्यवहार के लोगों से मित्रता हो सकती है।

**सिंह:** आज सभी कार्य समय पूरे हो जाएंगे जिसके कारण काफी दिनों से चला आ रहा तनाव समाप्त होगा। विदेश में नौकरी कर रहे लोगों का वेतन बढ़ सकता है। नए कारोबार में लाभ प्रतिशत बढ़ने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या:** आज गलत कार्यों की तरफ आपका रूझान बढ़ेगा। अपना चरित्र अच्छा रखें। शेयर मार्केट और कमीशन संबंधी कार्यों में नुकसान हो सकता है। यदि संभव हो तो लंबी दूरी की यात्रा न करें। व्यापार में आपको काफी सावधान रहने की आवश्यकता है।

**तुला:** आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। घर की साज-सजावट का आप पूरा ध्यान रखेंगे। वैवाहिक संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। अधिकारी वर्ग आपके प्रति काफी नरम भाव रखेगा। व्यापार में नए अवसर मिलने की संभावना निर्मित हो रही है।

**वृश्चिक:** आज रुके हुए कार्यों में प्रगति होने की संभावना है। पुराने ऋण का भुगतान करने से आपके ऊपर से भार कम होगा। वाहन चलाते समय आपको सावधानी रखनी चाहिए। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो दिन आपके पक्ष का रहने वाला है।

**धनु:** आज उच्चाधिकारी आपके काम के ऊपर काफी निर्भर रहेंगे। गंभीर और बुद्धिमान लोगों की संगत में रहना पसंद करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपका कोमल व्यवहार लोगों को आकर्षित करेगा।

**मकर:** आज महिलाओं को स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। घर और कार्यक्षेत्र में तालमेल की कमी रहेगी। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। शांतिपूर्वक परिस्थितियों का अवलोकन करें। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से विचलित हो सकता है।

**कुंभ:** आज धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था मजबूत होगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार देने का प्लान कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा भी कर सकते हैं। आपको व्यवसाय में शानदार लाभ मिलेगा। धन संबंधित परेशानियां दूर होगी।

**मीन:** आज आपकी गलतियां लोगों के सामने आ सकती हैं। झिझक के कारण आप अपनी बातों को ठीक तरह से रख पाने में भी मुश्किल होगी। योग और व्यायाम अवश्य करें जिससे आपको फोकस करने में आसानी होगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
मेला — सुबह : 10.00
हिरासत — रात : 07.00

**&pictures**
मालामाल वीकली — सुबह : 10.50
ऊंचाई — रात : 08.00

**Sony Pix**
स्पाइडर मैन : होमकमिंग — सुबह : 11.10
वंडर वुमन — रात : 08.29

**Zee Cinema**
नाम शबाना — सुबह : 10.45
अकेले हम अकेले तुम — शाम : 04.25

**Colors Cineplex**
हैलो ब्रदर — सुबह : 08.57
देवदास — दोपहर : 02.13

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बच्चा पार्क मैं बैठकर बहुत सारी चॉकलेट खा रहा था।
पास बैठी एक महिला बोली, ज्यादा मीठा खाने वाले जल्दी मर जाते हैं।
लड़का-आपको पता है मेरी दादी की उम्र 106 वर्ष थी, जब वह मरी थी।
औरत-वह कम मीठा खाती होगी
लड़का-नहीं, वह अपने काम से काम रखती थी।

नेता-हम आपको मोबाइल देंगे, लैपटॉप देंगे, साइकिल देंगे।
जनता-और मालिक नौकरी?
नेता-वो हमारे मामा के साले के भतीजे के लिए हम जबान दे चुके।

अष्टौ गुणा : पुरुषं दीपयन्ति प्रज्ञा च कौल्यं च दम : श्रुतं च ।
पराक्रमश्चाबहुभाषिता च दानं यथाशक्ति कृतज्ञता च ॥

बुद्धि, उच्च कुल, इंद्रियों पर काबू, शास्त्रज्ञान, पराक्रम, कम बोलना, यथाशक्ति दान देना तथा कृतज्ञता– ये आठ गुण मनुष्य की ख्याति बढ़ाते हैं।

## संपादकीय

# पुतिन की चीन यात्रा

पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति बनने के बाद व्लादिमीर पुतिन की चीन यात्रा पर अमेरिका समेत पश्चिम देशों ने नजर जमा रखी है। यूक्रेन युद्ध में रूस के प्रति अपना समर्थन वापस लेने के लिए अमेरिका और यूरोपीय संघ की ओर से पड़ रहे दबाव के बीच चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके रूसी समकक्ष पुतिन ने गुरुवार को अपने रणनीतिक संबंधों के भविष्य पर बातचीत की। महत्वपूर्ण है कि बातचीत के बाद दोनों देशों ने एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया जिसमें वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाली कई अहम घोषणाएं की गईं। दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नाटो के रुख को विनाशकारी करार देने के साथ ही पूर्वोत्तर एशिया में शक्ति संतुलन को बदल कर अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की। पुतिन की ये यात्रा ऐसे समय पर हो रही है, जब यूक्रेन में रूसी सेना आगे बढ़ती जा रही और नाटो देश सीधे जंग की चेतावनी दे रहे हैं। रूस भी यूक्रेन में एक नए हमले की तैयारी कर रहा है। युद्ध के मैदान में रूस ने रफ्तार पकड़ ली है। पिछले सप्ताह उसने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर हमला करने के स्पष्ट प्रयास के तहत उत्तर-पूर्व में एक नया आक्रमण शुरू किया।

यूक्रेन अमेरिका से नए हथियार मिलने की उम्मीद कर रहा है, लेकिन यह साफ नहीं है कि यह सब रूसी हमले का सामना करने के लिहाज से पर्याप्त होगा या नहीं। पुतिन का तात्कालिक लक्ष्य इस युद्ध को जीतना है, लेकिन उनके पास जीत का कोई स्पष्ट रास्ता नहीं है। वास्तव में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के चलते भू-राजनीतिक रूप से दुनिया में उथल पुथल है और रूस, चीन के नजदीकी भागीदार के रूप में उभरा है। इसका असर यह हुआ है कि रूस के खिलाफ पश्चिमी गठबंधन और सख्त हो गया है तथा चीन को भी इसका कुछ खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उधर चीन भी यूरोप से संबंध सुधारने की मुहिम में जुट गया है। पश्चिमी प्रतिबंधों की वजह से रूस की अर्थव्यवस्था चीन पर निर्भर हो गई है। साथ ही पश्चिमी देश चीन पर आरोप लगा रहे हैं कि चीन युद्ध में इस्तेमाल होने वाला सामान भी रूस को भेज रहा है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पुतिन के साथ शिखर सम्मेलन में उम्मीद जताई कि यूरोप में जल्द ही शांति और स्थिरता लौटेगी और चीन रचनात्मक भूमिका निभाएगा। जानकारों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में चीन यूक्रेन और रूस के बीच शांति समझौते की पहल कर सकता है। क्योंकि युद्ध ने पश्चिम के साथ रूस के रिश्तों को स्थायी नुकसान पहुंचाया है और रूस को चीन के हाथों में धकेल दिया।

# लोकतंत्र के उत्सव में कहां है लोक और लोक चेतना



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

**संविधान लोकतंत्र का शरीर है और आत्मा लोक चेतना है। संविधान बड़ी बात है, किंतु उससे भी बड़ी बात है–लोक चेतना। आत्मा के बिना जैसे शरीर निष्प्राण हो जाता है, व्यर्थ हो जाता है, वैसे ही लोक चेतना के बिना संविधान किताब ही है, जड़ वस्तु और उसकी राष्ट्र के जीवन में कोई सजीव भूमिका नहीं रहती, लालची लोग उसके हजार अर्थ कर देते हैं।**

बड़े जोर-शोर के साथ लोकतंत्र के उत्सव की बात कही जा रही है। लोकसभा का चुनाव हो रहा है। कोई नेता संविधान की प्रति को लेकर चिंता जता रहा है तो किसी को हिंदू-मुस्लिम की चिंता है। किसी को अगड़ी-पिछड़ी जातियों की चिंता है। बाजार की शक्तियां हैं, वे चुनाव में पैसा बहा रही हैं। रैलियों और रोड शो में प्रायोजित भीड़ भी है, किंतु भीड़-भीड़ ही होती है, प्रायोजित भी, तदर्थ और तात्कालिक भी। सवाल यह है कि लोकतंत्र के उत्सव में लोक कहां है? लोक चेतना कहां है?

संविधान लोकतंत्र का शरीर है और आत्मा लोक चेतना है। संविधान बड़ी बात है, किंतु उससे भी बड़ी बात है-लोक चेतना। आत्मा के बिना जैसे शरीर निष्प्राण हो जाता है, व्यर्थ हो जाता है, वैसे ही लोक चेतना के बिना संविधान किताब ही है, जड़ वस्तु और उसकी राष्ट्र के जीवन में कोई सजीव भूमिका नहीं रहती, लालची लोग उसके हजार अर्थ कर देते हैं। लोक चेतना के अभाव में संवैधानिक संस्थाएं सजावट की वस्तु बन जाती हैं। जिन लोगों के लिए हम वोट देने को पवित्र कर्तव्य बतला रहे हैं, उनका चरित्र सचमुच क्या है? सच-सच बतलाना कि समष्टि जीवन में इन लोगों की भूमिका क्या रही है? क्या ये सचमुच जनता के हितों के प्रहरी बन सकते हैं? या लोकसभा का कोरम पूरा करना है? इसी को लोकतंत्र का उत्सव कहा जा रहा है? विभिन्न चैनल प्रत्येक चुनाव क्षेत्र में जातियों की वोट संख्या बतला रहे हैं। यह लोकतंत्र है या जातितंत्र?

लोक चेतना सामान्य जन की चेतना होती है। विशेष उसमें सम्मिलित होता है, क्योंकि अंततः तो विशेष भी सामान्य ही है। दूध विशेष है, किंतु उसका सामान्य तत्व जल है। विशेष की चेतना विशेष जन और स्थान तक सीमित होती है, कुछ खास-खास लोग या विशेष जन ही उसमें सम्मिलित होते हैं, उसका सरोकार भी सीमित होता है और उसका परिणाम भी सीमित होता, जबकि सर्वसाधारण की चेतना अगणित लोगों की चेतना होती है-कोटि-कोटि कंठ कल-कल निनाद कराले। लोक चेतना में बिना भेदभाव के विविध जाति, विविध वर्ग, विविध संप्रदाय, विविध स्तर सम्मिलित हो जाते हैं। विभिन्न प्रदेशों, जनपदों, जंगलों, पहाड़ों, नगरों, गांवों में यत्र-तत्र-सर्वत्र लोक चेतना का स्वर गूंज जाता है। लोक चेतना विभक्त चेतना नहीं होती, लोक चेतना अविभक्त चेतना होती है। विभक्त चेतना में जाति, वर्ग-वर्ण, मजहब-पंथ, क्षेत्रीयता आदि और पार्टियों के हित या स्वार्थ का आग्रह होता है। यदि विभक्त चेतना है तो वह जाति चेतना है, मजहबी चेतना है, पंथ चेतना है, वर्ग चेतना है, क्षेत्र चेतना है, संकीर्ण भाषा चेतना है, वह लोक चेतना नहीं है, वह राष्ट्र चेतना भी नहीं है। जाति, वर्ग, वर्ण, मजहब-पंथ, क्षेत्रीयता आदि की संकीर्ण चेतनाएं लोगों को बहुत जल्दी उत्तेजित करती हैं, किंतु वे लोक चेतना को खंडित करती हैं। राष्ट्रचेतना को विकृत करती हैं। सत्ता का सरोकार लोक मानस-लोक चेतना को विभक्त करता है। व्यक्ति चेतना में निजी लाभ की चेतना होती है, इसलिए उसमें भय और लालच होता है। राजस और तामस भाव होता है, जबकि लोक चेतना का भाव सात्विक होता है।

**लोक एकीकरण में जगता है। एक भरोसे की टेर से जगता है। एक आदमी के लिए दूसरा आदमी जान से प्यारा है। इसका मतलब लोक जग रहा है और सभी को अपनी अपनी पड़ी है, कोई किसी का नहीं है। सब सयाने हो गए हैं, इसका मतलब लोक सो गया है। विच्छिन्नता है तो लोक सोया हुआ है।**

लोक चेतना का दूसरा महत्वपूर्ण लक्षण है। लोक चेतना सर्व चेतना होती है, सर्वजन-हित अथवा व्यापक सरोकार। व्यापक सरोकार के बिना समष्टि की कल्पना ही नहीं की जा सकती। लोक चेतना में मानुष भाव प्रतिष्ठित होता है। लोक चेतना में वैश्विक-दृष्टिकोण होता है। अभिनव जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा होती है। लोक चेतना में मनुष्य और मनुष्य के संबंध की भी चिंता होती है और मनुष्य तथा प्रकृति के संबंध की भी चिंता होती है। लोक चेतना समग्र चेतना है, वह सामाजिक चेतना भी है, आर्थिक चेतना भी है और सांस्कृतिक चेतना भी है। वास्तव में लोक जागरण या लोक चेतना एक युग से दूसरे युग में संक्रमण का कारण और परिणाम होती हैः युग परिवर्तन। जैसे-भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मध्यकालीन वैचारिक परिवेश से आधुनिक वैचारिक परिवेश में संक्रमण का आंदोलन था। लोक जागरण किसी युग सत्य के प्रयोजन से होता है। जब समूचा जमाना एक अवधारणा को जीवन के प्रयोजन के रूप में स्वीकार कर लेता है। वह उस समय का युग सत्य होता है, जो शब्द लोक जीवन में उतरकर व्यापक बन जाता है, तब उस शब्द का अर्थ भी उतना ही व्यापक बन जाता है जितने लोग अपने-अपने भाव से अपने-अपने परिवेश में उस शब्द को जितने अर्थों में ग्रहण करते हैं। वे सभी अर्थ उस शब्द में प्रतिष्ठित हो जाते हैं। वह अपने युग जीवन का केन्द्रीय सत्य होता है, युग सत्य।

विकास शब्द का कोलाहल है, किंतु विकास क्या है? सबका साथ, सबका विकास, सब का विश्वास और सबका प्रयास बिल्कुल सच बात है, किंतु यदि व्यवहार में सबका विकास, कुछ का विकास न बन जाए तभी यह एक सौ एक प्रतिशत सच है, लेकिन यदि उसमें से "सब" की जगह "कुछ" की प्रतिष्ठा हो जाए तो वह "विकास" केवल शब्द की चकाचौंध ही है। क्या उद्योगों का अव्यवस्थित जाल विकास है? क्या प्रकृति में हस्तक्षेप और छेड़छाड़ विकास है? क्या जंगलों का विध्वंस विकास है? क्या सड़क और रेल का विकास सामाजिकता का विकास है? पर्यावरण को जीवन के लिए समस्या बना देना विकास है? नदियों को विषाक्त बना देना विकास है? क्या सुरसा की तरह विषमता के प्रसार का नाम विकास है? लोगों का जीवन स्तर इतना गिर जाए कि उनको मुफ्त में पांच किलो या दस किलो अनाज की खैरियत या रहामत मिले, क्या इसका नाम विकास है? लोक चेतना को जगाए बिना विकास का अर्थ ही क्या है? लोक चेतना में अध्यात्म का सूत्र अंतर्निहित होता है। सच तो यह है कि लोक चेतना अध्यात्म है। सच यह है कि आस्था के बिना लोक चेतना जगती भी नहीं, सर्व के प्रति आस्था, समष्टि के प्रति आस्था, सामान्य के प्रति आस्था। मनुष्य और मनुष्य के बीच सघन संबंध और परस्पर भरोसा अध्यात्म की ही देन है। अध्यात्म का माने संकीर्ण नहीं हो सकता, खंडित अहम का नाम आत्म नहीं है। आत्म व्यापक है जिसमें सर्व समाया हुआ है जिसमें पूर्ण समाया हुआ है। उदाहरण के लिए आजादी की लोक चेतना सत्य के आग्रह के साथ जगी थी, सत्य के आग्रह से बड़ा कौन सा अध्यात्म हो सकता है? यही कारण है कि संविधान का सूत्र वाक्य बना-सत्यमेव जयते। सत्यमेव जयते अध्यात्म का ही सूत्र है। सच्चाई, ईमानदारी, सामाजिकता का भाव, श्रम, समानता, लोक कल्याण स्वतंत्रता आंदोलन के जीवन-मूल्य हैं। लोक चेतना का एक महत्वपूर्ण लक्षण और है-लोक जीवन की निरंतरता या परंपरा।

लोक मानस मिथकीय बिंब और मिथकीय भाषा में सोचता है। मिथक समष्टि को आंदोलित करता है, प्रेरित करता है, उत्तेजित करता है। लोकभावों का संचार करता है। भारत माता की जय। यह कोटि-कोटि जन की एकता का मंत्रघोष है। भारत माता की जय। यह सामूहिकता का भावसूत्र है। सामूहिक-स्वीकृति का कोई विकल्प नहीं होता। अन्याय-अत्याचार-विषमता के विरुद्ध बगावत का इतना प्राणवान स्वर दूसरा और कौन सा है? इस मंत्रघोष ने जनता को जगाया उसमें प्राणों का संचार किया। लोक चेतना दिखती नहीं है, किंतु बिजली के करंट की तरह काम करती है। लोक जागता भी है, किंतु हर समय जगा नहीं रहता। सोता है, तब सो भी जाता है।

लोक एकीकरण में जगता है। एक भरोसे की टेर से जगता है। एक आदमी के लिए दूसरा आदमी जान से प्यारा है। इसका मतलब लोक जग रहा है और सभी को अपनी अपनी पड़ी है, कोई किसी का नहीं है। सब सयाने हो गए हैं, इसका मतलब लोक सो गया है। विच्छिन्नता है तो लोक सोया हुआ है। इस समय लोक विच्छिन्न है, सोया हुआ है। संविधान लोकतंत्र का शरीर है और आत्मा लोक चेतना। लोक चेतना : जिसका न आयात हो सकता है और न निर्यात।

## प्रसंगवश

# आलोचना और विपक्ष की भूमिका



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

सरकार के अनुचित कदमों और कामों की जमकर आलोचना होनी चाहिए, लेकिन आलोचना उचित होनी चाहिए। अनुचित कदमों और कामों की अनुचित आलोचना या सरकार के खिलाफ अनुचित विरोध प्रदर्शन सेल्फ-डिफीटिंग होता है। खासकर तब जब सरकार में अपने अनुचित कदमों और कामों का औचित्य सिद्ध करने के लिए ऐसी आलोचनाओं की नियत और गुणावगुण को लेकर आलोचक की जमकर खिंचाई करने की प्रवृत्ति और क्षमता हो। साथ ही एक बड़ा वर्ग उसे मानने को तैयार बैठा हो। तब सरकार ऐसे आलोचकों की अविश्वसनियता का डंका पीट-पीट कर उन्हें अविश्वसनीय मनवा लेती है। ऐसे में सरकार की सही आलोचनाओं को भी अविश्वसनीय माना जाने लगता है और सरकार को ऐसी आलोचना से राजनीतिक हानि के बजाय राजनीतिक लाभ होने लगता है। मनुष्य का स्वभाव दूसरों से अपेक्षा का मानदंड बहुत ऊंचा रखता है। अपने लिए कोई मानदंड रखता ही नहीं, सहज प्रवृत्तिवश जो भी उससे हो जाए, वही उसके लिए मानदंड है। इसमें असहज होने की कोई बात नहीं, अमूमन लोग ऐसे ही पाए जाते हैं। फेसबुक ने इस बात को सूरज की रोशनी की तरह स्पष्ट कर दिया है। बड़बोले, बड़बड़िया और छद्म लोगों की बाढ़ लाने में इसने बड़ा योगदान दिया है। इसलिए कि ऐसे लोग अपने जीवन में क्या और कैसे करते हैं? इसे जानने का कोई सुराग नहीं होता। गरीबों, पीड़ितों, मजलूमों का मसीहा बनने में एक टका नहीं जाता, बस सुंदर भाषा आनी चाहिए। नफरत मनुष्य का सहज गुण है। किसी न किसी से नफरत पाले बिना जीवन निःसार लगता है।

नफरत प्रेम की तरह ही अंधी होती है। प्रेम की तरह ही नफरत की गिरफ्त में पड़े लोग उसके नाना रूपों को फैंटेसाइज करने की प्रवृत्ति रखते हैं। फिर इन्हीं फैंटेसीज को सत्य की तरह प्रस्तुत कर टारगेट के प्रति भड़ास निकालने का मौका खोजते रहते हैं। ऐसे में यदि नफरत का टारगेट मूढ़ता या उन्माद में उनकी मदद करने लगे तो समझ लीजिए, वह बिना समझे अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने में लग गया है।

# झूठे-भ्रामक विज्ञापनों की जालसाजी



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

**भ्रामक विज्ञापनों को लेकर दर्शक रिपोर्ट भी करते हैं, लेकिन कोई एक्शन नहीं होता। ऐसे विज्ञापनों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध की सख्त दरकार है।**

देशभर में झूठे, भ्रामक, फरेब, जालसाज जैसे विज्ञापनों का मामला गर्माया हुआ है। चाहे टीवी हो, अखबार हो या सोशल मीडिया हर जगहे झूठे एड भरे हैं। झूठे विज्ञापनों पर रोकथाम के लिए तमाम सख्त नियम मौजूद हैं। कानून भी हल्के नहीं, कठोर हैं, लेकिन सभी हाथी के सफेद दांत जैसे निष्क्रिय ही हैं? निष्क्रिय क्यों हैं या किए हुए हैं! इस गणित को भी आसानी से समझ सकते हैं।

दरअसल 'झूठा विज्ञापन तंत्र' कइयों की जेबें भर रहा है। एक पूरी चेन है इस खेल में? विज्ञापन कंपनियां से लेकर नामचीन हस्तियां, आर्टिस्ट व सरकारों का सीधा वास्ता है, सभी मिलकर मोटा माल काट रहे हैं। ताज्जुब होता है कि ऐसी फिल्मी हस्तियां जो शराब नहीं पीती, लेकिन दारू का विज्ञापन करती हैं। ऐसे क्रिकेटर जो गुटखा-खैनी को हाथ तक नहीं लगाते? पर पैसों की चाह में उसका एड करते हैं। ऐसे भ्रामक विज्ञापनों पर प्रतिबंध और हस्तियों पर जुर्माने का दिखावा-डर कैसे दिखाया जाता है जिसका ताजा उदाहरण सामने हैं।

आज से पांच वर्ष पहले, जब उपभोक्ता संरक्षण कानून-1986 को रिफार्म करके केंद्र सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों में नए कानून उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 के रूप में इस नियत से पारित किया था कि अब झूठे विज्ञापनों पर पूर्ण विराम लगेगा, लेकिन दुर्भाग्य वैसा हो न सका। तब नियम तो ऐसे बनाए गए थे कि किसी ब्रांड का अगर कोई नामचीन व्यक्ति झूठा एड करेगा, उस पर 10 लाख रुपये का जुर्माना या पांच वर्ष तक की जेल भी हो सकती है। वो बदला हुआ कानून भी कराह रहा है। मौजूदा समय में टीवी के पर्दे झूठे विज्ञापनों से भरे पड़े हैं। सवाल उठता है, क्या उन्हें सरकार की निगरानी समिति नहीं देखती? जरूर देखती है, लेकिन देखकर अपनी आंखें मूंद लेती हैं। बीते कुछ महीनों में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की विज्ञापन निगरानी समिति ने खाद्य व्यवसाय ऑपरेटरों के जरिए भ्रामक दावों वाले करीब तीन दर्जन केसों की पहचान की और ये सिलसिला रूका नहीं, बल्कि तेजी से आगे बढ़ रहा है। समिति केंद्र सरकार को अप्रोच करती है कि रोकथाम लगाए, लेकिन उनकी भी कोई नहीं सुनता? झूठे विज्ञापन के लिहाज से हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने अब तक का सबसे बड़ा मामला एक्सपोज किया।

भ्रामक विज्ञापन प्रसारित करने पर बाबा रामदेव द्वारा संचालित कंपनी 'पतंजलि आयुर्वेद' को तगड़ी फटकार लगाई, उनकी मार्केटिंग गतिविधियों पर प्रतिबंध भी लगाया। सरकार को कमर कसना होगा, वरना चीजें और बिगड़ेगी। बाएं हाथ का खेल है हुकूमतों का? हर्जाना और सजा दोनों बिना देर किए एक्टिव की जाएं। हालांकि कंपनियां और हुकूमतें भी अच्छे से जानती हैं कि ये धंधा गंदा हैं, जनता परेशान है, पर क्या करें, अंधी कमाई के सामने वो भी नतमस्तक हैं। पतंजलि केस को सुप्रीम कोर्ट में 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' ने दायर किया था। उनका आरोप है कि पतंजलि ने एलोपैथिक चिकित्सा को बदनाम किया है। कोविड-19 के दौरान टीकों के बारे में गलत जानकारी देश में फैलाई। यद्यपि इस मामले में चारों तरफ से जब बाबा रामदेव फंसे तो उन्होंने सार्वजनिक रूप से मांफी भी मांगी, पर कायदे से देखें तो उनकी माफी इस बात पर मुहर लगाती है कि उनकी मंशा झूठे दावों की आड़ में क्या करने की रही होगी? पंतजलि का मामला इसलिए उजागर हुआ, क्योंकि उसे 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' ने कोर्ट में खदेड़ा था। वरना शिकायतें और भी बहुतेरे पीड़ित करते हैं जिनकी सुनवाई कोई करना मुनासिब नहीं समझता? एक बात पल्ले नहीं पड़ती कि पढ़ा-लिखा और जागरूक समाज भी भ्रामक विज्ञापनों के चंगुल में फंस रहा है। ये सोची समझी साजिश ही है।

बहरहाल झूठे और भ्रामक विज्ञापनों पर जैसे ही हमले होने शुरू हुए, उन्होंने अपना रास्ता बदल लिया है। सोशल मीडिया की घेराबंदी कर ली। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर भद्दे, अश्लील और अशोभनीय विज्ञापनों की मौजूदा समय में भरमार है। लिंग वृद्धि, स्टेमिना बढ़ाना, मर्दाना जोश बढ़ाना, लंबाई-ऊंचाई में वृद्धि करने जैसे तमाम असभ्य विज्ञापन इस वक्त दिखाई पड़ते हैं। इन पर प्रतिबंध लगाना केंद्र सरकार के लिए कोई बड़ी बात नहीं? भ्रामक विज्ञापनों को लेकर दर्शक रिपोर्ट भी करते हैं, लेकिन कोई एक्शन नहीं होता। ऐसे विज्ञापनों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध की सख्त दरकार है। अगर दिक्कत है तो इस आफत को भी 'एआई' तकनीक से काबू करना चाहिए।

## सोशल फोरम

# शुभ मुहूर्त...



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

कभी कभी फिल्मों में एक दृश्य आपने देखा होगा। पति बाथरूम में नहा रहा है और अंदर से ही आवाज लगा पत्नी को तौलिया देने को कहता है। फिर पति तौलिया देने आई पत्नी का हाथ पकड़ उसे बाथरूम में खींच लेता है। अब आगे मत पूछिए नव दंपतियों के शुरुआती दांपत्य जीवन के ऐसे बहुत से किस्से होते हैं, जहां जवानी के आवेगों के बस में कपल ऐसी हरकतें करते हैं।

ऐसा कमोबेश सभी के जीवन में घटा होगा। इससे कम ही लोग इंकार कर पाएंगे। अब सवाल है कि क्या इन हरकतों से पहले किसी ने भी घड़ी देखी, शुभ-अशुभ पर विचार किया। मुझे नहीं लगता कि ऐसा करना या सोचना भी किसी को याद रहा होगा। ऐसा क्यों है कि प्रकृति की सबसे खूबसूरत नेमत के वक्त हमें वक्त, शुभ-अशुभ का ध्यान नहीं रहता, लेकिन बाकी जिंदगी में हम शुभ अशुभ वक्त के चक्कर में पड़े रहते हैं। व्रत-रोजा अच्छी बात है, लेकिन सहरी और इफ्तार का वक्त मुकर्रर होने की वजह मुझे समझ नहीं आती। इसका रोजे से मिलने वाले सवाब से क्या संबंध है? इसका खुलासा कोई विद्वान मित्र करें। ऐसा ही कुछ बहुसंख्यकों के धर्म में व्रत-उपवास और किसी खास शुभ घड़ी में ही पूजा-पाठ त्योहार मनाना बताया गया है। यहां तो शादी-ब्याह भी कुंडली और शुभ लग्न देखकर ही तय किए जाते हैं। अब इसमें एक बड़ी रोचक बात पता लगी कि पंचांगों में ग्रहों की जिन स्थितियों के आधार पर गणना कर मुहूर्त निकाला जाता है। दरअसल ग्रहों की वास्तविक स्थिति उससे अलग होती है। इसमें लगभग पांच दिन का अंतर होता है।

पंचांगों के अनुसार सूर्य मकर में 15 जनवरी को प्रवेश करता है, जबकि वास्तव में ये 19/20 जनवरी को होगा। अब सवाल बड़ा सीधा है कि पंचांगों के अनुसार दिखाई गई गलत ग्रह स्थितियों के आधार पर सही मुहूर्त कैसे निकलेगा? क्या शुभ मुहूर्त एक विश्वास के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं जिसका हकीकत से कोई संबंध नहीं। आखिर बहुसंख्यक आबादी अगर इस पर विश्वास करती है तो इसकी वजह क्या है? और जो ये सब नहीं मानते उनका क्या बिगड़ गया और जो मानते हैं उनका क्या बन गया?

**–फेसबुक वॉल से**

# कर्तव्यों के पालन में जीवन की सार्थकता



हरिकांत त्रिपाठी
सेवानिवृत्त आईएएस

**मेरे रिटायरमेंट के बाद ऐसे अनेक अवसर मिले जब मुझे समाज के प्रति योगदान ने अपनी सार्थकता की प्रतीति कराई। मेरा मानना है कि कोई इंसान रिटायर्ड हो जाने से अगले ही दिन फ्यूज बल्ब नहीं हो जाता।**

सोशल साइट पर एक पोस्ट पढ़ रहा था कि एक रिटायर्ड आईएएस सज्जन अपने गृहनगर, जो अपेक्षाकृत छोटा शहर था, में सपरिवार किसी मजबूरी में रहने चले गए। अमूमन वे पार्क में घूमते वक्त लोगों से मिक्सअप नहीं होते थे, केवल एक-दूसरे बुजुर्ग सज्जन से कभी कभार बातें करते थे तो अक्सर अपने आईएएस होने की डींग हांकते और इस शहर के छोटी जगह होने को लेकर अपनी हिकारत व्यक्त करते रहते थे। एक दिन उन बुजुर्ग सज्जन ने पूर्व आईएएस अधिकारी को समझाया- देखिए भाई, जो रिटायर्ड हो जाता है वो फ्यूज बल्ब हो जाता है।


फ्यूज होने के पहले वो किस कंपनी का था, क्या कीमत थी, कितनी रोशनी देता था, आदि महत्वहीन और मूल्यहीन हो जाते हैं। उन बुजुर्ग सज्जन ने आगे बताया कि वे कभी किसी को यह नहीं बताते कि वे दो बार सांसद रह चुके हैं, उन्होंने बहुत सारे अन्य वॉकर्स की ओर इशारा करके बताया कि वे सब रिटायरमेंट के पूर्व बड़े-बड़े महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत थे, पर अब सामान्य नागरिक बन चुके हैं और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। मुझे यह बेहद व्यावहारिक बात लगी कि रिटायरमेंट के बाद अपने पदीय रुतबे को पूरी तरह त्यागकर सामान्य नागरिक की तरह रहना चाहिए, पर यह रिटायरमेंट के बाद ही क्यों? इंसान को तो हमेशा अपने को आम आदमी महसूस करते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इसके बड़े फायदे हैं। मैंने अपनी सेवा के आखिरी नौ साल सचिवालय में बिताए और सेवानिवृत्ति के दिन मेरे सरकारी ड्राइवर ने मेरी पत्नी से कहा कि उसने अपनी लंबी सेवा अवधि में बहुत सारे अधिकारियों को सेवानिवृत्त होते देखी है, पर इतने सहज भाव में प्रसन्नता से सेवानिवृत्त होते किसी को नहीं देखा। मैं जब लंबी अवधि में सचिवालय के महत्वहीन पद पर कार्यरत था तो मेरे लिए सेवानिवृत्त होने पर किसी अतिरिक्त महत्वहीनता महसूस होने का अवसर ही नहीं था। मेरे तमाम साथी जिलाधिकारी, कमिश्नर और विभागाध्यक्षों के महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित कर रहे थे और निश्चय ही जब वे सेवानिवृत्त हुए होंगे तो उनमें से बहुतों को लगा होगा कि उन्हें आसमान से एकाएक धरती पर पटक दिया गया। मैं अब भी रोज सायं जब पैदल भ्रमण पर निकलता हूं तो पार्क के अतिरिक्त बाजार, सब्जी मंडी, फल की रेहड़ियों तक भी जरूर जाता हूं। तमाम सारे दुकानदार, रेहड़ी वाले, सब्जी मंडी के दुकान वाले न मेरा नाम जानते हैं और न मेरी पृष्ठभूमि, पर वे प्रायः मुझे देख कर खुश हो जाते हैं और उनमें से बहुत सारे बाबूजी नमस्ते भी बोलते हैं और मैं उनसे बहुत प्यार से भैया, बेटा कहकर बात करता हूं, दोनों पक्षों को अच्छा लगता है। फ्यूज बल्ब वाले उदाहरण से मैं सहमत नहीं हो पाता। फ्यूज बल्ब मतलब निष्प्रयोज्य जिसकी जगह कूड़ेदान में हो। क्या वाकई रिटायर्ड होते ही एकाएक कोई निष्प्रयोज्य हो जाता है? मैं अपने परिवार के लिए तो अब भी बहुत काम का हूं। अनेक विशेष कामों के अलावा रोजमर्रा की जिंदगी को चलाने के लिए भी मेरी परिवार में बड़ी उपयोगिता बनी हुई है। परिवार के अलावा मैं समाज के लिए भी अभी अपनी भूमिका को सार्थक पाता रहता हूं।

तीन चार दिन पहले मेरे एक मित्र घर आए और बोले कि उनकी बेटी को कनाडा की परमानेंट रेजिडेंटशिप लेनी है जिसमें बर्थ सर्टिफिकेट की आवश्यकता है। चुनाव की व्यस्तता के कारण काशीपुर (उत्तराखंड) के एसडीएम साहब के आदेश नहीं हो पा रहे हैं, लगता है मेरी बेटी का आवेदन बर्थ सर्टिफिकेट के अभाव में रिजेक्ट हो जाएगा। मैंने एसडीएम साहब को फोन कर उनकी समस्या बताई तो उन्होंने सहृदयतापूर्वक अगले दिन ही आदेश कर दिया। करीब ढाई महीने पहले मेरे बचपन के मित्र आचार्य जी को मेजर हार्ट अटैक पड़ा। वे सेवानिवृत्त शिक्षक हैं और फैजाबाद में रहते हैं। उनका जीवन बेहद सात्विक है और वे मजबूत शरीर के पूर्ण स्वस्थ व्यक्ति हैं। फैजाबाद में प्राथमिक चिकित्सा के बाद घर वाले उन्हें डिवाइन हार्ट हॉस्पिटल गोमती नगर ले आए जहां आधा तो वे मुझे देखकर ही स्वस्थ महसूस करने लगे। उनकी एंजियोग्राफी वगैरह कराकर एंजियोप्लास्टी करा दी गई और फैजाबाद अगले ही दिन वापस लौट गए। बीच- बीच में वे नियमित चेकअप के लिए आते रहे और अब लगभग ठीक हो चुके हैं।

अमेठी के तेईस वर्षीय युवा पांडेय जी को मैं फेसबुक पर जानता था। लगभग छह महीने पहले पता चला कि उनके हृदय का वाल्व एकदम खराब हो गया है, उसे रिप्लेस करवाना पड़ेगा जिसमें लगभग चार पांच लाख रुपए लगेंगे। पांडेय जी अद्भुत विद्वत्ता और प्रतिभा संपन्न हैं, पर निर्धनता इतनी है कि वे हताशा में डूब गए। उनका आयुष्मान कार्ड बनवाकर पीजीआई में उनका वाल्व बदलवा दिया गया और अब वे पूर्ण स्वस्थ हो गए हैं।

मेरे रिटायरमेंट के बाद ऐसे अनेक अवसर मिले जब मुझे समाज के प्रति योगदान ने अपनी सार्थकता की प्रतीति कराई। मेरा मानना है कि कोई इंसान रिटायर्ड हो जाने से अगले ही दिन फ्यूज बल्ब नहीं हो जाता। यह व्यक्ति की सोच पर निर्भर करता है कि वह एक सार्थक जीवन जीता है या फ्यूज बल्ब बनना चाहता है, इसका नौकरी में रहने या रिटायर होने से कोई लेना-देना नहीं है।

# बैंकों की प्रमुख जिम्मेदारी



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत के नवरत्न कहे जाने वाले उपक्रमों में से एक राष्ट्रीयकृत बैंकों के मार्च 2024 को खत्म हुए वित्त वर्ष के मुनाफे के आंकड़े जारी किए। इन 12 राष्ट्रीयकृत बैंकों ने एक बार फिर नए प्रतिमान स्थापित करते हुए 1.41 लाख करोड़ का शुद्ध मुनाफा दर्शाते हुए अपनी उपयोगिता सिद्ध कर दी है। यह ऐतिहासिक प्रदर्शन सार्वजनिक उपक्रमों पर जनता के भरोसे को भी दर्शाता है। इस मुनाफे में सबसे बड़ा हिस्सा सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक का ही है।

यह लाभ कुल 61077 करोड़ है, जबकि यूनियन बैंक ने रुपये 13649 करोड़, पंजाब नेशनल बैंक ने 8249 करोड़ रुपये और सेंट्रल बैंक ने कुल रुपये 2549 करोड़ लाभ अर्जित किया। इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक ने इसी वित्तीय वर्ष में 300 नई बैंक शाखाएं और खोलने तथा 15000 नई नियुक्तियों का भी ऐलान किया है। यह अभूतपूर्व मुनाफा भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों, कुशल प्रबंधन और स्टाफ के भरपूर योगदान से ही मुमकिन हो सका है। इसका श्रेय खराब ऋण (एनपीए) की वसूली को भी दिया जाना चाहिए।

अब देखना होगा कि इस उल्लेखनीय मुनाफे के मद्देनजर स्टेट बैंक की तरह अन्य बैंक भी जो स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। क्या नई भर्ती की सौगात देंगे। क्योंकि विगत समय में बैंकों में स्टाफ की अत्यधिक कमी देखने को मिल रही है। 2014 में बैंकों का कुल स्टाफ 842813 था, जो मार्च 2023 तक घटकर 785892 रह गया है। अच्छे मुनाफे के साथ नए स्टाफ की भर्ती बैंकों की प्रमुख जिम्मेदारी होनी ही चाहिए।

# 4 जून को टूटकर बिखर जाएगा इंडी गठबंधन : मोदी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और सपा पर कसा तंज, जीआईसी के मैदान पर जनसभा में भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को प्रतापगढ़ के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा को संबोधित करने करीब पौने चार बजे पहुंचे। भाजपा प्रत्याशी संगमलाल गुप्ता के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उनके निशाने पर सपा और कांग्रेस ही रही। राहुल गांधी और अखिलेश यादव को दिल्ली और लखनऊ का शहजादा कहते हुए तंज कसा। कहा कि इंडी गठबंधन 4 जून को टूटकर बिखर जाएगा..खटाखट खटाखट। हार के बाद बलि का बकरा खोजा जाएगा खटाखट खटाखट।

नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि अमेठी से गए अब रायबरेली से भी जाएंगे ..खटाखट खटाखट। कहा कि कांग्रेस देश के विकास का मजाक बना रही है। सपा और कांग्रेस का मानना है कि देश का विकास अपने आप हो जाएगा। हमने शौचालय बनवाए तो सपा कांग्रेस ने तो कहा इससे क्या होगा। भाजपा ने पक्का घर गरीबों को दिया तो कहा कि इससे क्या होगा। वर्षों शासन करने के बावजूद देश के 85 फीसदी घरों में नल से जल नहीं आता था।



प्रतापगढ़ के जीआईसी ग्राउण्ड पर हांथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकारते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। अमृत विचार



पीएम मोदी की जनसभा में महिलाओं में भी दिखा उत्साह। अमृत विचार

हमने 14 करोड़ गरीबों तक पीने का पानी पहुंचाया।कांग्रेस के लोग सेना के शौर्य पर भी सवाल उठा रहे हैं। यह लोग कह रहे हैं कि सत्ता में आने के बाद आर्टिकल 370 वापस कर देंगे। यह लोग पाकिस्तान के पास गुलाब लेकर जाएंगे कबूतर उड़ाएंगे। सपा और कांग्रेस से सावधान रहने की जरूरत है। देश जब आजाद हुआ था तो भारत छह नंबर की अर्थव्यवस्था थी। कांग्रेस ने वर्षों शासन करने के बाद अर्थव्यवस्था को ग्यारह नंबर पर ला दिया था। 2014 के बाद भाजपा की सरकार आने के बाद कड़ी मेहनत के बाद अर्थव्यवस्था पांचवें स्थान पर है।

**पेंशन की मांग करने वाले व सपा नेताओं को किया हाउस अरेस्ट :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीआईसी में गुरुवार को होने वाली सभा के मद्देनजर प्रशासन सुबह ही अलर्ट हो गया। सभा के दौरान कोई बाधा न आए इसके लिए पुरानी पेंशन की मांग करने वाले कुछ कर्मचारी नेताओं और समाजवादी पार्टी के कुछ प्रमुख नेताओं को नजर बंद कर दिया। प्रधानमंत्री के जनसभा करके चले जाने के बाद सभी नेताओं को घर से बाहर निकलने दिया गया।

### आरक्षण खत्म करना चाहती है कांग्रेस

मोदी ने कहा कि कांग्रेस दलितों, पिछड़ों का आरक्षण खत्म करना चाहती है। यह कार्य कर्नाटक से शुरू भी कर दिया है। यह लोग पिछड़ों का आरक्षण लेकर मुसलमानों को देना चाहते हैं। कांग्रेस के शहजादे कह रहे हैं सबकी जांच कराएंगे। उन्होंने दलितों और पिछड़ों का आरक्षण भी खत्म करना शुरू कर दिया है। कांग्रेस कर्नाटक का यह फार्मूला पूरे देशभर में लागू करना चाहती है। ओबीसी से विश्वासघात करने वाली सपा इस पर चुप बैठी है। सपा और कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति यहीं पर नहीं रुकी। यह लोग मोदी के खिलाफ वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि वह सत्ता में आएंगे तो रामलला को फिर टेंट में भेज देंगे और राम मंदिर में ताला लगवा देंगे, लेकिन मोदी ऐसा नहीं होने देंगे। हमारे रहते ऐसा नहीं हो सकता है।

### पीएम की फिसली जुबान, कहा-23 को करें मतदान

राजकीय इण्टर कालेज के मैदान पर गुरुवार को एनडीए भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करने पहुंचे। माइक पर आते ही मां बेल्हा देवी,बाबा घुइसरनाथ धाम की धरती को प्रणाम करते हुए जनसभा में उपस्थित लोगों से जुड़े। कहा कि यहां एक तरफ अयोध्या, एक तरफ काशी और एक तरफ प्रयागराज है। प्रतापगढ़ के सभी तीर्थों का आशीर्वाद है। कहा कि न सौ प्रतापगढ़ा, न एक प्रतापगढ़ा..। यह कहने के बाद 23 मई को भाजपा प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। जबकि यहां 25 मई को मतदान होना है।

### आईसीयू में है सपा, बसपा,कांग्रेस : केशव

गुरुवार को जीआईसी ग्राउंड पर चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सपा, बसपा,कांग्रेस पर जमकर तीखा हमला बोला। केशव ने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस ये सारी पार्टियां आईसीयू में हैं। इसलिए इनको अपना वोट देकर इन्हे ऑक्सीजन मत दीजिए। यह लोग बाबू जी ( पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह) को श्रद्धांजलि देने नहीं गए और माफिया मुख्तार अंसारी की कब्र पर फातिहा पढ़ने गए थे।


मोदी की जनसभा में सेल्फी लेती महिलाएं। अमृत विचार

### मोदी ने भारत को दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाया : अनुप्रिया

जीआईसी मैदान पर भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता के समर्थन में अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने जनसभा को सम्बोधित कियूए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में देश की कीर्ति बढ़ी है। आज दुनिया के अन्य देश भी भारत के नक्शे कदम पर चलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वोट देने जाना तो 10 साल और 70 साल की तुलना कर लेना। पीएम मोदी ने भारत को दुनिया की सबसे बड़ी पांचवी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाया है।

### राजा अनिल की अनुपस्थिति व मंच की बैठक व्यवस्था बनी चर्चा का विषय

पीएम नरेंद्र मोदी की जीआईसी में आयोजित जनसभा में वरिष्ठ भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह का नाम हेलीपैड से लेकर जनसभा स्थल पर किसी सूची में नहीं रहा। इस बात की लोगों के बीच चर्चा रही। मंच पर लगी कुर्सियों की बैठक व्यवस्था को लेकर भी भाजपा नेताओं में तरह-तरह की चर्चा रही। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य,अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के अलावा जनसभा प्रभारी पूर्व मंत्री सुरेश राणा रहे,प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर, राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य,पूर्व मंत्री मोती सिंह,पूर्व मंत्री डा.महेंद्र सिंह,पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा,पूर्व मंत्री बृजेश शर्मा,सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य,विधायक जीतलाल पटेल, एमएलसी उमेश द्विवेदी,अद प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल,पूर्व विधायक धीरज ओझा,जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल, भाजपा नेत्री प्रतिभा सिंह,राय साहब सिंह,पूर्व एमएलसी विंध्यवासिनी कुमार, ब्लाक प्रमुख प्रेमलता सिंह,नगर पंचायत गड़वारा चेयरमैन सीमा सिंह,रानीगंज चेयरमैन मीरा गुप्ता,रुचि केसरवानी,तारा देवी,नीलम हिन्द,बृजेश पटेल, रहे। संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव व पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने किया। इसके अलावा अशोक मिश्र, राघवेंद्र शुक्ल, अंशुमान सिंह, विवेक उपाध्याय,अभिषेक पाण्डेय, विनोद तिवारी समेत तमाम कार्यकर्ता व्यवस्था में लगे रहे।

### विद्यालय के स्टोर रूम का ताला तोड़कर चोरों ने खाद्यान्न सामग्री चुराया

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना के मगरबिला गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रिजवान कुरैशी ने गुरुवार को थाने में तहरीर देकर विद्यालय के स्टोर रूम व कमरे का ताला तोड़कर चोरों द्वारा खाद्यान्न सामग्री सहित अन्य सामान चोरी होने पर कार्रवाई की मांग किया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई। तहरीर में बताया है बुधवार को विद्यालय के स्टोर रूम का ताला तोड़कर एमडीएम बनाने के लिए रखा तीन कुंतल गेहूं, डेढ़ कुंतल चावाल, बच्चों को एमडीएम खाने के लिए थाली, गिलास, दरी खेल का सामान आदि चोरा ले गए ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय में अराजक लोग आते हैं इसके पहले भी विद्यालय में चोरी हो चुकी है। विद्यालय में चोरी होने की सूचना उच्च अधिकारियों को भी दे दिया गया है। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है मामले कि जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## महिलाओं ने अखिलेश यादव का पैर छूकर लिया आशीर्वाद

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचारः** धर्म और संस्कार के साथ-साथ महिलाओं के सम्मान की बात करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गुरुवार को कौशांबी की एक जनसभा में पहुंचे, जहां भरे मंच पर महिलाओं ने उनका पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र की एक जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे थे जहां मंच पर सपा के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया इस दौरान मंच पर पहुंची महिलाओं ने एक के बादएक अखिलेश यादव का पैर छूना शुरु कर दिया। अखिलेश यादव ने पैर छू रही महिलाओं को अपने हाथों से आशीर्वाद भी दिया। वहीं सभा में अखिलेश यादव ने भाजपा और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी पर तंज कसते हुए कहा कि इस सरकार में महिलाओं का अपमान हो रहा है।

महिलाएं सुरक्षित नहीं है। लगातार छेड़छाड़ और दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही है। गौर करने की बात यह है कि जहां एक तरफ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव महिलाओं के सम्मान की बात करते हैं वहीं दूसरी तरफ भरे मंच पर महिलाएं उनके पैर छूकर आशीर्वाद ले रही है और वह अपने हाथों से आशीर्वाद दे रहे हैं।

### पवन प्लाजा में फांसी पर लटकती मिली डांसर की पत्नी की लाश

संवाददाता,जौनपुर, अमृत विचार : जिले के :लाइन बाजार थाना क्षेत्र पुराने स्टेट बैंक के पास स्थित पवन प्लाजा बिल्डिंग के तीसरे तल एक महिला की फांसी पर लटकती लाश मिलने से सनसनी फैल गई। इस वारदात से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही थी मिली जानकारी के अनुसार पवन प्लाजा बिल्डिंग के तीसरे तल पर 2013 से कृष्णा मिश्रा उर्फ कृष्णा पंडित जस्ट डांस फाउंडेशन के नाम से डांस क्लास चलते है तथा इसी भवन में रहते है। आज दोपहर उनकी पत्नी खुशबू मिश्रा उम्र करीब 24 वर्ष की फांसी पर लटकती हुई लाश मिली, यह जानकारी होते ही भवन में रहने वालों में हड़कंप मच गया, सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही थी। इसकी शादी दिसम्बर 2020 में हुई थी। पुलिस की तफ्तीश के बाद ही खुशबू के मौत के रहस्य का पता चल पाएगा।

## आईएएस-पीसीएस देने वाला जिला है जौनपुर: मोदी

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जौनपुर में गुरुवार को चुनावी रैली में कहा-आने वाले 5 सालों में मोदी और योगी मिलकर पूर्वांचल की तस्वीर बदलने वाले हैं। जौनपुर तो देश को आईएएस पीसीएस देने वाला जिला है। जौनपुर में पीएम मोदी ने कहा विकसित भारत का ग्रोथ इंजन पूर्वांचल होगा। इसलिए जब मैं एक्सप्रेस-वे बनाता हूं, तो जौनपुर वालों को लाभ होता है। ये पूरा क्षेत्र स्वास्थ्य और शिक्षा का मजबूत हब बन रहा है।

भाजपा युवाओं की अकांक्षाओं को समझती है जौनपुर में पीएम मोदी ने कहा- विकसित भारत का ग्रोथ इंजन पूर्वांचल होगा। इसलिए जब मैं एक्सप्रेस-वे बनाता हूं, तो जौनपुर वालों को लाभ होता है। ये पूरा क्षेत्र स्वास्थ्य और शिक्षा का मजबूत हब बन रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा- पहले ग्रुप सी और डी की र्तियों में इंटरव्यू होते थे। लेकिन हमने खत्म कर दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हमने बड़ा फैसला लिया है मोदी ने कहा, भाजपा युवाओं की अकांक्षाओं को समझती है। हमने सामान्य वर्ग के गरीबों को भी 10 प्रतिशत आरक्षण दिया। पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून बनाया है। हमारी सरकार हर जिले में मेडिकल कॉलेज बना रही है अब गरीब मां का बेटा डॉक्टर बनेगा। अब हमने हिंदी में पढ़ाई और हिंदी में परीक्षा का रास्ता खोल दिया है।

### पीएम बोले- गठबंधन का मॉडल तुष्टिकरण

पीएम मोदी ने कहा, भाजपा का रास्ता संतुष्टिकरण है। लेकिन दूसरी तरफ घमंडिया गठबंधन का मॉडल तुष्टिकरण है इससे पहले, पीएम ने आजमगढ़ में कहा था- सपा-कांग्रेस दो दल, लेकिन दुकान एक ही है। ये झूठ, तुष्टिकरण, परिवारवाद और भ्रष्टाचार का सामान बेचते हैं। इंडी गठबंधन तुष्टिकरण के दलदल में पूरी तरह धंस चुकी है पीएम ने कहा, 'सपा के शीर्ष नेता राम मंदिर को लेकर आए दिन घटिया बातें कर रहे हैं। अखिलेश यादव अपने आपको यदुवंशी कहते हैं। अरे तुम कैसे यदुवंशी हो यार, जिसके साथ बैठते हो उसने राम मंदिर को गालियां देने का मिशन चला रखा है।'

### जनसभा से अगल-बगल के सीटों पर पड़ेगा असर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आजमगढ़, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ से पूर्वांचल की 13 लोकसभा सीटों का समीकरण साधेंगे। इन सीटों पर छठवें और सातवें चरण में चुनाव होने है।

### मोदी ने बच्चे की पेंटिग मगवायी, की सराहना

जौनपुर में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने एक बच्चे की पेंटिंग को मंच से मगवाया। बच्चा मोदी की फोटो बनाकर आगे 45 मिनट से खड़ा था। जब मोदी की नजर पड़ी तो बच्चे की फोटो अपने एसपीजी वालों से लेने को कहा बच्चे को आगे बुलवाया बच्चे से कहा की बेटा तुम इतना अच्छा फोटो बनाते हो। खुद बनाए हो बच्चे ने कहा हा। बच्चे का फोटो सुरक्षा कर्मियों ने ले लिया। मोदी ने कहा कि बच्चा तुम आगे चलकर अच्छे आर्टिस्ट बनोगे बच्चे का नाम कृष्णा शुक्ला है। कक्षा 4 तक सेंट पैट्रिक स्कूल में पढ़ाई किया। अब मुंबई में पढ़ाई कर रहा है राजकोलोनी हुसेनाबाद जौनपुर का निवासी है। कृष्णा शुक्ला पेंटिंग के साथ साथ क्रिकेट का भी शौकीन है कृष्णा मां एक स्कूल में शिक्षिका है।

## शाइस्ता के नाम पर 50 करोड़ रुपए की संपत्ति खरीद रखी

संवाददाता, प्रयागराज।

**अमृत विचारः** माफिया अतीक अहमद और उसके गैंग आई एस-227 पर प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट की कार्रवाई के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। ईडी ने अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता व 50 हजार की इनामी शाइस्ता परवीन के खिलाफ अब चार्ज शीट दाखिल कर दिया है। ईडी के नई दिल्ली मुख्यालय में दाखिल किए गए चार्ज शीट में यह दर्शाया गया है कि माफिया ने अपनी बेगम शाइस्ता के नाम पर करीब 50 करोड़ की संपत्ति खरीद रखी है।

आईएस-227 गैंग पर प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस और ईडी ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहा है। माफिया के अब तीन हजार करोड़ की सम्पत्ति को नस्तेनाबूत करने की तैयारी की जा रही है। फिलहाल माफिया की कई बेनामी सम्पतियों को खंगाला जा चुका है। अब पुलिस और प्रवर्तन निदेशालय माफिया की पत्नी शाइस्ता परवीन की संपत्तियां को खंगाल करबड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। इसकी जांच पुलिस लगातार कर रही है। जांच में शाइस्ता के नाम पर जमीन आदि की तलाश की जा रही है। टिकक अहमद ने शाइस्ता परवीन के लिए 5 करोड़ की जमीन मिर्जापुर में खरीद रखी थी। इस 300 वर्ग गज की जमीन को अतीक अहमद ने 2004 में अपनी बेगम को तोहफे के रूप में दिया था। जिसका खुलासा होने पर पुलिस ने इसकी भी जांच शुरु कर दी है। जिसकी जांच रिपोर्ट शाहगंज पुलिस ने कमिश्नर को प्रयागराज सौंप दी है। पुलिस के मुताबिक इसी सप्ताह के अंदर डुगडुगी बजा करपुलिस के मुताबिक इसी सप्ताह के अंदर डुगडुगी बजा कर इसकी कार्रवाई की जाएगी।

**बेगम शाइस्ता की संपत्ति पर ईडी का चलेगा चाबुक**

## हादसों में छात्रा, सभासद के भतीजे सहित तीन की मौत

संवाददाता, कुण्डा/ पट्टी प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** अलग-अलग हादसों में छात्रा,सभासद के भतीजे सहित तीन लोगों की मौत हो गई व एक घायल हो गया। पुलिस ने उनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा। सैफू का पुरवा हिनाहूं नवाबगंज निवासी 25 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र रामकुमार सरोज मजदूरी करता था। गुरुवार को दोपहर पड़ोसी जनपद रायबरेली के ऊंचाहार के हरिहरपुर गांव में ट्रक पर लदा मोरगं उतारने गया हुआ था। मोरगं उतारने के बाद साथ रहे मजदूर ट्रक का पिछला डाला बंद कर रहे थे और सुनील नीचे से डाला उठाए हुए था, डाला बंद नहीं हुआ। तभी ट्रक में ऊपर सवार मजदूरों ने डाला छोड़ दिया। इससे नीचे खड़े सुनील के सिर पर डाला गिर गया और वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। इसके बाद उसे सीएचसी ऊंचाहार ले गए, जहां चिकित्सकों ने सुनील को मृत घोषित कर दिया। ऊंचाहार पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए रायबरेली भेज दिया। मौत की खबर सुनकर परिजन बेहाल हो गए। घटना की जानकारी होने पर भाई सुभाष सीएचसी पहुंचा, जहां पर वह अपनी बाइक खड़ी कर अस्पताल में अंदर गया। बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी। वहीं शहाबपुर कुंडा निवासी कौशल शुक्ल बुधवार को अपनी 17 वर्षीय बेटी वैष्णवी को बाइक से लेकर कौशांबी के मंझनपुर परीक्षा दिलाने जा रहा था। वह कौशांबी के गुलामीपुर पहुंचा था कि डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वैष्णवी डंपर के टायर के नीचे आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। कौशल शुक्ला को भी चोटें आईं। जानकारी पर परिजन बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए। घोसियान मोहल्ला निवासी पूर्व सभासद रियासत अली भोले के भतीजे 22 वर्षीय मो. साहिल पुत्र मो. शहजाद नेवादा कंधई के संजीव प्रताप सिंह की मैजिक डाला चलाता था। बुधवार की शाम वह डाला संजीव के घर छोड़कर उनके बाइक से अपने घर वापस आ रहा था। उसे छोड़ने के लिए संजीव प्रताप सिंह स्वयं बाइक चला रहे थे। रात 9 :30 बजे तरदहा के निकट विद्युत उपकेंद्र के सामने पीछे से आ रही बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को सीएचसी पट्टी ले गए, जहां उनकी हालत गंभीर देख दोनों को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन घायल साहिल को लखनऊ ले जा रहे थे, कि रास्ते में ही उसकी सांस थम गई, जबकि घायल संजीव प्रताप सिंह का इलाज प्रयागराज के एक अस्पताल में चल रहा है। साहिल के शव को परिजन लेकर घर आए और कंधई थाना में तहरीर दी। साहिल चार भाई बहनों में दूसरे नंबर पर था। बेटे की मौत के गम में पिता मोहम्मद शहजाद व मां साजिया बेगम का रो रो कर बेहाल रहे। पूर्व सभासद के भतीजे की मौत की खबर सुनकर नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष खेदन लाल जायसवाल, आशीष खंडेलवाल, दिनेश बहादुर सिंह बुदुल सिंह, हाजी सईद अली, यासीन राईन आदि ने उनके घर पहुंच कर स्वजन को ढांस बंधाया। थानाध्यक्ष कंधई प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### तालाब में नहाने गए दो बालक डूबे, मौत

कुण्डा, प्रतापगढ़, अमृत विचार : तालाब में नहाने गए दो बालक (दोस्त) गहरे पानी में समा गए। जानकारी होने पर घर वाले ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों की तलाश करने लगे। एक बालक का शव मिला, जबकि दूसरे बालक का कुछ देर बाद शव मिला। बाघराय के बारौं मंशा का पुरवा गांव निवासी घनश्याम पाल के बेटे 12 वर्षीय बेटे शिवम पाल की गांव के जयप्रकाश के आठ वर्षीय बेटे आर्यन में दोस्ती थी। गुरुवार को दोनों दोस्त साइकिल लेकर दोपहर करीब 12 बजे घर से घूमने के लिए निकले हुए थे। देर शाम तक दोनों घर लौटकर नहीं पहुंचे तो परिजन उनकी खोजबीन करना शुरू कर दिए। शाम करीब छह बजे घर से तीन किलोमीटर दूर रायपुर जलालपुर गांव में बने तालाब के पास शिवम की साइकिल खड़ी दिखाई पड़ी जिस पर दोनों दोस्तों के कपड़े व चप्पल समेत कपड़ा साइकिल में टंगा हुआ दिखाई दिया। तालाब में तलाश के दौरान शिवम का शव ग्रामीणों ने बरामद कर लिया जबकि आर्यन की तलाश पुलिस व ग्रामीण कर रहे हैं। तालाब में डूबने को लेकर दोनों परिवारों के लोगों में कोहराम मचा हुआ है। एसओ बाघराय निकेत भारद्वाज ने बताया दोनों शवों को बरामद कर लिया गया है। बच्चों के प्रति लोगों को जागरूक रहने की जरूरत है।

### सार-संक्षेप

#### बसपा प्रमुख मायावती की जनसभा आज

**संवाददाता, प्रतापगढ़ अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती 17 मई शुक्रवार को प्रतापगढ़ आएंगी। बसपा जिलाध्यक्ष सुनील गौतम ने बताया कि बसपा सुप्रीमो मायावती 17 मई को विश्वनाथगंज में प्रतापगढ़ लोकसभा से पार्टी के प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगी। इस दौरान प्रतापगढ़ के अलावा फूलपुर के कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे।

#### तेंदुआ को बेहोश कर पिंजरे में बंद कर ले गयी टीम


पिंजरे में बंद तेंदुआ।


हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलाही बरहरवा मुहल्ले में कच्चे मकान में घूसे आदम खोर तेंदुए को प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग तापस मिहिर ने कानपुर चिड़ियाघर से एक्सपर्ट डाक्टर नसीर की टीम को मौके पर बुलाया। बुधवार की देर रात में करीब 1.30 बजे मौके पर पंहुची कानपुर चिड़ियाघर तेंदुआ पकड़ने की एक्स्पर्ट डाक्टर की टीम ने कच्चे मकान के छप्पर हटाकर तेंदुआ को बेहोश करने के लिए ट्रक्यूलाइजर गन से तेंदुआ को बेहोश कर दिया तब जाकर तेंदुआ को पिंजरे में बंद कर चिड़ियाघर कानपुर के एक्सपर्ट डाक्टर की टीम उसे कानपुर चिड़ियाघर घर लेकर चली गई। कानपुर चिड़ियाघर में तेंदुआ का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। आदम खोर तेंदुआ बस्ती में पहुंचकर घर के बाहर निकले युवक के उपर हमला करते हुए घायल कर कच्चे मकान में घूस गया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना वनक्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्र को दिया पुरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे वनक्षेत्राधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग तापस मिहिर को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग ने घोरावल रेंज से पिंजरा जाल के साथ वन्यजीव प्रतिपालक अरविंद कुमार व वनक्षेत्राधिकारी घोरावल सरजू प्रसाद को मौके पर बुलाया।

## सपा-कांग्रेस देश के लिए पाप का गठबंधन : मुख्यमंत्री

संवाददाता, कौशांबी, प्रयागराज।

**अमृत विचारः** कौशांबी की धरती पर गुरूवार को सियासी दिग्गजों ने मंच से एक दूसरे पर जमकर बांण छोड़े। कौशांबी सीट में भाजपा उम्मीदवार विनोद सोनकर के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो दूसरी तरफ सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज के समर्थन मे पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को अलग अलग मंचो से सभा को सम्बोधित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से कहा की सपा और कांग्रेस पाप का गठबंधन है। अब जनता कभी उनकी तरफ मुड़ कर नही देखेगी। सीएम योगी ने चार चरण के चुनाव का रुझान सबके सामने रखकर देश के अंदर एक बार फिर मोदी की लहर और नारे को देते हुए अपने भाषण को शुरू किया।



कौशांबी में मंच से लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

सीएम ने 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों की बातों को सबके सामने रखा। उन्होंने 10 साल पहले भारत की स्थिति और तस्वीरों की चर्चा की और कहा कि किस तरह से भूख से आम आदमी मर रहा था। किसान आत्महत्या कर रहे थे और युवक अपने गांव को छोड़कर पलायन कर रहे थे। बेटियां और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। जगह-जगह धमाके होते थे। आज देश में ना ही संकट है ना ही आतंकवाद है, ना ही अपराध है। भारत बदल चुका है। देश का पूरा सम्मान वापस लौट चुका है। उन्होंने कहा कि अब भारत में कोई पटाखा भी फूटता है, तो पाकिस्तान सफाई देता है कि हम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम किसी को छेड़ते नहीं और कोई छेड़ता है तो हम उसे छेड़ते हैं। सीएम योगी ने कहा अब अपना देश और प्रदेश माफिया मुक्त है। 2024 के आम चुनाव का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि सपा कांग्रेस का गठबंधन अब वापस सत्ता में नहीं आएगा। इसके बाद होने वाले चुनाव में भी जनता इनका नाम जुबान पर नहीं लेगी। यह चुनाव लड़ने के काबिल नहीं बचे हैं। पिछले दिनों भरवारी में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि सांसद विनोद सोनकर ने उन्हें फोन कर घटना की सूचना दी थी। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष से घायलों व मृत्यु को आर्थिक मदद दिलाई है।

सीएम ने कहा सपा का मतलब संस्कार से संबंध ना होना। वह बड़ों को लिहाज कभी नहीं किया है। राम भक्त पर गोलियां चलवाना, देशद्रोहियों के मुकदमे वापस लेना, प्रयागराज, गाजीपुर माफिया का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति नहीं ब्राह्मण पिछड़ा वर्ग के लोग माफियाओं का शिकार हुए हैं। जिनको उन्होंने मिट्टी में मिला दिया। उनके द्वारा कब्जा की गई भूमि को उन्होंने मुक्त कराकर गरीबों को दिया है। विनोद सोनकर के वीडियो पर सफाई देते हुए सीएम योगी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर के वायरल वीडियो मे जमीन की सौदेबाजी करते हुए टिप्पणी करते दिखाई पड़े थे। सीएम ने कहा कि लोग वीडियो वायरल कर गुमराह कर रहे है, लेकिन आपको किसी भी बहकावे में नहीं आना है। मुख्यमंत्री ने सपा कांग्रेस के गठबंधन पर कहा कि जब भी सपा कांग्रेस का गठबंधन हुआ है। महामारी का कारण बना है। यह देश के लिए खतरनाक और पाप का गठबंधन है।

## पीएम मोदी ने झूठ बोलने का रिकॉर्ड बनाया है : दिग्विजय

संवाददाता, प्रयागराज


मीडिया से बात करते दिग्विजय सिंह।

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राज्य सभा सदस्य दिग्विजय सिंह गुरूवार को संगमनगरी प्रयागराज पहुंचे। जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पीएम मोदी झूठ बोलने वाला पीएम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 सालों में झूठ बोलने का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। इतना झूठ बोलने वाला पीएम कभी नहीं देखा। वह हिंदू-मुस्लिम को बांटकर देश पर राज करना चाहते हैं।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह गुरूवार को प्रयागराज पहुंचे। वह सिविल लाइंस में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी के आवास पर मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने कहा इंडी गठबंधन वाली सरकार बनने जा रही है। इंडी गठबंधन की सरकार बनती है तो प्रधानमंत्री कौन होगा, सरकार बनने पर हम लोग बैठकर तय करेंगे।

## अपनी ढपली अपना राग


देश की गरीबी हटाने का दावा करने वाले राहुल गांधी 15 वर्षों में अमेठी की गरीबी तो हटा नहीं पाए वो देश की गरीबी क्या हटाएंगे। – स्मृति ईरानी


भाजपा ने 10 वर्षों में मोटरसाइकिल की कीमत दोगुनी कर दी है। अगर भाजपा सरकार फिर आ गई तो फौज की नौकरी के बाद अब पुलिस की तीन साल की नौकरी हो जाएगी। – अखिलेश यादव


आजादी के बाद से ज्यादातर समय कांग्रेस के हाथ में सत्ता रही, जो गलत नीतियों के कारण सत्ता से बाहर हो गई। अब भाजपा भी जाने वाली है। –मायावती


किसानों को प्रधानमंत्री मोदी ने धोखा दिया। मोदी ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनाने की बात की थी, लेकिन कानून तो छोड़िए किसानों की इतनी दुर्दशा इस सरकार ने कर दी कि किसी और की नहीं हुई। – पवन खेड़ा

# मतों के ध्रुवीकरण में ब्राह्मण कभी नहीं रहा शामिल

**2009** पुनर्गठित कैसरगंज सीट पर सबसे अधिक हैं ब्राह्मण मतदाता

**हर बार जनेऊ जोड़ने की मुहिम हुई है धराशायी**

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार :** कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र का रहस्य किसी से छिपा नहीं है। ब्राह्मण इस सीट के खेवनहार रहे हैं। क्षेत्रवाद, जातिवाद और धर्म के नाम पर मतों का ध्रुवीकरण होता रहा है लेकिन इनमें ब्राह्मण कभी शामिल नहीं रहा। जीतने वाले क्षत्रप किसी जाति धर्म संप्रदाय के रहे हों लेकिन जो जीता वही सिकंदर साबित हुआ और और ब्राह्मण वोटर हमेशा उसी के साथ खड़ा रहा है।



2009 में लोकसभा व विधानसभा सीटों के परिसीमन के तय हुए क्षेत्र पर जातिवार आधिपत्य स्थापित करने की मंशा कामयाब नहीं हो पाई। 2009 के पहले कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र का फैलाव बाराबंकी तक रहा और अपने सजातीय वोटरों के भरोसे बेनी प्रसाद वर्मा जीतते रहे।

इस सीट पर रुद्रसेन चौधरी से लेकर रानावीर सिंह सहित तमाम दिग्गज लोकसभा की ड्योढ़ी पर पहुंचे। लेकिन पुनर्गठित कैसरगंज लोकसभा पर राजनीतिक दलों का ब्राह्मण कार्ड कभी सफल नहीं हुआ। वर्ष 2009 के चुनाव में बसपा से सुरेंद्र नाथ अवस्थी और भाजपा से लालता प्रसाद मिश्र को मैदान में उतारा गया। लेकिन दोनों का वोट प्रतिशत 21-21 रहा। इसमें ब्राह्मण के साथ अन्य जातियों का वोट शेयर शामिल रहा।

दोनों ब्राह्मण उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा था। इसी तरह 2014 में चार प्रमुख दलों के उम्मीदवारों में एक मात्र ब्राह्मण उम्मीदवार के रूप में बसपा से कृष्ण कुमार ओझा मैदान में थे लेकिन इकलौते ब्राह्मण उम्मीदवार का वोट प्रतिशत घट कर 15.6 हो गया।

2019 में भी एक मात्र ब्राह्मण प्रत्याशी विनय कुमार पांडेय कांग्रेस के टिकट पर मैदान पर थे। लेकिन उनका वोट प्रतिशत कुल 3.84 प्रतिशत पर जाकर सिमट गया। यानि ब्राह्मण के नाम पर राजनीति में इंट्री करने की कोशिश करने वालों को ब्राह्मणों ने दूर भगा दिया है। 2024 में भी सपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलने की कोशिश में भगत राम मिश्र को मैदान में उतार दिया है। लेकिन ब्राह्मण वोटरों के रुझान व इतिहास से यह कयास लगाना कि ब्राह्मण कार्ड सफल होगा यह सही नहीं है।

### सबसे अधिक हैं ब्राह्मण वोटर पर निर्णायक नहीं

कैसरगंज लोकसभा में करीब 4.5 लाख ब्राह्मण मतदाता हैं। इनमें कटरा बाजार व तरबगंज में दो लाख से अधिक हैं और करनैलगंज में भी क्षत्रिय, मुस्लिम व अन्य जातियों के साथ ब्राह्मण वोटों की बहुलता है। पयागपुर में भी विशेश्वरगंज ब्लाक में सबसे अधिक ब्राह्मण मतदाता हैं। ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या तो सबसे अधिक हैं परंतु ये निर्णायक नहीं रहे हैं।

### कैसरगंज का ब्राह्मण मतदाता किसी दल से बंधा नहीं

कटरा बाजार के पप्पू शुक्ल कहते हैं कि कैसरगंज का ब्राह्मण मतदाता किसी राजनीतिक दल से बंधा नहीं हैं। उन्हें जहां सम्मान मिलता है वह वहीं चले जाते हैं। धार्मिक आस्था के कारण उनका नरम रुख होता है। जिस तरह अन्य जातियों में रूढ़ियों की जकड़न है और अपने बिरादरी की ललक होती है ब्राह्मणों में नहीं होती है। सत्यम तिवारी कहते हैं हिंदूवादी छवि के साथ सम्मान के भूखे होते हैं।

**लोकसभा चुनाव- 2009**

| प्रत्याशी | मिले वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | 196063 | 34.7% |
| सुरेंद्र नाथ अवस्थी | 123864 | 21.9% |
| डा एलपी मिश्रा | 120561 | 21.3% |
| मोहम्मद अलीम | 73140 | 12.9% |

**लोकसभा चुनाव-2014**

| प्रत्याशी | मिले वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | 381500 | 40.4% |
| विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह | 303282 | 32.1% |
| कृष्ण कुमार ओझा | 146726 | 15.6% |
| मुकेश श्रीवास्तव | 57401 | 6.1% |

**लोकसभा चुनाव-2019**

| प्रत्याशी | मिले वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | 581358 | 60.04% |
| चंद्रदेव राम यादव | 319757 | 33.02% |
| विनय कुमार पांडेय | 37132 | 3.84% |

## चुनावी चक्कर

**● राहुल के कारण चर्चा में है मिथुन की दुकान :** राहुल गांधी इन दिनों निरन्तर चुनावी दौरों पर हैं। इस बीच वह कुछ ऐसे पल निकालते हैं, जिससे उनका आम जन के प्रति निकट से जुड़ाव झलकता है। इसी क्रम में रायबरेली में पिछले दिनों एक नाई की दुकान पर उनकी एक ऐसी ही तस्वीर सामने आई है, जहां वे अपने बाल कटवाने और दाढ़ी ट्रिम कराने के लिए पहुंचे। हालांकि, अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच से राहुल गांधी अक्सर ऐसे-ऐसे क्षण साझा करते हैं, जिससे उनकी जमीनी छवि भी सामने आती है। ऐसा ही एक पल रायबरेली में उनका नाई की दुकान पर पहुंचना भी रहा। उस वक्त न्यू मुंबा देवी हेयर कटिंग सैलून चलाने वाला मिथुन कुमार अचरज से भर गया था, जब राहुल गांधी अचानक सैलून में अंदर आ गए और उन्होंने दाढ़ी ट्रिम करने को कहा। इसके बाद तो रायबरेली में अचानक मिथुन के सैलून की चर्चा बढ़ गई। इस बीच, राहुल गांधी के जाने के बाद मिथुन से मीडिया वालों ने संपर्क किया। बातचीत में मिथुन ने कहा कि उन्होंने कभी इस बात की कल्पना भी नहीं की थी कि कभी राहुल गांधी जैसा बड़ा नेता उनकी दुकान पर आएगा। फिलहाल मिथुन की दुकान पर ग्राहक बढ़ गए हैं।



जर्जर मार्ग को लेकर मतदान का विरोध करते ग्रामीण। –अमृत विचार

# रोड नहीं तो वोट नहीं, लगा दिया बैनर

तारुन, अयोध्या

**अमृत विचार :** यहां चुनाव बहिष्कार के लिए जनता तैयार है, रोड नहीं तो वोट नहीं यह बैनर लगा है तारुन नंसा मार्ग अंतर्गत सहसीपुर पहुंच मार्ग पर।

इस अनुसूचित बाहुल्य ग्राम पंचायत का पहुंच मार्ग की निर्माण कब हुआ था, उसके बारे में युवा वर्ग अनजान है। सड़क की हालत ऐसी हो गई है कि उस पर तारकोल का नामोनिशान तक नहीं है। सड़क पर अगर कुछ दिखाई दे रहा है तो वह है बड़ी बड़ी गिट्टियां। उसपर पैदल चलना है तो अपने को बचा कर ही चलना पड़ता है।

**▸▸ सड़क बनाने के लिए वर्ष भर पहले प्रधान व ग्रामीणों ने लिखा था बीडीओ को पत्र**

सड़क बनाने का वादा चुनाव शुरू होने पर सभी प्रत्याशी करते है, लेकिन जीतते ही किया गया वादा सभी भूल जाते है। ग्रामसभा निवासी बब्बन, राकेश पांडेय, मायाराम वर्मा, अमित, देवमणि, धर्मेंद्र, राम गणेश, मो फारुख, सुनील आदि ने बताया कि सड़क का निर्माण न होने से इस बार हम सभी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का मन बना लिए है। यह अकेले सहसीपुर सम्पर्क मार्ग का ही हाल नहीं है। पारा गरीबशाह से ददरा एवं टिकरी से पिछौरा तक वर्षों पूर्व बनाई गई सड़क की हालत इससे भी बदतर हो गयी है, जिसपर चलना ही क्षेत्र वासियों ने छोड़ दिया है। पिछौरा के ग्राम प्रधान नन्हकू प्रसाद सहित ग्राम वासियों ने अधिशाषी अभियंता प्रांतीय खण्ड लोकनिर्माण विभाग को साल भर पूर्व रजिस्टर्ड पत्र देकर सड़क के निर्माण की मांग किया था, लेकिन विभाग मौन रहा।

## सोनिया आज रायबरेली में जनसभा को करेंगी संबोधित

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी शुक्रवार को रायबरेली में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी, जबकि अमेठी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने बताया कि रायबरेली में सोनिया गांधी चुनाव सभा को संबोधित कर पार्टी प्रत्याशी राहुल गांधी को जिताने की अपील करेंगी। इस दौरान मंच पर राहुल के साथ ही, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा व सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि अमेठी में चुनावी सभा के पहले राहुल गांधी नंद महर धाम में दर्शन करेंगे। इसके बाद संयुक्त जनसभा में राहुल-अखिलेश कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा को जिताने की अपील करेंगे। उन्होंने बताया कि चुनावी सभा के लिए सोनिया गांधी रायबरेली में पहुंच गई हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि रायबरेली की राजनीति के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक होगा, क्योंकि यह पहली बार हो रहा है, जब एक ही दिन में कई दिग्गजों का जमावड़ा लग रहा है।

# मतदाताओं की खामोशी ने बढ़ाई उम्मीदवारों की धड़कन

**अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा के बीच टक्कर**

**बसपा मुस्लिम उम्मीदवार उतार कर किले को बचाने में जुटी**

सुभाष गुप्ता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** लोहिया की धरती और बहुजन समाज पार्टी के किले के रूप में पहचान बन चुकी अंबेडकरनगर संसदीय सीट पर चुनाव 6वें चरण में 25 मई को होना है। भले ही इस चुनाव में प्रमुख राजनीतिक पार्टी भाजपा, बसपा और सपा के नेता मतदाताओं की गणेश परिक्रमा कर अपनी-अपनी पार्टी की जीत का दावा कर रहे हो, लेकिन चुनाव की करीब आ रही तारीख और मतदाताओं की खामोशी ने उनकी धड़कनों को बढ़ा दिया है।

इस सीट पर सबसे ज्यादा चुप्पी मुस्लिम और वैश्य समाज के मतदाता साधे हुए हैं। हालांकि इन दोनों समाज के नेता जिस दल में हैं वह सभी इन दोनों समाजों का वोट अपनी-अपनी पार्टी में मिलने का दावा कर रहे हैं। वैश्य समाज भाजपा का मतदाता माना जाता है। जबकि मुस्लिम मतदाताओं के बारे में चर्चा रहती है कि उनका वोट अक्सर ही भाजपा को हराने वाली पार्टी को जाता है। जिसके कारण अंबेडकरनगर संसदीय सीट पर भाजपा को हराने के लिए सपा और बसपा दोनों ही


रितेश पांडे


लालजी वर्मा


कमर हयात

दम भर रहे हैं। फिलहाल इस बार लोकसभा सीट पर लड़ाई भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच में मानी जा रही है। लोकसभा सीट पर भाजपा जहां अपनी जीत को एक तरफा मान कर चल रही है।

वहीं जनपद की पांचों विधानसभाओं पर जीत का परचम फहराने के कारण सपा अपनी लड़ाई को भाजपा से ही मान रही है। जबकि बसपा ने अपने सिटिंग सांसद के भाजपा में शामिल होकर भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने पर मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर अपने किले को बचाने की कवायद में जुट गई है। लोकसभा सीट पर बसपा ने जिस रणनीति के तहत मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट दिया है। यदि उसमें उसे कामयाबी मिलती है तो यहां पर लड़ाई त्रिकोणीय भी हो सकती है। हालांकि मुस्लिम मतदाताओं की खामोशी से सपा और बसपा के प्रत्याशी और कार्यकर्ता दोनों ही बेचैन है। नए परिसीमन के बाद अनारक्षित श्रेणी में आई लोकसभा की इस सीट पर हुए अब तक हुए चुनाव की बात करें तो इस सीट पर बसपा का ही पलड़ा भारी रहा है। 2009 व 2019 में बसपा ने दो बार जीत का परचम फहराया है। जबकि 2014 के चुनाव में भाजपा को जीत मिली थी। जबकि सपा का इस सीट पर अभी तक खाता नहीं खुल पाया है।



**▸▸ 25 को होना है अंबेडकरनगर संसदीय सीट पर छठे चरण में मतदान**

**2009** व 2019 में बसपा ने दो बार जीत का परचम फहराया जबकि 2014 के चुनाव में भाजपा को मिली थी जीत


### जातीय समीकरण को लेकर गुणा-गणित तेज

लोकसभा चुनावी की बिसात पर जातिगत समीकरण को लेकर भी गुणा-गणित तेज हो गई है। जातीय समीकरण की बात करें तो लगभग साढ़े 18 लाख मतदाताओं वाले इस संसदीय सीट पर दलित मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है। जो 3 से 4 लाख के बीच बताई जा रही है। दलित मतदाता बसपा के वोट बैंक माने जाते हैं। बसपा ने यहां पर मुस्लिम प्रत्याशी के रूप में कमर हयात को उतार कर दो से ढाई लाख के करीब मुस्लिम मतदाताओं को अपने पाले में कर अपना यह किला बचाने का दावा करती दिख रही है। फिलहाल 25 को मतदान होने के बाद पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के द्वारा की जा रही मतदाताओं की गणेश परिक्रमा तो समाप्त हो जाएगी। लेकिन सभी प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के द्वारा किए जा रहे अपनी-अपनी जीत के दाव पर मोहर 4 जून को गिनते के बाद ही लग पाएगी।

### उम्मीदवार कर रहे हैं अपनी-अपनी जीत का दावा

भाजपा उम्मीदवार रितेश पांडे क्षत्रिय, ब्राह्मण, वैश्य मतदाताओं के साथ अन्य पिछड़ी जातियों व मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ पाए दलित व मुस्लिम मतदाताओं को भी अपने पक्ष में मतदान करने का दावा करते हुए इस सीट पर 2014 का इतिहास दोहराने का ख्वाब संजोए हैं। बसपा से कद्दावर नेता के रूप में पहचान बना चुके सपा के प्रत्याशी लाल जी वर्मा सपा के एम-वाई समीकरण के साथ स्वजातीय कुर्मी मतदाताओं व बसपा में मौजूद अपने चहेते कार्यकर्ताओं के सहारे सपा के लिए अब तक उबड़-खाबड़ रही अंबेडकरनगर संसदीय सीट पर साइकिल की रफ्तार तेज कर हर सभा में जीत का दावा कर रहे हैं।


### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| रितेश पांडे | 564,118 |
| मुकुट बिहारी | 4,68,238 |
| प्रेमनाथ निषाद | 2,390 |

2019 नोटा 11,344

### 2014 में किसको कितने वोट




2014 नोटा 7,422

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | हरिओम पांडे | 4,32,104 |
| बसपा | राकेश पांडे | 2,92,675 |
| सपा | राम मूर्ति वर्मा | 2,34,467 |
| कांग्रेस | अशोक सिंह | 22,775 |
| एमएडीपी | सुरेश कुमार बौद्ध | 7,694 |

# विकास के सपने देखती रही बलरामपुर व श्रावस्ती क्षेत्र की जनता

**विभिन्न पार्टियों ने स्थानीय सांसदों को कभी टिकने का मौका ही नहीं दिया**

**जाति व धार्मिक समीकरण से चुने जाने के कारण विकास का मुद्दा रहता है पीछे**


रमेश चंद्र गुप्ता, तुलसीपुर/बलरामपुर

**अमृत विचार:** श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र की जनता हमेशा बाहरी नेताओं को संसद भवन पहुंचाकर अपने विकास के सपने देखती रही लेकिन वह बेकार और बेबुनियाद साबित हुआ । अब श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र की जनता इस संसदीय चुनाव के बढ़ते माहौल को देखते हुए यह कह रही है कि हमने तो इस संसदीय क्षेत्र से ऐसे सांसद को दिया जो देश के प्रधानमंत्री भी रहे । 2024 के संसदीय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी साकेत मिश्रा तथा समाजवादी पार्टी से निवर्तमान सांसद राम शिरोमणि वर्मा, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी मोइनुद्दीन खान उर्फ हाजी दद्दन खान बड़ी मशक्कत करके भारत के सबसे बड़ी अदालत संसद भवन पहुंचने की फिराक में दिन-रात एक किए हुए हैं।

बलरामपुर संसदीय क्षेत्र की जनता ने चुनाव के दौरान 1952 से लेकर 2019 तक जितने भी सांसद को चुनकर संसद भेजा उनमें अधिकांश बाहरी प्रत्याशी रहे जो मौके का फायदा उठाकर जनता से मत लेकर संसद भवन तो पहुंच गए लेकिन दोबारा लौटकर नहीं आए। बलरामपुर संसदीय क्षेत्र की जनता का हाल वैसे तो श्रावस्ती बलरामपुर संसदीय क्षेत्र जब एक हुआ तब भी ऐसा होता रहा। जैसे इस क्षेत्र की जनता की मानसिकता बन चुकी हो कि हम अपनों के सिर पर ताज पहनना नहीं देख सकते है।

अगर एक नजर डाली जाए इस लोकसभा चुनाव में तो एक तरफ तो भारतीय जनता पार्टी ने ऐसा पार्टी प्रत्याशी बनाया है जो अपने श्रावस्ती क्षेत्र में चलकर ये मान रहे हैं कि मेरे ननिहाल की राजनीतिक विरासत के चलते श्रावस्ती क्षेत्र की जनता मुझे सांसद बनाकर भेजेगी। क्योंकि भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा पूर्व के नौकरशाह होने के साथ-साथ पीएम के पूर्व सलाहकार तथा श्री राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा के पुत्र भी हैं। अगर दूसरी तरफ देखा जाए तो निवर्तमान सांसद राम शिरोमणि वर्मा 2019 में बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले चुनाव में बाजी मारकर सांसद बन गए थे। लेकिन 5 साल हो ऐसे गायब रहे जैसे कि मानो कुछ हुआ ही ना हो। जब 2024 का चुनाव आया क्योंकि यह व्यापारी होने के नाते व्यापार का गुणा भाग लगाकर पाला बदलकर समाजवादी पार्टी के बैनर तले इंडी गठबंधन का प्रत्याशी बनकर श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में आ गए। चुनावी गुणा भाग में परिपक्व हो गए राम शिरोमणि वर्मा ने देखा इस क्षेत्र की जनता धार्मिक और जातीय भावनाओं में उलझ कर रह जाती है तो इन्होंने जातीय भावनाओं से काम चालू किया।

सुबह उनके श्रावस्ती कटरा के आवास पर भारी भीड़ रहती है । मतदाता चुपचाप तमाशा देख रहा है। जनता किसको अपने मतों से सांसद बनाएंगे यह आने वाली 4 जून को ही पता चल पाएगा।




# राजा भइया की दरियादिली या सपा से नजदीकी..

**▸ सपा प्रत्याशी पर दर्ज कराये मुकदमे को वापस लेंगे कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह**

कुण्डा, प्रतापगढ़

**अमृत विचार:** कौशाम्बी लोकसभा सीट पर राजनीतिक परिस्थितियां प्रतिदिन नया मोड़ ले रही हैं। ऐसा ही अब एक नया मामला सामने आया है।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज द्वारा रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के विरुद्ध बोले गए अमर्यादित टिप्पणी को लेकर मुकदमा दर्ज कर गया था। मामले में रघुराज प्रताप सिंह ने मतदान के ठीक चार दिन पहले सपा प्रत्याशी पर दर्ज कराया मुकदमे को वापस ले लिया। इस घटनाक्रम को लेकर चर्चाओं पर गौर करें तो लोग इसे राजा भइया की दरियादिली और सपा से नजदीकी को देख रहे हैं।

बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान वर्ष 2019 में सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज द्वारा जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर चुनाव माहौल को गर्म कर दिया था। जिसे लेकर जनसत्ता दल के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश दिखा और लोगों की भावनाएं आहत हुई थी। जिसके बाद सपा प्रत्याशी के विरुद्ध न्यायालय में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया गया था। उक्त मुकदमा इस समय एमपी एमएलए कोर्ट संख्या 14 में विचारधीन है। जिसमें


इंद्रजीत सरोज

न्यायालय ने धारा 500 संहिता के तहत सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज को तलब किया है। राजा भइया के अधिवक्ता हनुमान प्रसाद पांडेय ने बताया कि 13 मई की शाम इंद्रजीत सरोज अपने बेटे पुष्पेंद्र सरोज जो वर्तमान में समाजवादी पार्टी से कौशांबी लोकसभा के प्रत्याशी व अन्य लोगों के साथ बेंती कोठी पहुंचे थे।

उन्होंने रघुराज प्रताप से मिलकर उनसे आग्रह किया और पूर्व में हुए गिले शिकवे टिप्पणी व गलत बयान बाजी को भूलने का आग्रह करते हुए राजनीतिक शुचिता को बनाये रखने का प्रयास किया। इस कारण से राजा भइया अब सभी बातों को भूलकर न्यायालय में दाखिल मानहानि के मुकदमे को खत्म करने की तैयारी की हैं। राजा भइया द्वारा दाखिल मानहानि का मुकदमा अब न्यायालय में समाप्त कर लिया जाएगा। राजा भइया के चचेरे भाई व एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी ने बताया कि सपा नेता इंद्रजीत सरोज पर दर्ज मुकदमा जल्द ही वापस कर लिया जाएगा। कोई गिला शिकवा नहीं है, राजनीतिक शुचिता बनी रहनी चाहिए।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में नामांकन के दौरान दो दिन प्रवास करने के एक दिन बाद ही फिर से उत्तर प्रदेश में खासतौर पर पूर्वांचल के रण में हल्ला बोल दिया है। तपती-चुभती भीषण गर्मी की परवाह किए बिना मोदी ने गुरुवार को चार लोकसभा क्षेत्रों प्रतापगढ़, आजमगढ़, जौनपुर (मछली शहर) और भदोही में रैलियां करके बता दिया कि इस बार यहां वह कोई सीट खोना नहीं चाहते हैं। माना जा रहा है कि इन चार सभाओं से मोदी ने करीब एक दर्जन लोकसभा सीटों को साधने का प्रयास किया। जौनपुर से 2019 में बसपा के श्याम सिंह यादव ने जीत दर्ज की थी, तो मछली शहर में भाजपा के बीपी सरोज को 181 वोट के मामूली अंतर से जीत मिली थी। पूर्वांचल में आजमगढ़ के बाद जौनपुर को ही सपा का गढ़ माना जाता है। ऐसे में आजमगढ़ और जौनपुर में जीत के समीकरण साधने के साथ ही मोदी ने आसपास की चार और लोकसभा सीटों पर भी अपना संदेश फैला दिया है। प्रतापगढ़ से सुल्तानपुर और कौशांबी, अमेठी, रायबरेली और जौनपुर की सीमा लगती है। इसी तरह भदोही में जहां मोदी की सभा हुई वहां से वाराणसी, फूलपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर और जौनपुर लोकसभा क्षेत्र की दूरी केवल 35 किमी ही थी।

# पूर्वांचल का रण जीतने के लिए भाजपा ने शुरू की चढ़ाई

**2019**

में पूर्वांचल की 26 लोकसभा सीटों में भाजपा 17 पर ही जीत पाई थी चुनाव

## मुकाबला कांटे का

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल की चुनावी जंग जातीय समीकरणों के लिहाज से कठिन मानी जाती है। प्रदेश के इस हिस्से में जातियों का प्रभाव बहुत ज्यादा है। भाजपा ने इसे भांपते हुए ही प्रदेश में अपने लिए जिन चार सहयोगियों को चुना था, उनमें लोकदल को छोड़कर सुभासपा, अपना दल और निषाद पार्टी इसी इलाके से आती हैं। इसके बावजूद पिछली बार सात सीटों पर मिली हार को देखते हुए पीएम मोदी ने इस बार खुद आगे बढ़कर मोर्चा संभाल लिया है।

माना जा रहा है कि मोदी का पूरा फोकस अब पूर्वांचल क्षेत्र में ही रहने वाला है। तीन-चार दिनों के अंतर से वह पूर्वांचल के रण में फिर से धावा बोल सकते हैं, इसकी एक वजह इसी क्षेत्र में आने वाली उनकी वाराणसी सीट भी है, जिस पर सातवें और अंतिम चरण में मतदान होना है।






### सपा और बसपा ने कमजोर सीटों पर बिछाया है जातीय समीकरण का मजबूत जाल

- पूर्वांचल में 11 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर सपा और बसपा जीत नहीं हासिल कर सकी है। सपा को वाराणसी, बस्ती, संत कबीर नगर, कुशीनगर और भदोही में जीत नहीं नसीब हुई है, जबकि बसपा वाराणसी, गोरखपुर, महाराजगंज, कुशीनगर, बासगांव और बलिया में जीत हासिल करने से दूर है। इस बार दोनों दलों ने अपनी कमजोर सीटों पर जातीय चक्रव्यूह का मजबूत ताना-बाना बुना है।

### प्रदेश में 80% लेकिन पूर्वांचल में स्ट्राइक रेट था 65%

- पूर्वांचल में कुल 26 लोकसभा सीटें आती हैं। 2019 में भाजपा इन 26 में 17 सीटों पर ही चुनाव जीत पाई थी। दो सीटों राबट्र्सगंज और मिर्जापुर पर उसके सहयोगी अपना दल (एस) ने जीत हासिल की थी, जबकि गाजीपुर, घोसी, आजमगढ़, लालगंज, श्रावस्ती, जौनपुर समेत सात लोकसभा सीटों पर सपा-बसपा का गठबंधन बाजी मारने में कामयाब रहा था। पूर्वांचल में भाजपा का स्ट्राइक रेट 65 फीसदी था, जो कि प्रदेश के ओवर आल स्ट्राइक रेट 80 फीसदी से काफी नीचे था। ऐसे में मिशन-80 और 400 पार के लिए इस बार भाजपा को यूपी में भी दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा, हिमाचल और गुजरात जैसे 100 फीसदी सफलता वाले स्ट्राइक रेट की जरूरत है।
- साल 2019 के लोकसभा चुनाव में आजमगढ़, लालगंज, घोसी, गाजीपुर, जौनपुर, श्रावस्ती और अंबेडकर नगर सीट पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। इनमें आजमगढ़ से सपा जबकि अन्य जगह बसपा के सांसद चुने गए थे। इस बार माना जा रहा है कि ज्यादातर सीटों पर भाजपा की लड़ाई इंडिया गठबंधन में सपा-कांग्रेस के गठजोड़ से है। जानकार भदोही सीट को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला बता रहे हैं। भदोही सीट पर भाजपा और टीएमसी में सीधी लड़ाई है। सपा ने यह सीट टीएमसी के लिए छोड़ी थी। टीएमसी से यहां ललितेश पति त्रिपाठी चुनाव मैदान में हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनके लिए सभा करने आने वाली हैं।

- वाराणसी में दो दिन प्रवास के एक दिन बाद ही चार रैलियां करके पीएम मोदी ने धावा बोला
- दो सीटों राबट्र्सगंज और मिर्जापुर में भाजपा की सहयोगी अपना दल (एस) को मिली थी 2019 में जीत
- गाजीपुर, घोसी, आजमगढ़, लालगंज, श्रावस्ती और जौनपुर में सपा-बसपा गठबंधन ने मारी थी पिछली बार बाजी

### पिछली बार था 50-50 का स्कोर, चार रैलियों से जीत की गारंटी का भरा जोश

इस बार भाजपा ने आजमगढ़ से सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, प्रतापगढ़ से सांसद संगमलाल गुप्ता, मछली शहर से सांसद बीपी सरोज, लालगंज सीट पर पिछली बार हारीं नीलम सोनकर, जौनपुर से कृपाशंकर सिंह और भदोही से अपने सांसद रमेश बिंद की जगह विनोद कुमार बिंद को चुनावी मैदान में उतारा है। 2019 के चुनाव में भाजपा इन छह लोकसभा सीटों में तीन पर ही जीत हासिल कर सकी थी। हालांकि 2022 में हुए उपचुनाव में आजमगढ़ सीट जीत ली थी। इस तरह से चार सीटों पर उसका कब्जा है और दो सीटें बसपा के पास हैं। गुरुवार को चार रैलियां करके पीएम मोदी इन सभी छह सीटों पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जीत का जोश भर दिया है।

## धनंजय और राजा भैया के फैसलों का असर तीन सीटों पर या और आगे तक

चुनाव डेस्क



विधायक रघुराज प्रताप सिंह।



बाहुबली धनंजय सिंह।

**अमृत विचार।** पूर्वांचल की जातीय सियासत में ओबीसी, दलित और सवर्ण तीनों वोटर अहम भूमिका में रहते हैं। इसके आधार पर ही इस बार भी यहां भाजपा, सपा और बसपा ने अपनी चुनावी बिसात बिछा रखी है। इसी क्रम में भाजपा ने अपना जातीय गणित दुरुस्त करते हुए जौनपुर में बाहुबली धनंजय सिंह का साथ हासिल कर लिया है। धनंजय ने जौनपुर और मछलीशहर सीट पर भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया है, लेकिन प्रतापगढ़ में राजा भैया का साथ भाजपा को नहीं मिल सका है। कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भैया' ने अपने समर्थकों को अपनी पसंद से वोट देने के लिए कहा है। इससे जानकार भाजपा के लिए प्रतापगढ़ और कौशांबी सीट पर राह थोड़ी मुश्किल भरी होना मान रहे हैं। लेकिन धनंजय सिंह के खुले समर्थन से कयास हैं कि जौनपुर के साथ ही पूर्वांचल की कई सीटों पर भाजपा को फायदा हो सकता है। धनंजय का अपनी ठाकुर बिरादरी में खासा प्रभाव है। जौनपुर में दो लाख से ज्यादा ठाकुर वोट हैं। धनंजय के समर्थन से पिछली बार जौनपुर सीट हारने वाली भाजपा अब राहत महसूस कर रही है। जौनपुर में अब तक हुए 17 चुनावों में 11 बार ठाकुर उम्मीदवारों को ही जीत मिली है। इस बार यहां भाजपा के कृपाशंकर सिंह का सपा-कांग्रेस गठबंधन के बाबू सिंह कुशवाहा और बसपा के सांसद श्याम सिंह यादव से मुकाबला है। जानकारों की माने तो जौनपुर के अलावा प्रतापगढ़, गाजीपुर, बलिया, अयोध्या, भदोही, चंदौली, मछलीशहर, घोसी, सोनभद्र और वाराणसी सीटों पर भी ठाकुर मतदाता अच्छी संख्या में हैं।

**सपा उठा सकती फायदा?:** कौशांबी से सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज ने भी राजा भैया से मुलाकात की थी। बताते हैं, 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज की आपत्तिजनक टिप्पणी पर राजा भैया के कानूनी सलाहकार ने मानहानि का मुकदमा दाखिल किया था। पिता-पुत्र ने राजा भैया से समर्थन मांगते हुए पुराने गिले शिकवे भूलने की बात कही थी। सपा सूत्रों की माने तो जनसत्ता दल के मुखिया ने पुरानी बात का भुला दिया है। कौशांबी में भाजपा ने दो बार के सांसद विनोद सोनकर को तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारा है। बसपा से शुभ नारायण गौतम चुनाव लड़ रहे हैं। सपा प्रत्याशी 25 साल के पुष्पेंद्र सरोज लंदन से पढ़कर लौटे हैं। कौशांबी (सुरक्षित) लोकसभा की कुंडा और बाबागंज विधानसभा प्रतापगढ़ जनपद में आती हैं। इन दोनों विधान सभा क्षेत्र में राजा भैया का दबदबा चलता है।

### ... जब जन सत्ता दल से बनते-बनते रह गई बात

धनंजय सिंह के साथ ही भाजपा कुंडा के विधायक और जनसत्ता दल के संस्थापक राजा भैया का भी समर्थन हासिल करना चाहती थी, लेकिन यह काम उससे मैनेज नहीं हो पाया। दावा किया है जा रहा है कि इसके पीछे राजा भैया की भाजपा के कौशांबी से सांसद विनोद सोनकर से कथित तौर पर नाराजगी रही। हालांकि भाजपा नेता केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के साथ कौशांबी से भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर ने राजा भैया से मिलकर समर्थन मांगा था। इससे पहले राजा भैया की गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात हुई थी।

## लालू की बेटियां दिखा पाएंगी कमाल

चुनाव डेस्क



मीसा भारती।



रोहिणी आचार्य।

**अमृत विचार।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की दो बेटियां मीसा भारती पाटिलपुत्र व रोहिणी आचार्य सारण लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। मीसा का यह तीसरा चुनाव है, वह दो बार हार चुकी हैं, जबकि सिंगापुर से आयीं रोहिणी राजनीतिक पारी शुरू कर रही हैं। सारण सीट पर भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी का मुकाबला राजद की रोहिणी आचार्य से है। सारण सीट पर रोहिणी के पिता लालू प्रसाद और मां पूर्व सीएम राबड़ी देवी को हार का स्वाद चखना पड़ा था, ऐसे में बड़ा सवाल है कि क्या रोहिणी उन दोनों की हार का बदला ले पाएंगी। सारण से लालू प्रसाद यादव 1977, 1989, 2004 और 2009 में चार बार सांसद रह चुके हैं। भाजपा के राजीव प्रताप रूडी भी यहां से चार बार 1996, 1999, 2014 और 2019 में चुनाव जीत चुके हैं।

- **सारण में पिता लालू प्रसाद और मां राबड़ी देवी की हार का बदला ले पाएंगी रोहिणी आचार्य**

रूडी इस बार पांचवी जीत के साथ लगातार जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। 2009 के चुनाव में रूडी ने लालू प्रसाद यादव ने हराया था। 2014 में रूडी ने लालू प्रसाद की पत्नी और पूर्व सीएम राबड़ी देवी को भी हरा दिया था। 2019 में उन्होंने राजद के चंद्रिका राय को एक लाख से अधिक वोटों से मात दी थी। राजद ने रोहिणी के लिए ताकत झोंक रखी है। लालू प्रसाद कई बार प्रचार करने आ चुके हैं।

**दो चुनाव हार चुकी हैं मीसा भारती :** पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर भी दिलचस्प मुकाबला हो रहा है। यहां से तीसरी बार राम कृपाल यादव और लालू प्रसाद की पुत्री मीसा भारती आमने-सामने हैं। मीसा ने 2014 और 2019 में भी यहां से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार का सामना करना पड़ा था। दोनों बार भाजपा के रामकृपाल यादव ने शिकस्त दी थी। इस बार भी मीसा भारती के खिलाफ रामकृपाल यादव ही मैदान में हैं। हालांकि इस बार असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी की एंट्री से समीकरण बिगड़ गए हैं। ओवैसी ने यहां इंजीनियर फारुख रजा को मैदान में उतारा है। वह पूर्व में राजद से जुड़े रहे हैं। पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर करीब 17 लाख मतदाताओं में सबसे ज्यादा यादव हैं, जिनकी संख्या करीब चार लाख है। भूमिहार मतदाता तीन लाख, एक लाख से अधिक ब्राह्मण, पौने दो लाख कुर्मी और डेढ़ लाख मुस्लिम और बाकी दलित व अन्य मतदाता हैं।

### जीत की अरदास



पंजाब में प्रचार के लिएपहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री आम आदमी पार्टी मुखिया अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ अमृतसर में स्वर्ण मंदिर पहुंचकर माथा टेका और चुनावी सफलता की कामना की।

## हावड़ा में फुटबालर प्रसून बनर्जी चौका लगाने की कोशिश में जुटे

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार:** हावड़ा लोकसभा सीट पर इस बार त्रिकोणीय संघर्ष का मैदान बन गया है। भाजपा से डॉ. रथिन चक्रवर्ती और सीपीआई (एम) के सब्यसाची चटर्जी का मुकाबला तृणमूल कांग्रेस के सांसद प्रसून बनर्जी से हो रहा है। हावड़ा को कोलकाता का जुड़वां शहर माना जाता है। यहां स्थित हावड़ा ब्रिज या रवींद्र सेतु दुनिया में अपनी तरह का छठा सबसे लंबा पुल है। फुटबॉलर प्रसून बनर्जी ने 2013 में टीएमसी सांसद अंबिका बनर्जी की मृत्यु के बाद हुए उपचुनाव में यहां जीत हासिल की थी और तब से उन्होंने इस सीट पर कब्जा जमा रखा है। हावड़ा घनी आबादी वाला काफी हद तक अनियोजित इलाका है। एक समय में यहां तमाम लौह ढलाई के कारखाने थे जिनमें विभिन्न राज्यों के लोग कार्यरत थे। हावड़ा लोकसभा सीट पर 25 फीसदी से अधिक गैर-बंगाली मतदाता हैं, जो राजस्थान, बिहार या उत्तर प्रदेश से आकर यहां बसे हैं। हावड़ा के सात विधानसभा क्षेत्रों बाली, हावड़ा उत्तर, हावड़ा मध्य, शिबपुर, हावड़ा दक्षिण, सांकराइल और पंचला सभी पर टीएमसी का कब्जा है। 2019 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के प्रसून बनर्जी 5,76,711 वोट पाकर जीते थे। भाजपा के रंतिदेव सेनगुप्ता 4,73,016 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर थे। सीपीआई (एम) के सुमित्रो अधिकारी 1,05,547 वोट तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के प्रसून बनर्जी ने सीपीएम के श्रीदीप भट्टाचार्य को हराया था। प्रसून बनर्जी को 488461 वोट जबकि सीपीएम के भट्टाचार्य को 291505 वोट मिले थे। भाजपा ने 22.05 फीसदी वोट पाए थे, जबकि कांग्रेस 5.62 फीसदी वोट पर ही सिमट गई थी।

## झारखंड में सीटें बचाने की चुनौती के लिए छिड़ा संग्राम

### पांचवें चरण में हजारीबाग, कोडरमा और चतरा के साथ गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में पड़ेंगे वोट

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार:** झारखंड में भाजपा लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की तीनों सीटें बरकरार रखने के लिए संघर्ष करती नजर आ रही है। राज्य में लोकसभा की तीन सीटों हजारीबाग, कोडरमा और चतरा के साथ गांडेय विधानसभा सीट के उपचुनाव में भी 20 मई को मतदान होगा। गांडेय में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन झामुमो उम्मीदवार के रूप में भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाए हैं। गांडेय विधानसभा सीट झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। सरफराज अब झामुमो से राज्यसभा के सदस्य हैं। इस बार के चुनाव में जहा कांग्रेस एक बार फिर से झामुमो और राजद के साथ गठबंधन में लड़ रही है, वहीं भाजपा को ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (एजेएसयू) समर्थन दे रही है।

### हजारीबाग को कांटे के संघर्ष में मिलेगा इस बार नया चेहरा



मनीष जयसवाल।



जय प्रकाश भाई पटेल।

हजारीबाग लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा करते थे। बाद में उनके बेटे जयंत सिन्हा दो बार इस सीट से जीतकर केंद्रीय मंत्री बने। लेकिन 1998 के बाद यह पहला चुनाव है जब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में केंद्रीय वित्त और विदेश मंत्री रहे तथा विपक्ष के संयुक्त प्रत्याशी के रूप में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने वाले यशवंत सिन्हा के परिवार का कोई भी सदस्य इस सीट से चुनाव नहीं लड़ रहा है। 2009 से हज़ारीबाग में भाजपा जीत रही है। 2009 में यशवंत सिन्हा के जीतने के बाद उनके बेटे जयंत सिन्हा ने 2014 और 2019 में दो बार जीत हासिल की थी। 2019 में जयंत सिन्हा ने कांग्रेस उम्मीदवार गोपाल प्रसाद साहू को 4,79,548 वोटों के बड़े अंतर से हराया था। उन्हें 67.42% यानी 7,28,798 वोट मिले थे। इतनी बड़ी जीत के बाद भी भाजपा ने जयंत के स्थान पर मनीष जयसवाल को उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा है, जो इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल का मुकाबला कर रहे हैं। कुर्मी उप-समुदाय के नेता जय प्रकाश पटेल झामुमो के सह-संस्थापक टेक लाल महतो के पुत्र हैं। पहले वह झामुमो में थे लेकिन बाद में भाजपा में चले गए और लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हो गए थे। जयप्रकाश पटेल ने कांग्रेस में जाने के लिए हज़ारीबाग सीट के मांडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। इस बार दोनों प्रत्याशी नए होने से यह तय है कि हज़ारीबाग की जनता को सांसद के रूप में नया चेहरा मिलेगा। फिलहाल यहां करीबी संघर्ष होते नजर आ रहा है। इसकी वजह पटेल का मांडू से पूर्व विधायक होना है, वह तीन बार इस विधानसभा से जीत चुके हैं। कांग्रेस ने आखिरी बार यह सीट 1984 में जीती थी जब दामोदर पांडे ने सीपीआई उम्मीदवार को हराया था।

### चतरा में ओबीसी, एससी-एसटी वोटर तीन चौथाई, मुकाबला ब्राह्मण और भूमिहार में

चतरा लोकसभा सीट पर अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एसटी) का वर्चस्व है। तीनों समुदायों का संयुक्त रूप से 75% से अधिक वोट शेयर है, लेकिन यहां मुकाबला भूमिहार और ब्राह्मण उम्मीदवारों के बीच हो रहा है। इस बार दोनों प्रत्याशी स्थानीय होने से इतना तय है कि पहली बार कोई स्थानीय व्यक्ति चतरा का सांसद बनेगा। भाजपा ने अपने दो बार के सांसद सुनील कुमार सिंह, जिन्होंने 2014 और 2019 में चतरा सीट जीती थी, के स्थान पर भूमिहार जाति से आने वाले कालीचरण सिंह को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने भी पिछला चुनाव हारने वाले मनोज कुमार यादव की जगह ब्राह्मण नेता पूर्व मंत्री कृष्णनंदन त्रिपाठी पर दांव लगाया है। भाजपा प्रत्याशी शिक्षक कालीचरण को चुनाव लड़ने का अनुभव नहीं है। वह प्रधानमंत्री की लोकप्रियता के सहारे जीत की उम्मीद लगाए हैं। वह पीएम का चेहरा आगे करके स्थानीय समीकरण साधके हुए कैडर वोट एकजुट करने में लगे हैं, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार जातीय समीकरण और राजद के वोटरों को साथ रखते हुए गुटबाजी दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के लिए राहत की बात यह है कि बसपा से पूर्व सांसद नागमणि के मैदान में उतरने से कुर्मी -कोइरी वोट में सेंधमारी की संभावना है। बिहार के रहने वाले नागमणि अविभाजित बिहार के समय 1999 में लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। चतरा लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र सिमरिया, चतरा, मनिका, लातेहार और पांकी शामिल हैं।



अन्नपूर्णा देवी।



विनोद सिंह।



जय प्रकाश वर्मा।

### कोडरमा में त्रिकोणीय संघर्ष में फंसीं केंद्रीय मंत्री

कोडरमा लोकसभा सीट पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी लगातार दूसरी बार भाजपा उम्मीदवार के रूप में बगोदर से तीन बार के विधायक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के प्रत्याशी विनोद सिंह के खिलाफ मैदान में हैं। यहां झामुमो के बागी नेता पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने मुकाबले को लगभग त्रिकोणीय बना दिया है। कोडरमा को अगर भाजपा का गढ़ कहा जाता है, तो यह इलाका अपनी अभ्रक बेल्ट के लिए भी प्रसिद्ध है। 1977 में अस्तित्व में आई कोडरमा लोकसभा सीट पर अब तक 16 बार लोकसभा चुनाव हुए हैं। इनमें आठ बार भाजपा ने कमल खिलाया है। कांग्रेस को सिर्फ तीन बार जीत मिली है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में गांडेय विधानसभा के अलावा बगोदर, जमुआ, धनवार और कोडरमा विधानसभा सीटें आती हैं। यादव और कुशवाह जाति के मतदाता यहां बड़ी संख्या में होने के कारण चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्ष 2004 में बिहार से अलग राज्य बनने के बाद कोडरमा का प्रतिनिधित्व झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने किया था। अन्नपूर्णा देवी पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव से पूर्व वह भाजपा में शामिल हो गई थीं। इसके बाद भाजपा ने उन्हें कोडरमा से लोकसभा की प्रत्याशी बनाया था। अन्नपूर्णा देवी ने 2019 के चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) से मैदान में उतरे बाबूलाल मरांडी को हरा दिया था। अन्नपूर्णा देवी को 64.3% वोट मिले जबकि मरांडी 24.6% वोट ही हासिल कर पाए थे। उनकी जीत का अंतर 4.55 लाख वोट था। इस तरह कोडरमा से राजद के टिकट पर 2014 का विधानसभा चुनाव हारने वाली अन्नपूर्णा देवी पांच साल बाद भाजपा सांसद बन गईं। मरांडी जैसे दिग्गज नेता को हराने के इनाम के रूप में उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। जुलाई 2021 में मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ, तो उस समय भाजपा और जदयू में खींचतान चल रही थी। अन्नपूर्णा देवी को इसका फायदा मिला और यादव कोटे से वह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री बन गईं। उनका कद और बढ़ गया। माना जा रहा है कि बगोदर से विधायक कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के प्रत्याशी विनोद सिंह राजद के समर्थन से यादव वोटों में सेंधमारी कर पाने पर ही अन्नपूर्णा देवी के लिए चुनौती बन सकते हैं।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,663.72 | 22,403.85 |
| चढ़ा | 676.69 | 203.30 |
| प्रतिशत में | 0.93 | 0.92 |

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-985 फ्लैग-1100 डीएमओ-870 बोल्ड-1160
**चन्दौसी :** शिवालिक- 990 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 870

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 88650 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 90000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75550 |
| गिन्नी (प्रति नग ) | 56300-56500 |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,200 |
| चांदी आभूषण | 85,000 |

### रिलायंस ने आरईसी सोलर नॉर्वे की बिक्री पूरी की

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने करीब 2.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर में आरईसी सोलर नॉर्वे एएस को ओस्लो में सूचीबद्ध एल्केम एएसए को बेच दिया है। बिक्री प्रक्रिया पूरी हो गई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि बिक्री प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब आरईसी नॉर्वे कंपनी की अनुषंगी कंपनी नहीं है। आरआईएल ने अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और एशिया में अन्य जगहों सहित वैश्विक स्तर पर हरित ऊर्जा बाजारों में विस्तार को चाइना नेशनल ब्लूस्टार ग्रुप को. से आरईसी सोलर होल्डिंग्स को अक्टूबर 2021 में खरीदा था।

### घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर घटा

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को गुरुवार से 8,400 रुपये प्रति टन से घटाकर 5,700 रुपये प्रति टन कर दिया है। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन के निर्यात पर एसएईडी को शून्य पर बरकरार रखा गया है। आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि नई दरें 16 मई से प्रभावी हैं। भारत ने पहली बार एक जुलाई 2022 को अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाया था।

# सेंसेक्स 676 अंक चढ़ा, निफ्टी भी 22 हजार पार

## एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में लिवाली, अमेरिका व एशिया के बाजारों में तेजी से मिला समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 676 अंक से अधिक के लाभ में रहा। वहीं एनएसई का निफ्टी भी 22,400 अंक के पार निकल गया। वहीं बुधवार को आई गिरावट के बाद बाजार गुरुवार फिर से संभल गया है और करीब एक प्रतिशत के लाभ में रहा। एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली तथा अमेरिका तथा एशिया के अन्य बाजारों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला।



● अमेरिका में मुद्रास्फीति अनुमान से कम रहने के मिल रहे संकेत

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 676.69 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,663.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 73,749.47 अंक तक गया और नीचे में 72,529.97 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 203.30 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,403.85 अंक पर बंद हुआ।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच घरेलू बाजार में तेजी दिखाई दी है। मजबूत वैश्विक रुख यह संकेत देता है कि अमेरिका में मुद्रास्फीति अनुमान से कम रह सकती है। इससे इस साल वहां नीतिगत दर में कम-से-कम दो बार कटौती की उम्मीद जान पड़ती है।

वहीं सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, टाइटन, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और कोटक महिंद्रा बैंक आदि प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक आदि के शेयर शामिल हैं।

### उतार- वढ़ाव के बीच बाजार एक प्रतिशत लाभ लेने में रहा सफल

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि कारोबार के दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव रहा लेकिन यह लगभग एक प्रतिशत लाभ लेने में कामयाब रहा। मझोली कंपनियों के शेयरों का सूचकांक (मिडकैप) 1.07 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों के शेयरों का सूचकांक (स्मॉलकैप) 0.85 प्रतिशत लाभ के साथ मजबूत हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग भी लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट बुधवार को भी बढ़त में था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.33 प्रतिशत घटकर 82.45 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,832.83 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

# एयर इंडिया सरकार की इकाई नहीं तो मौलिक अधिकार का उल्लंघन कैसा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फैसले में कहा कि जनवरी, 2022 में टाटा समूह के हाथों अधिग्रहीत होने के बाद एयर इंडिया संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत सरकार या इसकी इकाई नहीं रही है और इसके खिलाफ मौलिक अधिकार के उल्लंघन का कोई मामला नहीं बनता है। साथ ही शीर्ष अदालत ने बंबई हाईकोर्ट के 20 सितंबर, 2022 के फैसले के खिलाफ दायर अपील को रद कर दिया।

हाईकोर्ट में एयर इंडिया के कुछ कर्मचारियों की तरफ से वेतन बढ़ोतरी और पदोन्नति जैसे मसलों को उठाया गया था। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि हाईकोर्ट ने एयर इंडिया के निजीकरण को आधार बनाते हुए इन रिट याचिकाओं को सुनवाई के लायक न मानते हुए उनका निपटारा कर दिया था। पीठ ने कहा कि सरकार ने एयर इंडिया के विनिवेश के दौरान अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा समूह की इकाई टैलेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित कर दी थी लिहाजा अब इस निजी कंपनी पर उसका कोई प्रशासनिक या सघन व्यापक नियंत्रण नहीं है। एयर इंडिया का सरकार ने विनिवेश किया था जिसमें टाटा समूह के हाथ में इसकी कमान आ गई थी। अपने विनिवेश के बाद कंपनी का नियंत्रण निजी हाथों में चले जाने के बाद उसे अब एक सरकारी इकाई नहीं माना जा सकता है।



● सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर अपील को किया रद

● एयर इंडिया के कुछ कर्मचारियों ने वेतन बढ़ोतरी और पदोन्नति की उठाई थी मांग

### अल्पकालिक परिपक्वता पर एसबीआई ने एफडी दर बढ़ाई

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चुनिंदा अल्पकालिक परिपक्वता पर सावधि जमा दर में 75 आधार अंक तक की बढ़ोतरी की है। यह कदम अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी उठाए जाने की संभावना है। एसबीआई की वेबसाइट पर जारी किए गए संशोधित आंकड़े के अनुसार, 46-179 दिन की सावधि जमा (एफडी) के लिए दर 75 आधार अंक बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दी गई है, जो पहले 4.75 प्रतिशत थी। अन्य दो परिपक्वता अवधि 180-210 दिन और 211 दिन से लेकर एक वर्ष से कम में 25 आधार अंक की वृद्धि हुई है, जो क्रमशः छह प्रतिशत और 6.25 प्रतिशत है। दो करोड़ रुपये से कम जमा पर नई दरें 15 मई 2024 से प्रभावी हैं। इसमें कहा गया कि वरिष्ठ नागरिक मानदंडों के अनुसार संशोधित दरों पर अतिरिक्त 50 आधार अंक के पात्र होंगे। एसबीआई ने एक वर्ष से अधिक की अन्य परिपक्वता अवधियों पर ब्याज दरें अपरिवर्तित रखी हैं।

### निर्यात बढ़कर पहुंचेगा 500 अरब डॉलर: फियो

**नई दिल्ली।** निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो ने गुरुवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद देश का वस्तु निर्यात चालू वित्त वर्ष में 12 से 15% बढ़कर 500 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। फियो ने निर्यात को गति देने के लिए दीर्घकालीन कर्ज देने, ब्याज छूट बढ़ाने, निर्यात विकास कोष बनाने जैसे सुझाव दिये। वस्तु निर्यात 2023-24 में 437.1 अरब डॉलर रहा है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कहा कि देश का सेवा निर्यात 2024-25 में 390 से 400 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है।

# मेंथा पर फिर फिदा हुए किसान, बढ़ाई पैदावार

● सिंथेटिक मेंथा के उत्पादन व कम दाम से 2020 से घटा था प्रदेश का रकबा

● तीन साल में काफी हुई बढ़ोतरी, नए जिलों में बंद हो गई पैदावार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश-विदेश में मेंथा ऑयल की मांग बढ़ने से प्रदेश के किसान इसको पुनः गंभीर हुए हैं। निष्कर्ष यह कि वर्ष 2020 से घटे रकबा और उत्पादन में 2023 तक बढ़ोतरी हुई है। लाभ होता देखकर मेंथा बेल्ट के 37 जिलों के किसान मुख्य फसल उगाने लगे हैं। जबकि कन्नौज समेत कुछ जिलों में पैदावार बंद हो गई है। क्योंकि 2020 में सिंथेटिक मेंथा ऑयल ने बाजार में जगह बनाई थी। जो सस्ता होने से खूब बिका। इससे पैदावार और बिक्री प्रभावित हुई। इस वजह से बेल्ट टूटती गई, लेकिन दवाएं, खाद्य और पेय पदार्थ आदि में असली की जगह सिंथेटिक नहीं ले सका। इस वजह से प्राकृतिक मेंथा की मांग बढ़ने से रकबा और पैदावार में इजाफा होने लगा है।

### ठंडी होती तासीर, किया जाता निर्यात

मेंथा ऑयल की तासीर ठंडी होती है। इसका उपयोग खुशबू वाले उत्पाद में होता है। ज्यादातर औषधीय दवाएं बनती हैं। खाने की चीजें जैसे पान, टॉफी, च्युइंगम, चाकलेट, कैंडी, चाय और मिठाई आदि में डाली जाती है। किसी खाद्य सामग्री का स्वाद बनाने में ज्यादा प्रयोग होता है। कॉस्मेटिक सामान, परफ्यूम, टूथपेस्ट, माउथवाश, शैंपू, बॉडी लोशन, दर्द नाशक क्रीम. साबुन आदि में मेंथा ऑयल डाला जाता है। इसका प्रदेश से निर्यात अमेरिका, चीन और सिंगापुर जैसे देशों में होता है।

### सिंथेटिक हानिकारक, पहचान मुश्किल

कंपनियां सिंथेटिक मेंथा केमिकल से तैयार करती हैं। बिना परीक्षण इसकी पहचान मुश्किल है। इसके सेवन से बीमारियां होती हैं। दवाओं और खाद्य पदार्थों के परीक्षण पर सिंथेटिक की पहचान हुई तो प्रयोग नहीं हुआ। जबकि कॉस्मेटिक सामान बनाने वाली इकाइयां इसका प्रयोग कर रही हैं।

सिंथेटिक मेंथा से से किसानों को अच्छे दाम नहीं मिले थे और उतार चढ़ाव लगा रहा, लेकिन सिंथेटिक की मांग न होने से सुधार हुआ है। जल्द पहले से अधिक उत्पाद करेंगे।
–**विजय बहादुर द्विवेदी**, निदेशक खाद्य एवं प्रसंस्करण उप्र

### इस तरह घटा और बढ़ा प्रदेश में मेंथा का क्षेत्रफल और पैदावार

| वर्ष | क्षेत्रफल (हे.) | आयल (उत्पाद एमटी) |
|---|---|---|
| 2020 | 3,46,003 | 36,304.12 |
| 2021 | 3,46,299 | 35,007.04 |
| 2022 | 3,47,461 | 35,117.46 |
| 2023 | 3,48,682 | 35,154.10 |

### इन जिलों में हुई बढ़तोरी

| जिला | 2020 | 2023 |
|---|---|---|
| बदायूं | 4837.21 | 4920 |
| मुरादाबाद | 2281 | 2357 |
| रामपुर | 2366 | 2359 |
| संभल | 3591 | 3626 |
| लखनऊ | 910 | 938 |
| सीतापुर | 4656 | 4713 |
| बाराबंकी | 9935 | 9963 |
| बरेली | 74 | 76.21 |

(आंकड़े एमटी में)



### एक नजर

### भंडारे के भोजन से 90 लोग बीमार, अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक मंदिर के बाहर आयोजित भंडारे में खाना खाने से कई लोगों की तबीयत खराब हो गई और कम से कम 90 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। पुलिस के अनुसार घटना बुधवार शाम को नायगांव में हुई। शिव मंदिर के बाहर भंडारे का आयोजन किया गया था। भंडारे में श्रद्धालुओं को अम्बील और खीर का प्रसाद दिया गया। अम्बील खाने के बाद श्रद्धालुओं को चक्कर आने के साथ उल्टी होने लगी। शुरुआत में कुछ लोगों को अस्पताल ले जाया गया लेकिन देर शाम कुछ और लोगों ने खाद्य विषाक्तता की शिकायत की।

### सोनीपत में बॉयलर फटने से दो लोगों की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सोनीपत में बॉयलर फटने से दो लोगों की जान चली गई और 25 लोग घायल हो गये हैं। बृहस्पतिवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। सोनीपत के कुंडली शहर में बुधवार की रात यह घटना हुई। कुंडली नगर के थाना प्रभारी देवेन्दर सिंह ने फोन पर बताया, हमें घटना स्थल से दो शव मिले हैं। विस्फोट से 25 लोग घायल हो गये हैं। बॉयलर फटने के कारण हुए धमाके से निकटवर्ती इमारत को भी नुकसान पहुंचा है।

### कार में बंद होने के बाद दम घुटने से बच्ची की मौत

**कोटा (राजस्थान)।** राजस्थान के कोटा में कार में बंद हो जाने के कारण तीन वर्षीय बच्ची की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घटना बुधवार की है जब बच्ची के माता-पिता शादी समारोह मे गए थे। मृतक बच्ची की पहचान गोरविका नागर के रूप में हुई। खतौली थाने के प्रभारी बन्ना लाल ने बताया कि प्रदीप नागर अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ जोरावरपुरा गांव में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। जैसे ही परिवार कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा, मां और उसकी बड़ी बेटी कार से बाहर निकल आईं और प्रदीप वाहन पार्क करने चले गए। प्रदीप को लगा कि गोरविका अपनी मां के साथ है और उन्होंने कार को लॉक किया। बाद में बच्ची का पता नहीं चलने पर उसको ढूंढना शुरू किया। माता-पिता ने बच्ची को कार की पिछली सीट पर बेहोश पाया और उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 2.71 करोड़ डोडा पोस्त छिलका जब्त, दो गिरफ्तार

**चूरू।** राजस्थान में चूरू जिले की सेड़वा थाना पुलिस ने गुरुवार को नाकाबंदी के दौरान कंटेनर से दो करोड 71 लाख मूल्य का डोडा पोस्त छिलका जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। एसपी जय यादव ने बताया कि थाना प्रभारी अल्का बिश्नोई की टीम ने मामले में पलविंद्र सिंह निवासी पंजाब एवं मंगल पासवान निवासी यूपी को पकड़ा है।

# देश को नहीं चाहिए एक-एक साल वाला पीएम: शाह

## केंद्रीय गृह मंत्री ने बिहार के सीतामढी और मधुबनी में राजग उम्मीदवारों की रैलियों में इंडिया गठबंधन को घेरा

सीतामढी/मधुबनी, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि देश को एक मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए, न कि बारी-बारी, एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री। बिहार के सीतामढी और मधुबनी में राजग उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि इंडिया गठबंधन वालों का कुछ होना नहीं है। पर मान लीजिए, वे स्वप्न में भी जीत जाते हैं तो उनका प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार कौन होगा। ममता बनर्जी बन सकती हैं क्या, लालू बन सकते हैं क्या, स्टालिन बन सकते हैं क्या, शरद पवार बन सकते हैं क्या, जब गठबंधन वालों से पूछा गया कि आपका प्रधानमंत्री का प्रत्याशी कौन है तो उन्होंने कहा, बारी-बारी एक-एक साल बनेंगे। अरे यह परचून की दुकान है क्या कि पीढ़ी दर पीढ़ी चलेगी।



बिहार के मधुबनी में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक रैली के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का अभिनंदन किया गया।

उन्होंने कहा, देश को मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए जो उसे सभी खतरों से निकाल ले। कोरोना जैसी महामारी आ जाए तो नेतृत्व करे। देश को अगर संकट से कोई बचा सकता है तो वह मोदी हैं। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दीजिए, गो हत्या करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेंगे। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले पर शाह ने कहा, यह केंद्र सरकार का सही फैसला था। पीएफआई देश को इस्लामिक राज्य बनाना चाहता था। ये कांगेस वाले, ये फारूक अब्दुल्ला हमें डराते हैं कि पीओके मत मांगिए, पाकिस्तान के पास एटम बम है। अरे राहुल बाबा, आप डरिए पाकिस्तान से, एटम बम से, यह भारत किसी से नहीं डरता। मैं आज सीता माता की धरती पर कहकर जाता हूं, पीओके भारत का है, रहेगा और वह हम लेकर रहेंगे।

### मां सीता की जन्म भूमि पर स्मारक बनाने का काम बाकी

उन्होंने कहा, मोदी जी ने अयोध्या में रामलला का मंदिर बनाया। एक काम पूरा हुआ। अब मां सीता की जन्म भूमि पर महान स्मारक बनाने का काम बाकी है। रामलला के मंदिर से अपने आपको दूर रखने वाले वह नहीं बना सकते। सीता माता का भाव, उनके त्याग, समर्पण, तपस्या और आदर्श के अनुरूप स्मारक/मंदिर अगर कोई बना सकता है तो नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी ही बना सकती है। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाकर जाता हूं, न केवल भारत, न केवल बिहार, न केवल पूर्वांचल, मिथिलांचल, पूरी दुनिया का आकर्षण का केंद्र हमारा सीतामढ़ी बने, ऐसा भव्य मंदिर बनाने का काम हम करेंगे। शाह ने कहा, देश में 10 साल तक सोनिया-मनमोहन की सरकार चली जिसमें लालू यादव भी मंत्री थे। उन्होंने बिहार को मात्र दो लाख 80 हजार करोड़ रुपये दिए, जबकि मोदी जी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में बिहार को 11 लाख 33 हजार करोड़ रुपये देने का काम किया।

# सरकार बनी तो 30 लाख पदों पर भर्ती कर देंगे शुरू : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी



● कांगेस नेता ने एक एक वोट को बताया जरूरी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अन्याय को मिटाने के लिए एक एक वोट को जरूरी बताते हुए कहा है कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती शुरु कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में न्याय नहीं हो रहा है।

जल, जमीन और जंगल से आदिवासियों के हकों को छीना जा रहा है और सबके साथ अन्याय हो रहा है इसलिए न्याय के लिए हर एक वोट जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपने वोट की ताकत समझिए। आपका एक वोट, 15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों की भर्ती का काम शुरू करवाएगा। एक जुलाई से गरीब महिलाओं के खाते में 8,500 रुपए हर माह खटाखट पहुंचाएगा- आपका एक वोट। कांग्रेस को मिला आपका एक वोट युवाओं को 1 लाख रुपए वर्ष की पहली नौकरी दिलवाएगा, आपको अधिकार देने वाले संविधान की रक्षा करेगा, अपनी सरकार चुनने का अधिकार सुरक्षित कर लोकतंत्र बचाएगा और वंचितों के हक, भागीदारी तथा आरक्षण की रक्षा करने के साथ ही जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों का अधिकार कायम रखेगा। इन्डिया गठबंधन को मिला आपका हर वोट, मजबूत लोकतंत्र और सशक्त नागरिक बनाएगा।

# कोर्ट के संज्ञान के बाद आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती ईडी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 44 के तहत एक शिकायत पर अदालत के संज्ञान लेने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह सुनवाई के दौरान अपना फैसला सुनाया।

उच्चतम न्यायालय ने अपीलकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा और ईडी का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में कई निर्देश जारी किए।



● सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में जारी किए निर्देश

शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि अगर ईडी उसी अपराध की आगे की जांच करने के लिए अदालत की ओर से समन जारी होने के बाद कोर्ट में पेश हुए आरोपी की हिरासत चाहती है तो उसे (केंद्रीय जांच एजेंसी) को विशेष अदालत में आवेदन करके आरोपी की हिरासत मांगनी होगी। इसके बाद संक्षिप्त कारण दर्ज करने के बाद आवेदन पर आदेश पारित करना होगा।

### आरोपी को रिहाई के लिए जमानत की दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं

शीर्ष अदालत ने कहा कि आरोपी को अदालत की ओर से समन किया जाना चाहिए, लेकिन उसे अपनी रिहाई के लिए जमानत की दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने कहा, यदि आरोपी समन (अदालत के) के अनुसार विशेष अदालत के समक्ष पेश होता है तो यह नहीं माना जा सकता कि वह हिरासत में है। इसलिए आरोपी के लिए जमानत के वास्ते आवेदन करना जरूरी नहीं है।

# झारखंड के मंत्री आलमगीर छह दिन की रिमांड पर

रांची, एजेंसी

● धन शोधन में ईडी ने बुधवार को आलम को किया था गिरफ्तार

धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड की पाकुड़ सीट से विधायक और राज्य सरकार में संसदीय मामलों के मंत्री आलमगीर आलम को बृहस्पतिवार को छह दिनों के लिए केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने आलम के लिए 10 दिन की रिमांड मांगी थी। आलम को ईडी ने बुधवार को छह घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

आलम के वकील किशलय प्रसाद ने कहा कि मंत्री की छह दिन की रिमांड शुक्रवार से शुरू होगी। आज, वह न्यायिक हिरासत में हैं। आलम के खिलाफ कोई विशिष्ट आरोप नहीं हैं। सब कुछ अस्पष्ट है। उन्होंने (ईडी) न तो किसी ऐसे व्यक्ति के नाम का खुलासा किया, जिसने पैसे लिये हैं और न ही अपराध किसने किया, इसका जिक्र है। नकदी किसी जहांगीर के पास से बरामद हुई है और उसका आलमगीर आलम से कोई लेना-देना नहीं है। आलम के वकील ने ईडी की रिमांड याचिका का विरोध करते हुए अदालत में 70 वर्षीय मंत्री की स्वास्थ्य स्थिति का भी हवाला दिया।

# चुनाव के चार चरणों में 67% हुआ मतदान

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में कुल मतदान 66.95 प्रतिशत दर्ज किया गया। करीब 97 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से 45.1 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। आयोग ने बयान में मतदाताओं का आह्वान किया कि वे आने वाले चरणों में मतदान के लिए बड़ी संख्या में बाहर निकलें। आयोग के अनुसार, 13 मई को हुए चौथे चरण में अद्यतन मतदान 69.16 प्रतिशत था, जो 2019 के संसदीय चुनावों में इसी चरण की तुलना में 3.65 प्रतिशत अंक अधिक है। लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के मतदान के लिए अद्यतन मतदान का आंकड़ा 65.68 प्रतिशत रहा। 2019 के आम चुनाव के तीसरे चरण में 68.4 प्रतिशत मतदान हुआ था। गत, 26 अप्रैल को हुए चुनाव के दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि 2019 के दूसरे चरण में 69.64 प्रतिशत मतदान हुआ था। मौजूदा आम चुनाव के पहले चरण में 66.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 2019 के चुनाव में पहले चरण में 69.43 फीसदी मतदान हुआ था।

● आयोग ने मतदान करने का लोगों से किया आग्रह

### बीआरएस नेता कविता की याचिका पर रुख स्पष्ट करे सीबीआई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिका पर गुरुवार को सीबीआई से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने सीबीआई को नोटिस जारी किया और सुनवाई 24 मई के लिए तय कर दी। इसी दिन ईडी के धन शोधन के मामले में जमानत को लेकर कविता द्वारा दाखिल अन्य याचिका पर भी सुनवाई होनी है। कोर्ट ने नोटिस जारी किया और अधीनस्थ न्यायालय के आदेश के खिलाफ कविता की एक अन्य याचिका पर भी सीबीआई से जवाब मांगा।

# यूपी में धर्म परिवर्तन मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर शीर्ष रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

● प्राथमिकी में हिंदुओं को अवैध रूप से ईसाई धर्म में परिवर्तित कराने का आरोप

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश की सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज के कुलपति और अन्य के खिलाफ अवैध धर्मांतरण के आरोप में दर्ज पांच प्राथमिकियों पर निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी।

प्राथमिकी में हिंदुओं को अवैध रूप से ईसाई धर्म में परिवर्तित कराने का आरोप है। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत की कार्यवाही जारी रखने के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि मामले में सुनवाई अदालत में प्राथमिकी के संबंध में आगे की कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। पीठ ने कुलपति राजेंद्र बिहारी लाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे समेत कई वकीलों की इस दलील पर गौर किया कि निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी जाए क्योंकि सभी आरोपियों को इन मामलों में राज्य पुलिस द्वारा दाखिल नए आरोपपत्रों के मद्देनजर जारी किए गए समन के बाद पेश होना होगा। आरोपियों के वरिष्ठ वकील मुक्ता गुप्ता ने कहा कि कथित पीड़ितों में से किसी की भी गवाही राज्य पुलिस द्वारा दर्ज नहीं की गई, जिनके बारे में दावा किया गया था कि उन्हें बहकाकर ईसाई धर्म में परिवर्तित कराया गया था। पीठ ने दलीलें सुनीं और मामले की अगली सुनवाई दो अगस्त के लिए सूचीबद्ध की।

# कोर्ट ने यादव सिंह को सीबीआई की गिरफ्तारी से संरक्षण किया प्रदान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को नोएडा प्राधिकरण के पूर्व मुख्य अभियंता यादव सिंह को भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया। भ्रष्टाचार के इस मामले में यादव सिंह ने दिसंबर 2011 में कथित तौर पर 954 करोड़ रुपये के 1280 रखरखाव ठेकों का काम आठ दिन में कराया था।

● सीबीआई के आरोप पत्र दायर करने के बाद जारी हुआ जमानती वारंट

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने यादव सिंह की ओर से पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एनके कौल की इन दलीलों पर संज्ञान लिया कि मामले में आरोपी के खिलाफ सीबीआई द्वारा पूरक आरोपपत्र दायर किये जाने के बाद उनके खिलाफ एक जमानती वारंट जारी किया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि तीन साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी और अब उन्हें ताजा पूरक आरोपपत्र दाखिल होने के मद्देनजर नए सिरे से गिरफ्तारी की आशंका है।

**आज का मुकाबला**
मुंबई इंडियंस
बनाम
लखनऊ सुपरजाइंट्स
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 13 | 22 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

## जीत से विदा चाहेंगे मुंबई-लखनऊ

मुंबई, एजेंसी

आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम पर अपने आखिरी मैच में जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेने की कोशिश करेंगी। मुंबई इंडियंस काफी पहले ही प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है जबकि लखनऊ सुपर जाइंट्स अगर आखिरी मैच में भारी अंतर से जीत दर्ज करती है तो भी उसके अंतिम चार में पहुंचने की संभावना नगण्य हैं। तीन मैचों में लगातार हार से लखनऊ ने अंक भी गंवाये और रनरेट भी खराब हो गया।


सातवें स्थान पर काबिज लखनऊ का नेट रनरेट माइनस 0.787 है जबकि छठे स्थान की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का रनरेट 0.387 है। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम थी। नये कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ इस सत्र में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। अब तक 13 मैचों में बस चार जीत सकी मुंबई इंडियंस



शुक्रवार को जीत जाती है तो उसके दस अंक होंगे जिससे वह आखिरी स्थान पर रहने से बच सकती है। सत्र से पहले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तानी सौंपे जाने से मुंबई के प्रशंसकों में काफी आक्रोश था जिसका टीम के प्रदर्शन पर भी असर पड़ा। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने तीन अर्धशतक समेत 136.36 के स्ट्राइक रेट से 465 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट हालांकि चर्चा का विषय रहा। निकोलस पूरन ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम नाकाम रही।

## हस्सी को उम्मीद, दो साल और खेलेंगे धोनी

**बेंगलुरू।** चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हस्सी को उम्मीद है कि करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी अगले दो साल और टीम के साथ रहेंगे क्योंकि वह बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे हैं। आईपीएल 2024 की शुरूआत से एक दिन पहले रूतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपकर 42 वर्ष के धोनी ने सभी को हैरान कर दिया था।



हस्सी ने कहा हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह खेलते रहेंगे। वह इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह शिविर में जल्दी आकर काफी अभ्यास करते हैं और पूरे सत्र में फॉर्म में रहे हैं। उन्होंने कहा हम उनके कार्यभार को अच्छे से मैनेज कर पाये हैं। पिछले सत्र के बाद उनके घुटने का आपरेशन हुआ था। उम्मीद है कि वह दो साल और खेलेंगे।

## एक बार काम हो गया तो चला जाऊंगा फिर जल्दी नजर नहीं आऊंगा : कोहली

बेंगलुरू, एजेंसी

भारत के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली को पता है कि वह हमेशा खेलते नहीं रह सकते लेकिन विदा लेने से पहले वह अपना सबकुछ क्रिकेट कैरिअर को देना चाहते हैं और उनका कहना है कि एक बार जाने के बाद वह कुछ समय नजर भी नहीं आएंगे। कोहली आईपीएल में इस सत्र में अब तक का रिकॉर्ड आठवां शतक जड़ चुके हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिए 13 मैचों में 661 रन बनाए हैं।



आरसीबी द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो में 35 वर्ष के कोहली ने कहा कि मलाल के बिना जीने की ललक ही उनकी प्रेरणा है। मैं कोई भी काम अधूरा नहीं छोड़ना चाहता ताकि बाद में कोई पछतावा नहीं हो। एक बार काम पूरा हो जाए तो मैं चला जाऊंगा और फिर कुछ समय नजर नहीं आऊंगा। जब तक मैं खेल रहा हूं, अपना सब कुछ खेल को देना चाहता हूं। हर खिलाड़ी के कैरिअर का अंतिम समय आता है। मैं भी हमेशा खेलता नहीं रहूंगा लेकिन मैं इस सोच के साथ विदा नहीं लेना चाहता कि अगर मैने उस दिन ऐसा किया होता तो अच्छा होता।

# आईपीएल मैचों में अधिकतम बाउंड्री रखना बेहतर : कुंबले

## गेंदबाजों की बढ़ी हैं मुश्किलें, हर खिलाड़ी बनना चाहता है बल्लेबाज

नई दिल्ली, एजेंसी

महान स्पिनर अनिल कुंबले को डर है कि अगर क्रिकेट का खेल बल्लेबाजों के पक्ष में झुका रहा तो अगले कुछ वर्षों में काफी अधिक युवा गेंदबाजी करने के लिए तैयार नहीं होंगे। उन्होंने गेंद और बल्ले के बीच संतुलन बहाल करने के लिए आईपीएल स्थलों में जितनी अधिक लंबी संभव हो उतनी बाउंड्री रखने और गेंद में अधिक उभरी हुई सीम रखने वकालत की।

मौजूदा सत्र में छोटी बाउंड्री, सपाट पिचों और इंपेक्ट खिलाड़ी नियम के कारण बल्लेबाजी में मदद मिलने के कारण 250 रन से अधिक का स्कोर आठ बार बन चुका है। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर की तरह कुंबले को भी लगता है कि अधिकतम बाउंड्री रखना समय की मांग है। कुंबले ने कहा, यह वास्तव में गेंदबाजों के लिए कठिन रहा है, खासकर टूर्नामेंट के पहले भाग में। मैं निश्चित रूप से मानता हूं कि आपको हर स्थान पर अधिकतम बाउंड्री रखने की जरूरत है। कोशिश करें और स्थल पर सबसे बड़ी बाउंड्री बनाएं। मुझे पता है कि आप कुछ



सीटें खो देंगे लेकिन ऐसा होता है।

कुंबले ने कहा हमने देखा है कि गेंद एक ओवर के बाद या कभी-कभी उससे भी कम समय में स्विंग करना बंद कर देती है। आपको बल्ले और गेंद के बीच संतुलन की जरूरत होती है। आप सिर्फ दौड़कर नहीं आते रह सकते क्योंकि कुछ वर्षों बाद आपके पास गेंदबाजी से जुड़ने के लिए बहुत अधिक युवा खिलाड़ी नहीं होंगे। उन्होंने कहा हर कोई बल्लेबाज बनना चाहता है। आईपीएल के खेलने के हालात के अनुसार खेलने का मैदान स्क्वायर बाउंड्री से बाउंड्री तक न्यूनतम 150 गज (137.16 मीटर) होगा जबकि छोटी बाउंड्री कम से कम 65 गज (59.43 मीटर) की होगी।

### केएल राहुल ने इस बार बल्ले से खराब प्रदर्शन नहीं किया है : क्लूजनर

**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के सहायक कोच लांस क्लूजनर ने कहा कि टीम के कप्तान केएल राहुल भले ही थोड़ा हताश हों लेकिन बल्ले से उन्होंने बिलकुल भी खराब प्रदर्शन नहीं किया है क्योंकि विकेट गिरने के कारण उन्हें अपनी आक्रामकता पर लगाम रखने के लिए बाध्य होना पड़ा। राहुल अपने स्ट्राइक रेट की वजह से चर्चा में रहे हैं और वह 13 मैच में तीन अर्धशतक से 136.36 के स्ट्राइक रेट से इस सत्र में 465 रन बनाकर सातवें सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले खिलाड़ी हैं। लेकिन फिर भी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने की कगार पर है। शुक्रवार को सातवें स्थान पर चल रही लखनऊ की टीम मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी जो दोनों टीमों के लिए इस आईपीएल का अंतिम ग्रुप मैच होगा। क्लूजनर ने गुरुवार को यहां वानखेडे स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान मीडिया से कहा उसने टूर्नामेंट के दौरान कुछ बेहतरीन प्रदर्शन दिए हैं।



## बारिश ने धुला मैच, प्ले ऑफ में हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद ने गुरुवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ने के बाद प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित की। लगातार बारिश के कारण मैच में टॉस भी नहीं हो पाया। अंपायरों ने अंततः रात 10:10 बजे पर मैच रद्द करने का फैसला किया।

गुजरात टाइटंस का यह लगातार दूसरा मैच है जो बारिश की भेंट चढ़ा। मैच रद्द होने से सनराइजर्स और टाइटंस दोनों को एक-एक अंक मिला। सनराइजर्स के 13 मैच में 15 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। लीग तालिका की निचली सात टीमों में अब सिर्फ चेन्नई सुपरकिंग्स ही 15 या इससे अधिक अंक जुटा सकते हैं जिससे सनराइजर्स की प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित हो गई है। अब प्ले ऑफ के अंतिम स्थान के लिए चार टीमें- चेन्नई सुपरकिंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स दावेदार हैं।

अगर लखनऊ-मुंबई के खिलाफ जीत जाती है तो 14 अंक हो जाएंगे और उसकी उम्मीद जीवंत रहेगी। लेकिन अगर सुपरकिंग्स की टीम बेंगलुरू की टीम को हरा देती है या शनिवार को मैच रद्द हो जाता है तो चेन्नई की टीम प्ले ऑफ में जगह बना लेगी। आरसीबी की यदि सुपरकिंग्स को कम से कम 18 रन या 11 गेंद शेष रहते हरा देती है तो वे नेट रन रेट के आधार पर चौथा उपलब्ध स्थान हासिल कर लेंगे क्योंकि उनके दिल्ली, सुपरकिंग्स और सुपरजाइंट्स के समान 14 अंक होंगे लेकिन नेट रन रेट बेहतर होगा।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान (क्वा) | 13 | 8 | 5 | 16 | 0 | +0.273 |
| हैदराबाद (क्वा) | 13 | 7 | 5 | 15 | 1 | +0.406 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | -0.787 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | 0 | -0.271 |

**खेल डायरी**

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**बैंकॉक।** युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मेईराबा लुवांग मैसनाम और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। हमवतन एचएस प्रणय पर उलटफेर भरी जीत के एक दिन बाद 21 वर्षीय मेईराबा ने 50 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसन को 21-14, 22-20 से हरा दिया। मेईराबा को अगले दौर में विश्व चैंपियन और स्थानीय दावेदार कुनलावुत वितिदसार्न की कड़ी चुनौती का सामना करना



होगा। सात्विक और चिराग की दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने अपने दूसरे दौर के मुकाबले में 69वीं रैंकिंग वाले शेई साओ नान और झेंग वेई हान को 21-16, 21-11 से हराया। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय जोड़ी का सामना अगले दौर में जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की मलेशिया की जोड़ी से होगा।

### श्रीलंका की महिला टीम वेस्टइंडीज के साथ खेलेगी वनडे और टी-20

**कोलंबो।** श्रीलंका की महिला टीम वेस्टइंडीज के साथ 15 से 28 जून तक तीन एकदिवीसय और तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला की मेजबानी करेगी। 20 जुलाई से श्रीलंका में होने वाले टी-20 एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर इस श्रृंखला को महत्वपूर्ण माना जा रहा। मार्च और अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के उनके सफल दौरे के बाद इस वर्ष यह श्रीलंका की महिला टीम की दूसरी द्विपक्षीय टी-20 श्रृंखला होगी। श्रीलंका की टीम अगस्त में आयरलैंड का दौरे पर जाएगी। वेस्टइंडीज की महिला टीम ने हाल ही में पाकिस्तान का एक महीने का दौरा पूरा किया जहां उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 सीरीज में जीत दर्ज की। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 2017 में द्विपक्षीय श्रृंखला खेली गई थी।

### टी20 हरफनमौलाओं की रैंकिंग में हसरंगा के साथ शीर्ष पर शाकिब

**दुबई।** हार्दिक पंड्या टी20 हरफनमौलाओं की आईसीसी रैंकिंग में सातवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। पांड्या 185 अंकों के साथ सातवें स्थान पर हैं। हसरंगा और शाकिब के 228 अंक हैं। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी 218 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं जबकि जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के 210 अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन माक्ररम पांचवें स्थान पर और आस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस छठे स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव 861 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### ओलंपिक चयन ट्रायल में जीते अंजुम और स्वप्निल

**भोपाल।** ओलंपियन अंजुम मोदगिल और पेरिस ओलंपिक खेलों के कोटा विजेता स्वप्निल कुसाले ने गुरुवार को यहां चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल में क्रमश: महिला और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहली जीत दर्ज की। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में स्वप्निल ने 463 .7 अंक का स्कोर बनाकर अखिल श्योराण (461.6 अंक) की चुनौती पस्त की। स्थानीय निशानेबाज ऐश्वर्य तोमर 451.9 अंक के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के थ्री पोजिशन फाइनल में अंजुम ने 463 .9 अंक का



स्कोर बनाया और भारत की नंबर एक निशानेबाज सिफत कौर सामरा को 1.9 अंक से पछाड़ दिया। आशी चौकसे 447 .3 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के टी3 क्वालीफिकेशन में ओलंपियन मनु भाकर 577 के स्कोर से शीर्ष पर रही।

## हमें अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा : संजू सैमसन

गुवाहाटी, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि हमें अपनी योजनाओं पर कायम रहते हुए अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा।

उन्होंने पंजाब किंग्स के हाथों मिली हार के बाद कहा ईमानदारी से कहूं तो हम एक अच्छे विकेट की अपेक्षा कर रहे थे। यह 140 रन वाली यह पिच नहीं थी, लेकिन हमें 160-170 तो बनाने ही चाहिए थे। हम ऐसे विकेटों पर खेलने के आदी नहीं हैं। हमें यहां पर अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा। सैमसन ने कहा ईमानदारी से कहूं तो हमें स्वीकार करना होगा कि हमें असफलता मिली है। हमें अपनी योजनाओं पर कायम रहना होगा। जब आप लगातार चार मैच हारते हैं तो आपको देखना होगा कि कहां कमी हो रही है, टीम के लिए क्या अच्छा नहीं जा रहा है। किसी एक को आगे आकर कहना होगा।



## पेरिस खेलों की चयन पात्रता पर 21 मई को फैसला करेगा डब्ल्यूएफआई

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम चुनने के लिए 21 मई को चयन मानदंड तय करेगा। भारत ने ओलंपिक खेलों के लिए कुश्ती में छह कोटा स्थान हासिल किए हैं जिनमें से पांच महिला पहलवानों को मिले हैं। अमन सहरावत पुरुषों के फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करने वाले एकमात्र पुरुष पहलवान हैं। डब्ल्यूएफआई ने कहा था कि वह 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले पहलवानों का चयन करने के लिए एक अंतिम ट्रायल आयोजित करेगा। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने बताया डब्ल्यूएफआई ने चयन मानदंड तय करने के लिए 21 मई को दिल्ली में चयन समिति की बैठक बुलाई है। दोनों शैलियों के दो मुख्य कोच चर्चा का हिस्सा होंगे।

## पेरिस ओलंपिक : शरत, मनिका का ओलंपिक टीम में पदार्पण

नई दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी शरत कमल और दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा पेरिस खेलों में क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला टीम का नेतृत्व करेंगे जहां देश टीम स्पर्धाओं में ओलंपिक में पदार्पण करेगा।

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) की सीनियर चयन समिति ने गुरुवार को ओलंपिक मानदंडों के अनुसार छह सदस्यीय टीम (प्रत्येक वर्ग में तीन) का चयन किया। इसके अलावा एकल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले खिलाड़ियों का भी चयन किया गया। शरत, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर को तीन सदस्यीय पुरुष टीम में जगह



मिलेगी जबकि मनिका, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ महिला वर्ग में टीम के सदस्य होंगे। प्रत्येक वर्ग में वैकल्पिक खिलाड़ी जी साथियान और आयहिका मुखर्जी होंगे। पुरुष एकल में शरत और हरमीत प्रतिस्पर्धा करेंगे जबकि महिला एकल में मनिका और श्रीजा चुनौती पेश करेंगी। यह निर्णय नवीनतम विश्व रैंकिंग के आधार पर लिया गया है।

# सुनील छेत्री ने फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा करते हुए कहा कि छह जून को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत के खिलाफ होने वाला फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैच उनका आखिरी मुकाबला होगा। सुनील छेत्री ने सोशल मीडिया मंच पर भावनात्मक पोस्ट में कहा आप जानते हैं, पिछले 19 वर्षों में मुझे जो एहसास याद है, वह कर्तव्य, दबाव और अपार खुशी का एक बहुत अच्छा संयोजन है। मैंने व्यक्तिगत रूप से कभी नहीं सोचा था कि ये इतने सारे मुकाबले हैं जो मैंने देश के लिए खेले हैं। मैंने यही किया है, अच्छा या बुरा, लेकिन अब मैंने यह कर लिया। यह पिछले डेढ़, दो महीने मैंने किया। मैंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि शायद मैं इस निर्णय की ओर जा रहा था कि यह गेम (कुवैत के खिलाफ), यह अगला गेम मेरा आखिरी होगा। उन्होंने 19 वर्षों के अपने फुटबॉल करिअर देश के लिए 150 मुकाबलों में 94 गोल किए। छेत्री, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, अली डेई और लियोनेल मेसी - फुटबॉल के सभी दिग्गज नामों के बाद सर्वकालिक शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय गोल स्कोरर की सूची में चौथे स्थान पर हैं।

### खेल जगत ने कहा- सुनील छेत्री खेल के असली लीजेंड

नई दिल्ली। चैम्पियन फुटबॉलर सुनील छेत्री के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा के बाद खेल जगत के दिग्गजों ने उनकी उपलब्धियों की सराहना की जिसमें विराट कोहली, 2011 विश्व कप के नायक युवराज सिंह और स्टार फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया शामिल हैं। कोहली ने उन्हें अपना अच्छा मित्र बताते हुए लिखा, मेरे भाई, तुम पर फक्र है। युवराज ने उन्हें 'लीजेंड' करार करते हुए कहा कि 39 वर्ष के खिलाड़ी की 150 राष्ट्रीय मैच खेलने की लंबी विरासत लंबे समय तक बरकरार रहेगी। खेल का सही मायने में लीजेंड जिसने भारतीय फुटबॉल को वैश्विक मंच तक पहुंचाया। आपके जुनून ने एक पीढ़ी को इस खेल में आने के लिए प्रेरित किया है। भारतीय खेलों में आपकी विरासत हमेशा याद रहेगी। अब आप अपना विदाई मैच खेलने के लिए तैयार हो तो आप गर्व के साथ मुड़कर देख सकते हो। शुक्रिया लीजेंड। महान भारतीय स्ट्राइकर भूटिया ने कहा कि यह भारतीय फुटबॉल के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। इसमें कोई शक नहीं कि सुनील भारत के महानतम खिलाड़ियों में से एक है।



**बॉलीवुड हलचल**

## ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में विलेन का किरदार निभाएंगे ऋतिक

**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो ऋतिक रौशन फिल्म ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में विलेन का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। करण जौहर निर्मित और अयान मुखर्जी निर्देशित ब्रह्मास्त्र पार्ट वन शिवा ने बॉक्स ऑफिस पर काफी धमाल मचाया था। इस फिल्म रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन, मॉनी राय ने अहम भूमिका निभाई थी। बताया जा रहा है कि ब्रह्मास्त्र-2 में ऋतिक विलेन का किरदार निभाते नजर आएंगे। ऋतिक इस फिल्म की शूटिंग वॉर-2 के बाद करेंगे। ब्रह्मास्त्र-2 को 2026 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज किया जाएगा।



## कार्तिक की फिल्म चंदू चैंपियन का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन का नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। चंदू चैंपियन के नए पोस्टर में कार्तिक आर्यन हाथ में बॉक्सिंग ग्लव्स पहने बॉक्सर अवतार में नजर आ रहे हैं। चंदू चैंपियन का नया पोस्टर ब्लैक एंड व्हाइट है। आंख के पास चोट का निशान, मुंह में सेफ्टी गाड्र्स और हाथों में बॉक्सिंग गलव्स पहने कार्तिक नजर आ रहे हैं। चंदू चैंपियन के पोस्टर के साथ-साथ मेकर्स ने एक बार फिर कार्तिक आर्यन की फिल्म की सिनेमाघरों में आने की तारीख ऑफिशियली अनाउंस कर दी है। साजिद नाडियाडवाला निर्मित और कबीर खान निर्देशित फिल्म चंदू चैंपियन 14 जून 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

## फिल्म फेस्टिवल



दक्षिण फ्रांस में आयोजित 77वें अंतरराष्ट्रीय कान्स फिल्म महोत्सव में फोटोग्राफरों के लिए पोज देती अभिनेत्री अन्या टेलर-जॉय। • एजेंसी

## ओमान में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिजनों ने एयर इंडिया से मांगा मुआवजा


तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- दिल का दौरा पड़ने के कारण महिला नहीं जा पाई थी पति के पास
- एआई एक्सप्रेस के चालक दल की हड़ताल के कारण रद हुई थी उड़ानें

दिल का दौरा पड़ने के कारण हाल ही में ओमान में जान गंवाने वाले एक व्यक्ति के परिजनों ने बृहस्पतिवार को तिरुवनंतपुरम में एअर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एआईएसएटीएस) के कार्यालय के बाहर शव रखकर विरोध-प्रदर्शन किया। परिजनों ने एअर इंडिया एक्सप्रेस से मुआवजे की मांग की और दावा किया कि अगर विमानन कंपनी ने उड़ानें रद नहीं की होती तो उसकी पत्नी उसके साथ होती। मृतक के परिजनों ने कहा कि एअर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों की हड़ताल के कारण उड़ानें बार-बार रद होने से महिला अपने पति के पास नहीं जा सकी और देखभाल के लिए कोई नहीं होने के कारण खाड़ी देश में महिला के पति की मौत हो गई। मृतक के शव को सुबह केरल लाया गया।

शव के साथ रिश्तेदार सीधे एआईएसएटीएस कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया। यह कंपनी विमान का जमीन पर रखरखाव, यात्री सहायता और हवाई मालवहन जैसी सेवाएं देती हैं। टीवी चैनलों पर दिखाए गए दृश्यों के अनुसार, रिश्तेदारों ने शव को एआईएसएटीएस के कार्यालय की इमारत की सीढ़ियों के सामने रखा और आसपास चुपचाप खड़े हो गये। महिला के पिता ने आरोप लगाया कि एयरलाइन के खराब रवैये के कारण उन्होंने अपने दामाद को खो दिया।

## फट सकता है आपकी कार का टायर भूलकर भी आप न करें ये गलतियां



वाहन में टायर सबसे अहम भूमिका निभाता है। क्योंकि रोड पर जब आपकी कार चलती है तो वो सीधा टायर से कनेक्ट रहती है। कई बार लोग वाहन के टायर का खास ख्याल नहीं रख पाते हैं जिसके कारण बीच रास्ते में टायर फट जाता है। बीते दिनों ग्रेटर नोएडा से देवरिया जाते समय यमुना एक्सप्रेस वे पर दूल्हे की कार का टायर फट गया। हादसे में 5 की मृत्यु हो गई, जबकि 3 लोग घायल हुए। ऐसी न जाने प्रतिदिन कितनी घटनाएं सामने आती रहती हैं। इस खबर के माध्यम से आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप कैसे अपनी कार के टायर का ख्याल रखें कि आपको ऐसी दुर्घटना का सामना न करना पड़े।

### इसलिए फटते हैं टायर

- **तेज स्पीड :** घर्षण के चलते टायर गर्म हो जाते हैं। टायर के भीतर हवा फैलती है और प्रेशर ज्यादा होने से टायर फट जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक वे इतनी गर्मी सहन करने के लिए डिजाइन नहीं होते हैं।
- **खराब टायर :** खराब टायरों का घर्षण भी ज्यादा होता है और वे जल्दी गर्म होते हैं। लोगों को समझना चाहिए कि यदि टायरों की ट्रेडिंग की गहराई कम है तो वे ज्यादा स्पीड पर चलाने के लिए मुफीद भी नहीं हैं।
- **ज्यादा हवा :** टायर में क्षमता से ज्यादा हवा होने से सड़क पर टायर की कम सतह लगती है, जिससे कंट्रोल हाथ से निकल सकता है। ठीक से कंट्रोल न किया जा सकने वाला वाहन कभी भी हादसे का शिकार हो सकता है।

### यह ध्यान रखना जरूरी

- **टायर की उम्र :** सामान्यतया 40 हजार किलोमीटर के बाद टायर बदले जाने चाहिए। इतने चलने के बाद टायर गर्मी व बारिश में तेज स्पीड में चलाने लायक नहीं रहता।
- **टायर प्रेशर :** टायर कंपनियां वाहनों के आगे-पीछे के टायरों के लिए एक मानक प्रेशर तय करती हैं। लंबी दूरी की यात्रा करने से पहले टायर प्रेशर जांचना जरूरी है।
- **नाइट्रोजन भरें :** ऑटोमोबाइल एक्सपर्टस के मुताबिक सामान्य हवा के बजाय टायरों में नाइट्रोजन भरी जाए तो अच्छा है। यह हवा से हल्की होती है, जो लंबी दूरी की यात्राओं में टायर के घर्षण से गर्म होकर फैलती नहीं।
- **अलाइनमेंट :** गाड़ी का अलाइनमेंट ठीक नहीं होने से टायर पर ज्यादा इम्पैक्ट होता है जिससे वह फट जाता है। टैक्सी गाडियों का अलाइनमेंट चैकअप हर 3-4 महीने में होना चाहिए। लापरवाही मिलने पर गाड़ी मालिक के खिलाफ धारा-304 में केस हो सकता है।

## एक नजर

### कविता कृष्णमूर्ति लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**लंदन।** प्रसिद्ध गायिका कविता कृष्णमूर्ति को लंदन में वार्षिक यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ) में संगीत में उनके योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। मिस्टर इंडिया और हम दिल दे चुके सनम जैसी कई हिंदी फिल्मों के गीतों को अपनी आवाज दे चुकीं हैं। 66 वर्षीय कृष्णमूर्ति को चार दशक के करियर में उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। उन्होंने लगभग 45 भारतीय भाषाओं में 50,000 से अधिक गाने गाए हैं।

### श्रीलंका में दस पाकिस्तानी तस्करों को 10 साल की सजा

**कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किए गए दस पाकिस्तानी नागरिकों को 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई है। पुलिस ने बताया कि जब यह मामला 6 मई, 2024 को कोलंबो उच्च न्यायालय के समक्ष उठाया गया तो आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और बाद में उन्हें 10 साल जेल की सजा सुनाई गई।

### हवाई की सवाना को मिस यूएसए का ताज

**न्यूयॉर्क।** हवाई की सवाना गैंकीविक्ज को बुधवार को मिस यूएसए 2023 का ताज पहनाया गया। इस खिताब की पिछली विजेता नोएलिया वोइट ने करीब एक सप्ताह पहले, अपने मानसिक स्वास्थ्य का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था। होनोलूलू स्टार-एडवरटाइजर की खबर के अनुसार, महिला सशक्तीकरण गैर-लाभकारी संस्था का नेतृत्व करने वाली मॉडल गैंकीविक्ज़ के पास यह खिताब, कार्यकाल की शेष अवधि यानी अगस्त तक रहेगा।

### 17 विदेशियों को निर्वासित करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को भारत सरकार को निर्देश दिया कि असम के एक निरुद्ध केंद्र में बंद ऐसे 17 विदेशियों को निर्वासित किया जाए जिनके खिलाफ कोई अपराध पंजीकृत नहीं है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जमा की गई एक रिपोर्ट पर संज्ञान लिया जिसमें कहा गया है कि असम के निरुद्ध (डिटेंशन) केंद्र में 17 घोषित विदेशी हैं। पीठ ने कहा हमारी राय है कि भारत सरकार को इन 17 विदेशियों को निर्वासित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए क्योंकि उनके खिलाफ कोई अपराध पंजीकृत नहीं हैं।

# जिनपिंग-पुतिन बोले, हिंद व प्रशांत क्षेत्र में नाटो का रुख विनाशकारी

### पांचवें कार्यकाल के शपथ ग्रहण करने के बाद बीजिंग पहुंचे पुतिन, राष्ट्रपति जिनपिंग से मिले

बीजिंग, एजेंसी

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गुरुवार को बीजिंग में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नाटो के रुख को विनाशकारी करार दिया। साथ ही पूर्वोत्तर एशिया में शक्ति संतुलन को बदल कर अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की। अपने 5वें कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद पुतिन पहली विदेश यात्रा पर दो दिन की चीन की राजकीय यात्रा पर बीजिंग आये हैं।

चीनी राष्ट्रपति ने यहां अपने पुराने मित्र रूसी राष्ट्रपति का पारंपरिक ढंग से भव्य स्वागत किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया। पुतिन ने अपने बयान में चीनी राष्ट्रपति के साथ उनकी बातचीत को असाधारण, गहन और सार्थक करार दिया। उन्होंने कहा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हमारी आज की असाधारण गहन और सार्थक वार्ता को जारी रखते हुए द्विपक्षीय सहयोग के मौजूदा मुद्दों पर चर्चा करके बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि चीनी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद संयुक्त वक्तव्य में चीन रूस द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए दीर्घकालिक दिशा-निर्देश तय किये गये हैं।



बीजिंग में दलबल के साथ बैठक करते चीन व रूस के राष्ट्रपति।



पुतिन का स्वागत करते जिनपिंग।

- पूर्वोत्तर एशिया में अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की

शी ने रूस के राष्ट्रपति के रूप में पांचवी बार शपथ लेने के लिए पुतिन और रूस के लोगों को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि पुतिन के नेतृत्व में रूस विकास के पथ पर निश्चित रूप से और अधिक प्रगति करेगा। चीन के राष्ट्रपति ने चीन-रूस के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अवसर दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में एक पड़ाव है।

### वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाली कई घोषणाएं की

बातचीत के बाद दोनों देशों की ओर से एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया जिसमें वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाली कई अहम घोषणाएं की गई। रूस और चीन के नेताओं ने नाटो के रुख को खतरनाक बताते हुए विभिन्न देशों से टकराव वाली नीतियां अपनाने, दूसरों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बंद करने का आह्वान किया। वक्तव्य के अनुसार चीन ने संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित करने के रूस के प्रयासों का समर्थन तथा उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप का विरोध किया। कहा गया कि किसी भी राज्य को दूसरों की सुरक्षा की कीमत पर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करनी चाहिए। रूस, चीन ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के साथ राजनीति, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और मानवीय संबंधों में सहयोग की संभावनाओं को मजबूत करने का संकल्प जताया और सैन्य निर्माण के माध्यम से पूर्वोत्तर एशिया (विशेष रूप से उत्तर कोरिया के संदर्भ में) में शक्ति संतुलन बदलने के अमेरिकी आधिपत्य प्रयासों का विरोध व्यक्त किया।

## छत्तीसगढ़ में मृत तेंदुआ मिला, शरीर के कई अंग गायब

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में वन विभाग ने एक मृत तेंदुआ बरामद किया है। अधिकारियों ने बताया कि जब दल वहां पहुंचा तो देखा तेंदुआ का शव क्षत-विक्षत वहां पड़ा था।

इस वन्य प्राणी के शरीर में खाल के कुछ हिस्से, नाखून, दांत और पूछ नहीं थे। अधिकारियों के मुताबिक इस क्षेत्र में अक्सर तेंदुआ देखा जाता है। गर्मी के मौसम में वे भोजन और पानी की तलाश में यहां आते रहे हैं। आशंका है कि शिकारियों ने तेंदुआ को जहर देकर मार दिया तथा उसके अंगों को काटकर निकाल लिया। वन विभाग ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाइडेन प्रशासन में 16 लाख प्रवासी अमेरिका में घुसे

वाशिंगटन, एजेंसी

- देश की दक्षिणी सीमा के माध्यम से अधिकारियों से बचकर किया प्रवेश

अमेरिका में बाइडेन प्रशासन में देश की दक्षिणी सीमा के माध्यम से अवैध रूप से लगभग सोलह लाख प्रवासियों ने प्रवेश किया है। फॉक्स न्यूज ने अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) से प्राप्त आंकड़ों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक 2021 और 2023 के बीच सीबीपी ने दर्ज किया कि लगभग 16 लाख प्रवासी अवैध रूप से अमेरिकी दक्षिणी सीमा पार करने पर अधिकारियों से बचने में सक्षम रहे। पिछले वर्षों की तुलना में ओबामा और ट्रम्प प्रशासनों के तहत वित्तीय वर्ष 2010 और 2020 के बीच अवैध रूप से अमेरिका-मेक्सिको सीमा पार करने वाले प्रवासियों की संख्या चौदह लाख से अधिक थी। अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आने वाले अधिकांश शरण चाहने वाले प्रवासी अमेरिका में प्रवेश करने के तुरंत बाद खुद को अमेरिकी सीमा गश्ती एजेंटों के पास सौंप देते हैं।



## निज्जर हत्या मामले में अमनदीप कोर्ट में पेश

ओटावा, एजेंसी

- खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या से जुड़े मामले में तीन दिन पहले अमनदीप सिंह को किया था गिरफ्तार

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जुड़े मामले में गिरफ्तार भारतीय नागरिक अमनदीप सिंह को कनाडा की अदालत के समक्ष बुधवार को पेश किया गया। अदालत ने उसे 21 मई को दोबारा पेश करने का निर्देश दिया है। इस चर्चित मामले में अमनदीप सिंह, तीन अन्य लोगों के साथ सह आरोपी है। निज्जर की हत्या के मामले को लेकर भारत और कनाडा के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया है।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि अमनदीप सिंह (22) को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिये बुधवार को सरे की अदालत में पेश किया गया जिसके बाद न्यायधीश ने मामले की सुनवाई अगले सप्ताह के लिए टाल दी। निज्जर (45) की पिछले साल 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में स्थित गुरु नानक सिख गुरुद्वारा के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अमनदीप पर 11 मई को हत्या और हत्या करने की साजिश रचने का अभियोग लगाया गया।

### अदालत कक्ष के बाहर झंडे लेकर खड़े थे खालिस्तान समर्थक

अमनदीप सिंह पेशी से पहले अदालत कक्ष के बाहर करीब दो दर्जन लोग खालिस्तान के समर्थक झंडे लेकर खड़े थे। पुलिस के मुताबिक अमनदीप, करण बराड़, कमलप्रीत सिंह और करणप्रीत सिंह भारतीय नागरिक हैं। अमनदीप कनाडा के ब्रैम्पटन, एबॉट्सफ़ोर्ड और सरे में अपना समय बिताता था। कनाडियाई मीडिया के मुताबिक आरोपी उस हमलावर दस्ते के सदस्य थे जिनके बारे में माना जा रहा है कि भारत सरकार ने उन्हें निज्जर की हत्या करने का जिम्मा सौंपा था।

## स्लोवाकिया पीएम फिको के हमलावर ने अकेले ही घटना को दिया था अंजाम

बांस्का बिस्त्रिका (स्लोवाकिया), एजेंसी।

- स्लोवाकिया के गृह मंत्री माटुस सुताज ने दी यह जानकारी

स्लोवाकिया के गृह मंत्री माटुस सुताज एस्टोक ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर गोलीबारी करने वाले हमलावर ने अकेले ही इस घटना को अंजाम दिया। इस जानलेवा हमले ने इस छोटे से मध्य यूरोपीय देश को सकते में डाल दिया है। नेता हमले के लिए अत्यंत राजनीतिक ध्रुवीकरण को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

गृह मंत्री एस्टोक ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमले के लिए जिस व्यक्ति पर आरोप लगाया गया है उसका किसी भी राजनीतिक समूह से जुड़ाव नहीं रहा है। प्रधानमंत्री फिको पर बुधवार को एक सांस्कृतिक केंद्र के बाहर पांच गोलियां चलाई गईं जिस दौरान वह समर्थकों से मिल रहे थे। फिको का उपचार किया जा रहा है।

**शल्य चिकित्सा के बाद हालत स्थिर :**



**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हालत शल्य चिकित्सा के बाद स्थिर है। स्थानीय मीडिया ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया टीए3 के अनुसार बीबीसी ने स्लोवाकिया के पर्यावरण मंत्री टॉमस ताराबा के हवाले से कहा कि प्रधानमंत्री की जान को कोई खतरा नहीं है।

## नकली पुलिसकर्मियों ने कैफे मालिक से 25 लाख रुपये लूटे

**मुंबई।** अपराध शाखा से जुड़े होने का दावा करने वाले छह लोग मुंबई के सायन इलाके में एक कैफे मालिक के घर में घुस गए और कथित तौर पर 25 लाख रुपये ले गए।

पुलिस ने इनमें से चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। शहर के माटुंगा इलाके में एक मशहूर कैफे संचालक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार को छह लोग सायन अस्पताल के पास स्थित उनके घर आए और कहा कि वे मुंबई अपराध शाखा से हैं। उन लोगों ने दावा किया कि वे चुनाव ड्यूटी पर हैं और उन्हें जानकारी मिली है कि घर में धन रखा है जिसका इस्तेमाल लोकसभा चुनाव में किया जाएगा।

## इजराइल ने गलती से अपने ही 5 सैनिकों को उतारा मौत के घाट, सात घायल

यरूशलम, एजेंसी

उत्तरी गाजा पट्टी के जबालिया रिफ्यूजी कैंप में गलती से इजराइली टैंक की गोलाबारी में पांच इजराइली सैनिकों की मौत हो गई, जबकि सात सैनिक बुरी तरह से घायल हो गए। इनमें से तीन की हालत नाजुक है। यह जानकारी गुरुवार को इसराइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने दी।

आईडीएफ ने बताया कि इजरायली सैनिकों ने गाजा शहर में प्रवेश किया और शरणार्थी शिविर पर फिर से हमले शुरू किये गये और इमारतों पर कब्जा कर लिया। इमारतों से कई मीटर की दूरी पर तैनात दो आईडीएफ टैंकों ने स्पष्ट रूप से एक इमारत की खिड़की में एक बंदूक देखी और लक्ष्य तय कर दो गोले दागे। सेना ने बताया कि वह इस बात की जांच कर रही है कि सैनिकों को पहचानने में गलती कैसे हुई। उन्हें फिलिस्तीनी आतंकवादियों के रूप में क्यों पहचाना गया। आईडीएफ के अनुसार, हमास के 7 अक्टूबर के हमले और बाद में गाजा पर इजरायल के हमलों में कुल 626 सैनिक मारे गये हैं।



## इजराइल की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ सुनवाई शुरू

**हेग।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने गाजा के दक्षिणी शहर रफह में इजराइल के सैन्य अभियान को रोकने के लिए दक्षिण अफ्रीका के अनुरोध पर बृहस्पतिवार को सुनवाई शुरू की। यह सुनवाई दो दिन तक होगी।

यह चौथी बार है जब दक्षिण अफ्रीका ने आईसीजे से आपातकालीन उपायों का अनुरोध किया है। दक्षिण अफ्रीका ने यह आरोप लगाते हुए न्यायालय का रुख किया है कि गाजा में हमास के साथ युद्ध में इजराइल की सैन्य कार्रवाई नरसंहार के समान है। पिछले आदेश गाजा के लोगों के लिए एकमात्र शरणस्थल पर बर्बर सैन्य हमले को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं थे।

## चीन कर रहा है एआई का दुरुपयोग : अमेरिका

जिनेवा, एजेंसी

- जिनेवा में प्रौद्योगिकी को लेकर हुई बैठक में अमेरिका के अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की

जिनेवा में प्रौद्योगिकी को लेकर हुई बैठक के एक दिन बाद अमेरिका के अधिकारियों ने चीन द्वारा एआई के दुरुपयोग को लेकर चिंता व्यक्त की, तो वहीं बीजिंग के प्रतिनिधियों ने प्रतिबंधों और दबाव को लेकर अमेरिका की आलोचना की। उच्च-स्तरीय दूतों के बीच बंद कमरे में हुई बातचीत में एआई के जोखिमों और इसे प्रबंधित करने के तरीकों को शामिल किया गया था।

तेजी से आगे बढ़ने वाली प्रौद्योगिकी पर चीन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ गया है। यह द्विपक्षीय संबंधों में टकराव का एक और मुद्दा बन गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने एक बयान में कहा चीन और अमेरिका ने एक दिन पहले स्पष्ट और रचनात्मक चर्चा में एआई सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन के लिए अपने-अपने दृष्टिकोण का आदान-प्रदान किया। बीजिंग ने कहा कि दोनों पक्षों ने गहनता के साथ पेशेवर और रचनात्मक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया। एआई पर इस तरह की पहली अमेरिका-चीन वार्ता सैन फ्रांसिस्को में राष्ट्रपति जो बाइडन और शी चिनफिंग के बीच नवंबर में हुई बैठक का परिणाम थी। वॉट्सन ने चीन का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका ने एआई के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की है। उसके मुताबिक दुरुपयोग करने वालों में चीन भी शामिल है।

## फीस बढ़ोतरी मामले में निजी स्कूलों पर लगा दो-दो लाख का जुर्माना

**हरदा।** मध्यप्रदेश के हरदा जिले में कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले के चार निजी स्कूलों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किये बिना फीस वृद्धि करने पर उनके विरूद्ध दो-दो लाख का अर्थदंड लगाने के आदेश जारी किए हैं।

अधिकारिक जानकारी के अनुसार सहायक संचालक शिक्षा बलवंत पटेल ने बताया कि हरदा के जिन स्कूलों पर अर्थदंड लगाया गया है, उनमें संेट मेरी को-एड हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा, सनरेज हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा, होलीफेथ बाल रेडक्रॉस हायर सेकण्ड्री विद्यालय हरदा तथा द फाउण्डेशन ऑफ एजुकेशन हायर सेकण्ड्री विद्यालय हरदा शामिल है। कलेक्टर के निर्देश पर प्राइवेट स्कूलों की विस्तृत जांच की गई, जिसमें गत वर्ष की तुलना में इस बार फीस में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई।

**कहर** भयावह रहा है कैनेडियन आग का अतीत, 88000 लोगों को छोड़ना पड़ा था घर

## कैनेडियन जंगलों की आग से अमेरिकी देश धुंए की चपेट में

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जंगलों मे आग के कहर से न केवल भारत के कई हिस्से झुलस रहे हैं, बल्कि कैनेडियन जंगलों में लगी भीषण आग ने अमेरिका के कई देशों को धुंआ धुंआ कर दिया है। जिस कारण संयुक्त राज्य अमेरिका के महानगरों की आबो हवा बेहद खराब हो चली है। प्राकृतिक संसाधन कनाडा ने रिपोर्ट जारी कर कैनेडियन जंगलों में लगी आग से आगाह किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कैनेडियन ज़ॉम्बी की आग फिर तेजी भड़कने लगी है, जो आने वाले दिनों में रौद्र रूप धारण ले सकती है। सैटेलाइट के जरिए जंगलों में आग का मानचित्र तैयार किया गया है और समय रहते काबू पाने की चेतावनी दी है। दरअसल कैनेडियन आग का अतीत हमेशा भयावह रहा है। 2023 में कनाडा के जंगल की आग ने कई रिकॉर्ड तोड़े थे। जिसमें 6551 स्थानों में लगी आग से लगभग 46 मिलियन एकड़ जमीन क्षेत्र के जंगल जलकर खाक हो गए थे। यह भीषण आग बरसात व सर्दियों में थमी हुई तो नजर आई, लेकिन जमीन के अंदर धधकती रहीं और वसंत आते ही फिर से धधकने लगी।

आग का धुआं संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिण हिस्से में फैलना शुरू हो गया है। इस आग को ज़ोंबी नाम से पुकारा जाता है, जो सूखे की स्थिति, गर्म तापमान और तेज़ हवाओं के कारको को जन्म दे रही है। यह आग आने वाले दिनों में तेज भड़कने लगेगी। जिसकी चेतावनी जारी कर रिहायसी क्षेत्रों की सुरक्षा को लेकर उपाय तलाशने को कहा गया है। प्रभावित क्षेत्रों की आशंका को लेकर लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है। जंगलों की तुलना भारत से करें तो आग से बचाव की सुरक्षा को लेकर भारत में कमसेकम पलायन की नौबत शायद ही कभी रही हो। मगर जंगलों की आग से बचाव के पुख्ता उपाय पूरी दुनिया मे आज तक नही ढूंढे जा सके हैं, जो साबित करता है कि कुदरत के आगे आज भी इंसान बौना है।



कैनेडा के जंगलों में लगी भीषण आग का दृश्य। • एजेंसी

### 2016 में लगी थी भयानक आग

कैनेडियन के जंगलों में सबसे बड़ी आग मई 2016 में लगी थी, जो इतिहास में फोर्ट मैकमरे ने प्रांत के क्षेत्र में सबसे बड़ी आग मानी जाती है। उस आग के दौरान, 88,000 लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। इस आग ने 2400 घरों और इमारतों को नष्ट कर दिया था। बड़ा तथ्य है यह भी है कि जंगलों की आग के धुएं से समीपवर्ती बड़े क्षेत्रों का वातावरण बुरी तरह प्रभावित होता है। जिसका बुरा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है।